@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 1 नवंम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 362 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## बिहार को लालू यादव ने अपराध का अड्डा बनाया था : अमित शाह

**एजेंसी**
**लखीसराय ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को लगातार दूसरे दिन बिहार में चुनावी प्रचार मैदान में उतरे। उन्होंने लखीसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद शासनकाल को जंगलराज बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस बिहार को लालू यादव ने अपराध का अड्डा बनाया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसे जंगलराज से बाहर निकालकर विकास का पर्याय बना रहे हैं। उन्होंने लखीसराय में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 के पहले पूरा बिहार जंगलराज की चपेट में था। तब अपहरण होता था और खून बहाया जाता था। इस चुनाव में आपका एक-एक वोट नक्सलवाद, आतंकवाद और जंगलराज समाप्त करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित बिहार बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा, ÷छह नवंबर को मतदान है। आप सभी को कमल और तीर के



निशान पर बटन दबाना है। लेकिन आप ऐसा सोचकर बटन मत दबाना कि आपके वोट से कोई विधायक या मंत्री बनेगा, बल्कि आप ये सोचकर वोट दीजिएगा कि आपका एक-एक वोट सीएम नीतीश और पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाने के लिए है। आपका एक-एक वोट जंगलराज को रोकने के लिए है।' उन्होंने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण बाबू की चर्चा करते हुए कहा कि कृष्ण बाबू ने ही 14 साल तक बिहार के विकास की नींव रखने का काम किया और श्रीकृष्ण बाबू के समय में ही बिहार भारत के प्रमुख राज्यों में से एक राज्य बना, जिसे आगे चलकर लालू-राबड़ी ने जंगलराज से बर्बाद कर दिया।

उन्होंने लखीसराय के सिंदूर और गुलाल की चर्चा करते हुए कहा कि लखीसराय का जो सिंदूर है, वो सिर्फ सिंदूर नहीं है, हमारी माताओं-बहनों के सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में मारे गए यात्रियों की मौत का बदला लेने के लिए जो ऑपरेशन चलाया, उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम देकर हमारी माताओं-बहनों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुधवार के एक बयान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करते-करते छठी मईया का अपमान कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता छठी मईया के अपमान का बदला जरूर लेगी। उन्होंने इस दौरान केंद्र सरकार और बिहार सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं और सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर बनाने की भी चर्चा की।

## राहुल पर तेजप्रताप का तंज- जो विदेश भाग जाए, उन्हें छठ पूजा का ज्ञान कैसे होगा

**एजेंसी**
**पटना ।** जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) प्रमुख तेज प्रताप यादव ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के पीएम मोदी और छठ पूजा को लेकर दिए बयान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विदेश भाग जाता है, उसे छठ पूजा का ज्ञान कैसे होगा। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेज प्रताप ने कहा कि राहुल गांधी को छठ के बारे में क्या पता है? क्या राहुल गांधी ने कभी ये पर्व मनाया है, जो उन्हें इसके बारे में कुछ पता है? जो आदमी विदेश भाग जाता है, उसे छठ पर्व के बारे में क्या जानकारी होगी? बता दें कि तेजप्रताप ही नहीं, बल्कि एनडीए नेताओं ने भी राहुल गांधी के छठ पूजा और पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर आपत्ति जताई है। कई नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे गंभीर नेता नहीं हैं। मुकेश सहनी के बयान पर कि वे तेजप्रताप यादव को नहीं जानते, इस पर उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी कौन हैं? जब पत्रकारों ने बताया कि सहनी महागठबंधन की ओर से डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार हैं, तो उन्होंने कहा कि हम मुकेश सहनी को नहीं जानते हैं। बिहार में किसकी लहर चल रही है, जब उनसे पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि बिहार में जनशक्ति जनता दल की लहर चल रही है।



## 'सभ्य समाज में अमर्यादित भाषा अस्वीकार्य'
### राहुल के बयान पर रिजिजू ने किया पलटवार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छठ पूजा को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा सभ्य समाज में गंदी भाषा कभी स्वीकार नहीं की जा सकती है। बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री के बारे में ऐसी टिप्पणी की है, जिससे कांग्रेस के सदस्य भी शर्मिंदा हैं।

उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों से उनकी अपनी पार्टी को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस के अच्छे लोग भी शर्मिंदा हैं, क्योंकि किसी भी जिम्मेदार नेता को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता इस तरह की बातें करते हैं कि देश की जनता उन्हें दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा विहीन पार्टी और ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले नेताओं को सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत की जनता इस तरह के व्यवहार को कभी स्वीकार



नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी से परेशान हो चुकी है। कांग्रेस में कुछ अच्छे लोग भी हैं, जो यह जानते हैं कि राहुल गांधी जब भी मुंह खोलते हैं, कांग्रेस पार्टी को नुकसान कराते हैं। देश तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन राहुल गांधी अपने बयानों से कांग्रेस को धूमिल करने का लगातार काम कर रहे हैं।

## प्राथमिक रिपोर्ट में एयर इंडिया के ऑपरेशन में नहीं मिला कोई फॉल्ट
### एआई-171 क्रैश पर बोले सीईओ कैंपबेल विल्सन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया के प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबल विल्सन ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्राथमिक रिपोर्ट में एआई-171 क्रैश में एयरलाइन के परिचालन करने के तरीके में कोई खराबी नहीं मिली है। एविएशन इंडिया 2025 समिट में बोलते हुए विल्सन ने कहा कि जुलाई की रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि एयर इंडिया की प्रक्रियाओं या विमान रखरखाव में कुछ भी गलत नहीं था, जिसके लिए किसी भी बदलाव की आवश्यकता थी। उन्होंने आगे कहा, 'अंतरिम रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि



विमान के इंजनों या कार्यप्रणाली में कोई ऐसी गड़बड़ी नहीं थी जिसे बदलने की जरूरत हो। लेकिन, हम हमेशा इस पर फोकस करते हैं कि हम कैसे और सुधार करते रहें, बेहतर होते रहें और सीखते रहें। एयर इंडिया का विमान एआई-171, 12 जून को क्रैश हो गया था। अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक कॉलेज की इमारत से टकरा गया, जिससे उसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई और केवल एक ही जीवित बचा। विल्सन ने पैनल चर्चा के दौरान कहा, उस दुखद दिन के बाद से भारत में यह हमारी पहली सार्वजनिक बातचीत है। उन्होंने आगे कहा, यह घटना में शामिल लोगों, उनके परिवारों, कंपनी और हमारे कर्मचारियों के लिए बेहद विनाशकारी थी। एएआईबी की 12 जुलाई को जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

## लखनऊ में जहाज के आकार में बनेगा 'नौसेना शौर्य संग्रहालय'

- भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगी यह परियोजना : मुख्यमंत्री-भारत की समुद्री आत्मा और सभ्यता की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाएगा यह संग्रहालयः मुख्यमंत्री

**एजेंसी**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उन्होंने इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन



तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति संबंधी बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के आकार के रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिज़ाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि अनुभव का केंद्र बनाया जाए, जहाँ दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो, ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानाकरी उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली-'आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक' और दूसरी-'नौसेना शौर्य वाटिका'। बताया गया कि 'आईएनएस गोमती (स्न-21)' गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और 'ऑपरेशन कैक्टस', 'ऑपरेशन पराक्रम' जैसे अभियानों में भाग लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें। मुख्यमंत्री ने 'नौसेना शौर्य वाटिका' को परियोजना का विशेष आकर्षण बताते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने के निर्देश दिए।

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी शिक्षकों को किया बर्खास्त

- आतंकवादियों से संबंध रखने का आरोप

**एजेंसी**
**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादियों से संबंध के आरोप में दो सरकारी शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की पहचान गुलाम हुसैन और माजिद इकबाल डार के रूप में हुई है। हुसैन रियासी जिले की माहौर तहसील के कलवा मुलास का निवासी है जबकि डार राजौरी जिले के खेओरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 का निवासी है। अलग-अलग बर्खास्तगी आदेशों में कहा गया है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने और उपलब्ध जानकारी के आधार पर उपराज्यपाल इस बात से संतुष्ट हैं कि दोनों कर्मचारियों की गतिविधियां ऐसी हैं कि उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाना उचित है। आदेशों में कहा गया है कि उपराज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के उप-खंड (सी) के तहत इस बात से संतुष्ट हैं कि राज्य की सुरक्षा के हित में इन मामलों में जांच कराना उचित नहीं है।



## केंद्रीय मंत्री बघेल ने चलाया स्वच्छता और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

**बघेल ने एक्यूसीएस परिसर का निरीक्षण किया**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने गुरुवार को नई दिल्ली के एनिमल क्वारंटाइन एंड सर्टिफिकेशन सर्विसेज़ (एक्यूसीएस) में स्वच्छता अभियान और 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण कर की। साथ ही उन्होंने पुराने रिकॉर्ड और फाइलों की समीक्षा कर अनुपयोगी सामग्री का निपटान कराया। पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) की ओर से आयोजित विशेष अभियान 5.0 के तहत बघेल ने एक्यूसीएस परिसर का निरीक्षण किया और वहां की स्वच्छता व सुव्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक्यूसीएस भारत का अहम केंद्र है, जो देश में आने वाले पशुओं की वैज्ञानिक जांच और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार, विशेष अभियान 5.0 के तहत विभाग ने लंबित मामलों के निपटान, फाइल समीक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री की बिक्री से कुल पांच लाख 54 हजार रुपये की आय हुई है। मंत्रालय के अनुसार, सांसदों से मिले 15 संदर्भों



में से 11 का निपटान किया गया। संसदीय आश्वासनों में 5 में से 3 पूरे हुए। राज्य सरकार से मिले सभी 8 संदर्भों पर कार्रवाई की गई और 214 सार्वजनिक शिकायतों का पूरी तरह समाधान किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिले तीनों निर्देशों या मामलों पर विभाग ने पूरी कार्रवाई कर ली है।

## साइप्रस-भारत विदेश मंत्री वार्ता, संयुक्त कार्य योजना की समीक्षा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने गुरुवार को साइप्रस के अपने समकक्ष डॉ. कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ यहां वार्ता की और दोनों देशों की संयुक्त कार्ययोजना 2025-29 की समीक्षा की। इसी साल जून में प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा के दौरान इस कार्ययोजना पर सहमति बनी थी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चाओं में वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, हमारे संबंधित क्षेत्रों में विकास और बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी चर्चा हुई। साल 2026 में साइप्रस के यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने के साथ हमें विश्वास है कि भारत-यूरोपीय संघ के संबंध और भी मज़बूत होंगे। इससे पहले विदेश मंत्री ने हैदराबाद हाउस में हुई वार्ता के दौरान अपने शुरुआती वक्तव्य में भारत के



महत्वपूर्ण हितों के मुद्दों पर साइप्रस के निरंतर समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई में साइप्रस ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। वहीं, विदेश मंत्री ने भारत की ओर से प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों के अनुसार साइप्रस की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता तथा राजनीतिक समानता के साथ द्वि-क्षेत्रीय, द्वि-सांप्रदायिक संघ के लिए अपने अटूट समर्थन को दोहराया।

## नालंदा में बोले राहुल गांधी, सीएम नीतीश का रिमोट कंट्रोल पीएम मोदी के पास है

**एजेंसी**
**बिहारशरीफ ।** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उतरे। यहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल पीएम नरेंद्र मोदी के पास है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज बिहार की सरकार पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और नागपुर से चल रही है। उन्होंने बिहार के लोगों को मेहनती बताते हुए कहा कि यहां के लोग सभी प्रदेशों में दिखाई देते हैं। बिहार के लोगों ने दुबई, बेंगलुरु, मुंबई जैसे कई शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर को अपने खून-पसीने से बनाया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर बिहार में क्या कमी है कि बिहार के लोगों की यही ऊर्जा और



क्षमता बिहार को बनाने में नहीं लग पा रही है? उन्होंने बिहार में पेपर लीक को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि यहां के युवा सपना देखते हैं और उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी करते हैं, लेकिन परीक्षा के पहले ही पेपर लीक हो जाता है। कुछ खास लोगों को परीक्षा के पहले पेपर मिल जाते हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के विकास के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार कहते हैं कि उन्होंने बिहार को बदल दिया है, लेकिन सच्चाई ये है कि बिहार में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। दिल्ली के एम्स में बिहार के लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है, जो यहां के अलग-अलग जिलों से वहां इलाज करवाने जाते हैं। उन लोगों का कहना होता है कि कोई बिहार के अस्पताल में इलाज करवाने जाता है, तो वह वापस नहीं आता है। यह बिहार का असली चेहरा है। उन्होंने दिल्ली में यमुना के प्रदूषित होने की चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ मां यमुना बह रही हैं।

## हमारे पास ब्लू इकोनॉमी ग्रोथ के लिए एक एंबिशियस विजन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**मोदी ने निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करने के बाद गुरुवार को निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि भारत निवेश के लिए एक सही स्थान है। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, ÷हमारे पास वर्ल्ड-क्लास पोर्ट्स, एक लंबी कोस्टलाइन, स्ट्रेटेजिक ग्लोबल ट्रेड रूट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इनोवेशन और इरादा है। हमारे युवाओं की वजह से हमारा इकोसिस्टम इनोवेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। आइए, हमारे साथ जुड़िए!' पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास ब्लू इकोनॉमी ग्रोथ के लिए एक एंबिशियस विजन है। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग सर्विस प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर एक पोस्ट में इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने बताया कि वे कई बड़े सीईओ से मिले और



इस सेक्टर के बड़े स्टेकहोल्डर्स से बात की। देश के मैरीटाइम सेक्टर को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर, सुधारों और लोगों की भागीदारी के साथ इस सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन बदलावों के साथ मैरीटाइम सेक्टर मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्लोबल ट्रस्ट और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया है। पीएम मोदी ने अपने लिंक्डइन पोस्ट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का मंत्र देते हुए कहा कि बिल्स ऑफ लैडिंग बिल से लेकर इंडियन पोर्ट्स बिल (2025) तक पांच महत्वपूर्ण बिलों ने मैरीटाइम गवर्नेंस को मॉडर्न बनाया है, व्यापार को आसान बनाया है, राज्यों को मजबूत किया है और भारत को ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के साथ जोड़ा है। उन्होंने बताया कि इस ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से समुद्री सेक्टर के लिए 70,000 करोड़ रुपए का एक अम्ब्रेला पैकेज मंजूर किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि शिपबिल्डिंग असिस्टेंस स्कीम, मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड और शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम से 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का इन्वेस्टमेंट आएगा और 2,500 से अधिक जहाज बनाने में मदद मिलेगी।

## बिहार के मुजफ्फरपुर कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल

**पटना।** बिहार में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छठ महापर्व पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुजफ्फरपुर की एक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया है। यह परिवाद अधिवक्ता सुधीर ओझा ने दाखिल कर उनके खिलाफ केस चलाने और गिरफ्तार करने की मांग की है। अधिवक्ता ओझा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने मझौलिया हाट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि चुनाव जीतने के लिए पीएम मोदी कुछ भी कर सकते हैं।

चुनाव के बाद वह नजर नहीं आएंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि छठ पर्व पर प्रधानमंत्री मोदी ड्रामा कर रहे हैं। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के इस बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावना को ठेस पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान को ठेस पहुंचाने और देश को अपमानित करने के उद्देश्य से ही कांग्रेस नेता ने इस तरह का बयान दिया है। शिकायतकर्ता ने कोर्ट से राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 223 के तहत केस चलाने और गिरफ्तार करने की मांग की है।

# तेलंगाना कैबिनेट में पहले मुसलमान मंत्री बने कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन

## राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना कैबिनेट में मंत्री के तौर पर शपथ ली। उन्हें राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अजहरुद्दीन ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली और आखिर में जय तेलंगाना और जय हिंद के नारे लगाए। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, अन्य मंत्री, स्पीकर, विधान परिषद के चेयरमैन, टीपीसीसी अध्यक्ष और उनके बेटे मोहम्मद असदुद्दीन (हाल ही में टीपीसीसी महासचिव नियुक्त) मौजूद थे। राज्य कैबिनेट ने अगस्त में अजहरुद्दीन को राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद सदस्य के तौर पर नॉमिनेट करने का फैसला किया था। उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिलने की संभावना है। वह फिलहाल तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष और इसकी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य हैं। 62 वर्षीय अजहरुद्दीन को 11 नवंबर को होने वाले जुबली




हिल्स विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले कैबिनेट में शामिल किया गया है।

चुनावी पृष्ठभूमिः वह 2023 में अपने गृह क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। वह फिर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने नवीन यादव को मैदान में उतारा और अजहरुद्दीन को कैबिनेट में जगह देने का वादा किया। उनके शपथ ग्रहण के साथ राज्य कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। (अधिकतम सीमा मुख्यमंत्री सहित 18 है)। वह रेवंत रेड्डी की कैबिनेट में पहले मुस्लिम मंत्री बने है। सत्ताधारी पार्टी को पहले मुस्लिम मंत्री न होने के कारण आलोचना झेलनी पड़ रही थी। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रमुख मुस्लिम उम्मीदवार हार गए थे। यह कदम मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जो जुबली हिल्स में मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत हैं।

वहीं भाजपा ने चुनाव आयोग से कैबिनेट विस्तार की इजाजत न देने की अपील की थी, क्योंकि उनका मानना है कि अजहरुद्दीन को उपचुनाव में वोटर्स के एक खास ग्रुप को खुश करने के लिए मंत्री बनाया जा रहा है, जो मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है।

कैबिनेट गठन की प्रक्रियाः गठन 7 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और 11 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ हुआ था। 8 जून को तीन मंत्रियों को शामिल करके विस्तार किया गया था, लेकिन तीन पद खाली रखे गए थे।

अजहरुद्दीन का राजनीतिक इतिहासः 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। 2014 में राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर से चुनाव लड़े, पर हार गए। 2018 में तेलंगाना कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## बेमौसम बारिश से यूपी के 20 शहरों में फसलें बर्बाद... योगी सरकार ने सर्वे करने के दिए आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, मऊ सहित लगभग 20 शहरों में तूफान मोन्था के कारण बेमौसम बारिश हो रही है। इसकारण इन जिलों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटी पड़ी धान की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बलिया और मऊ जैसे जिलों में किसान भीगी फसलों को ऊंची जगहों पर ले जाने को मजबूर हैं। मऊ में एक किसान ने बताया कि उसकी लगभग 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, इतना ही नहीं पशुओं का दाना-चारा सब खराब हो गया है। मोन्था के कारण आई तेज हवाओं से खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं, और भीगी फसल में दाने खराब होने और फफूंद लगने की आशंका है। वहीं उत्तरप्रदेश के वाराणसी में बीते 30 घंटों से रिमझिम बारिश हो रही है और लुढ़कते पारे ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिससे वाराणसी में अक्टूबर सबसे ठंडा महिना साबित हुआ है। प्रदेश



की राजधानी लखनऊ में लगातार तीसरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। बनारस के अलावा प्रयागराज, गोंडा, अयोध्या, जौनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ में भी बारिश हो रही है। जिससे आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी खराब होती धान की फसलों को लेकर चिंता सता रही है। किसानों को डर हैं कि ये बारिश का दौर यदि कुछ दिन और चल गया तब बची हुई फसल भी बेकार हो सकती है। वहीं किसानों की फसल को हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सर्वेक्षण कराकर आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। यह बारिश गेहूं, चना, मसूर, मटर और सरसों की बुआई के लिए अच्छी है, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे बुआई आसान होगी और अंकुरण अच्छा होगा। लेकिन ये बारिश धान के लिए काल बन गई है।

## जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली। इस पर इस मेडिसिन को बेचने पर रोक लगा दी गई है। ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी कर वाईएल फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी में दी जाने वाली दवाई को अमानक माना है। डिपार्टमेंट ने इस फार्मा कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेकर उसकी जांच के आदेश दिए हैं। ड्रग कंट्रोलर फर्स्ट से जारी आदेशों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित कंपनी की दवाई विन्सेट एल नाम से राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में दवाईयां सप्लाई होती हैं। पिछले दिनों इस कंपनी के बैच नं. एलटी25023 सहित अन्य दो बैच के सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल की जब जांच की गई, तब दवाई अमानक निकली। यानी जिन सॉल्ट को इस दवाईयों में होना बताया, वह पर्याप्त मात्रा में इसमें नहीं मिले। कंपनी इस दवाई में लेवोसेट्रीजीन और डाइहाइड्रोक्लोराइड सॉल्ट होने का क्लेम करती है। आदेशों में अब ड्रग कंट्रोलर ने इस कंपनी की आने वाली दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने और उनकी जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

## भारत पाकिस्तान सीमा से एक संदिग्ध को पकड़ा- पुलिस जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास घूमते एक संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति को बीएसएफ ने पकड़ा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के अनुसार, बिहार के अररिया जिले का निवासी मोहम्मद इकबाल (लगभग 40) नामक व्यक्ति को मुरार सीमा क्षेत्र में बीएसएफ जवानों ने नियमित गश्त के दौरान पकड़ा। कथित तौर पर वह प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने यह पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है कि वह बिना किसी रोक-टोक के अत्यधिक प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे पहुंच गया। एक पुलिस सूत्र ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील बताते हुए कहा कि उसकी पृष्ठभूमि, यात्रा मार्ग और संभावित उद्देश्यों की पूरी तरह से जांच की जा रही है। इकबाल के संभावित संपर्कों और संचार नेटवर्क का पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। बीएसएफ की एक टीम ने तुरंत इकबाल को हिरासत में ले लिया और घटनास्थल पर ही उससे प्रारंभिक पूछताछ की। एक सूत्र ने कहा कि वह व्यक्ति कोई वैध पहचान पत्र या संवेदनशील क्षेत्र में जाने की अनुमति दिखाने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि उसके जवाबों से और भी संदेह पैदा हुआ। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बीएसएफ ने इकबाल को आगे की जांच के लिए शाहगढ़ पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध के मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरणों की जांच संभावित संपर्कों या संदिग्ध संचार के लिए की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के इतने करीब इकबाल की मौजूदगी ने संभावित सीमा पार संबंधों या टोही गतिविधि को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान सीमा से निकटता को देखते हुए, ऐसी घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों ने आसपास के गांवों में सुरक्षा कड़ी कर दी है और आगे घुसपैठ रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## मराठी अभिनेत्री का खुलासा... रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया

मुंबई (एजेंसी)। मराठी अभिनेत्री रुचिता जाधव ने खुलासा किया है कि मुंबई में होस्टेज कांड के आरोपी रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया था। दरअसल मुंबई में 31 अक्टूबर को होस्टेज कांड, में रोहित आर्य ने 17 बच्चों, दो महिलाओं और एक बुजुर्ग को बंधक बना लिया था और बाद में पुलिस की कार्रवाई में मारा गया। मराठी फिल्मों की अभिनेत्री रुचिता जाधव ने अपने पोस्ट में बताया कि यही रोहित आर्य कुछ हफ्ते पहले उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट के लिए बुला रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, 4 अक्टूबर को रोहित ने खुद को फिल्ममेकर बताकर रुचिता को मैसेज किया था। रोहित ने बताया कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है। 23 अक्टूबर को रोहित ने रुचिता से 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए पूछा। उन्होंने 28 अक्टूबर को मुलाकात तय की थी। 27 अक्टूबर को रोहित ने उन्हें पवई स्थित एक स्टूडियो की लोकेशन भेजी और अगली सुबह (28 अक्टूबर) आने को कहा। लेकिन रुचिता जाधव ने पारिवारिक कारणों से वह मीटिंग रद्द कर दी थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को टीवी पर खबर देखकर कि वही रोहित आर्य पवई में होस्टेज कांड में शामिल था और मारा गया, रुचिता स्तब्ध रह गईं। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर वह कांप जाती हैं कि अगर वह चली जातीं, तब क्या होता। उन्होंने भगवान और परिवार का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें बाहर जाने से रोक लिया। रुचिता ने अपनी पोस्ट के अंत में लोगों को यह घटना याद दिलाकर कहा कि काम के सिलसिले में किसी नए व्यक्ति से मिलने से पहले बेहद सावधान रहना चाहिए और हमेशा अपने परिवार या दोस्तों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

## आसमान में चक्कर लगाती रही फ्लाइट्स... यात्रियों को हुआ खौफनाक लम्हों का एहसास

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले यात्रियों के लिए सफर किसी डरावने अनुभव से कम नहीं था। एक नहीं बल्कि दो इंडिगो फ्लाइट्स के पैसेंजर्स को हवा में उस वक्त खौफनाक लम्हों का सामना करना पड़ा। जब दोनों एयरक्राफ्ट दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर लंबे समय तक होल्ड पर रखे गए। दरअसल, दिल्ली एयरपोर्ट पर देर रात एयर ट्रैफिक कंजेशन बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स को समय पर लैंडिंग क्लियरेंस नहीं मिली। इसी वजह से जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई दोनों इंडिगो फ्लाइट्स को आसमान में गोल चक्कर (होल्डिंग पैटर्न) में घूमना पड़ा। पहली फ्लाइट रात 10 बजकर 26 मिनट पर जयपुर से रवाना हुई थी। दूसरी फ्लाइट रात 12 बजकर 6 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ी। दोनों ही फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर लैंड नहीं हुई। इसके बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल की अनुमति मिलने तक करीब 20 से 30 मिनट तक दोनों एयरक्राफ्ट आसमान में लैंडिंग का इंतजार करते रहे। इसके बाद फ्लाइट रात 11 बजकर 50 मिनट पर जबकि दूसरी फ्लाइट रात एक बजकर 16 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इस दौरान फ्लाइट के निर्धारित वक्त पर पहुंच जाने के बावजूद बार-बार आसमान में घूमने से पैसेंजर्स में घबराहट फैल गई। कुछ पैसेंजर्स ने बताया कि फ्लाइट बार- बार गोल चक्कर काट रही थी। खिड़की से नीचे देखकर ऐसा लग रहा था मानो हम एक ही जगह पर फंसे हुए हैं।

## मेरा दाऊद इब्राहिम से दूर-दूर तक लेना देना नहीं, पर वह आतंकवादी नहीं था

**-अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता के बयान से सोशल मीडिया पर मची हलचल**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता कुलकर्णी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। ग्लैरस भरी जिंदगी छोड़ अध्यात्मिक राह पर चली ममता अपने बयानों को लेकर चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में वह डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर दिए बयान को लेकर खबरों में हैं। हाल ही में जब उनसे गोरखपुर में डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा दाऊद से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। किसी एक का नाम जरूर था, लेकिन आप देखोगे उसने कोई बम ब्लास्ट या एंटी नेशनल चीज नहीं की थी। देश के अंदर, मैं उनके साथ तो नहीं हूं...वह आतंकी नहीं था, जिनके साथ आप मेरा नाम लेते हो, उन्होंने मुंबई में बम ब्लास्ट नहीं किया। दाऊद को मैं अपने जीवन में कभी नहीं मिली। इस बयान के बाद ममता कुलकर्णी सुर्खियों में हैं।

दरअसल, ममता कुलकर्णी का नाम विक्की गोस्वामी के साथ जुड़ा रहा है, माना जा रहा है कि डॉन दाऊद के सवाल पर विक्की गोस्वामी का नाम लिए बिना कहा कि वो आतंकवादी नहीं थे। ऐसे में



दाऊद इब्राहिम के समर्थन में ममता के चौकाने वाले बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

अपने ही बयान पर ममता कुलकर्णी ने सफाई देते हुए कहा कि बयान को ठीक तरीके से सुने और साधु-संत विवेक का इस्तेमाल करें। उनका नाम कभी दाऊद से नहीं जुड़ा... कुछ समय के लिए विक्की गोस्वामी से जुड़ा था, लेकिन उसका नाम कभी देश विरोधी गतिविधियों में नहीं आया। बता दें ममता महामंडलेश्वर यमाई किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी किन्नर के साथ गोरखपुर में एक कार्यक्रम का हिस्सा बनी। 90 के दशक में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली ममता कुलकर्णी अब संन्यास ले चुकी हैं और अब महामंडलेश्वर यमाई ममता नंदगिरी बन गई हैं।

# सरदार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया: कुमार विश्वास

**नोएडा (एजेंसी)।** सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कवि कुमार विश्वास ने आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के नक्शे को निर्माण करने की दिशा में सरदार वल्लभ पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन नीति नियंताओं की वजह से इस देश को विभाजित करना पड़ा था। ऐसी स्थिति में भारत को एकजुट करने की दिशा में सरदार पटेल के योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमार विश्वास ने कहा कि भारत की आजादी के बाद जिस तरह से सभी रियासतों को सरकार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता है। आज हम उन्हीं की स्मृति में दौड़ रहे हैं। हम



यह कामना करते हैं कि जिस गति के साथ हमारा देश मौजूदा समय में प्रगति कर रहा है, आगे भी उसी गति के साथ प्रगति करता रहे। देश की प्रगति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर भी कुमार विश्वास ने खुशी जताते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। बेटियां हमेशा से ही भारत का नाम ऊंचा करती आई हैं। बेटियों ने देश के लोगों को गौरवान्वित किया है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

मिस यूनिवर्स शेरी सिंह ने भी सरदार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विवधिता के बावजूद भी एकता बनी रहे। यह हमारी ताकत है। मैं यही चाहूंगी कि हमारे घर की बेटियां खुले आसमान में आगे बढ़े। उन्हें बंधनमुक्त समाज मिले। उन्हें भी आगे बढ़ने की संभावना मिले। यूट्यूबर अमित भड़ाना ने सरकार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इस खास मौके पर नोएडा में इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी महिला क्रिकेट टीम ने शानदार जीत हासिल की है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैच दिलचस्प रहा। भारतीय महिला टीम की जीत उनके सशक्तिकरण का प्रतीक है। सभी महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। गायक गिरिक अमन ने सरदार पटेल की जयंती पर नोएडा पुलिस की तरफ से आयोजित किए गए रन फॉर यूनिटी की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है, जो कि हम सभी लोगों के लिए अच्छी बात है। मैं तो चाहता हूं कि इसी तरह का आयोजन आगे भी होते रहे। हमारी ख्वाहिश है कि हमारा भारत सोने की चिड़िया बने।

## बुजुर्ग ने रोकी राबड़ी की कार, कहा- आप राघोपुर को सौतेला मानते हैं, आपदा में भी नहीं आए

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। यहां अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी घर घर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कोशिश के चलते पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजद की परंपरागत सीट राघोपुर पहुंची और राजद के लिए वोट मांगे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने उनकी कार रोकी और कहा कि अब चुनाव आ गए है तो वोट मांगने आप लोग आ गए। उस वक्त कहां थे जब हम लोग बाढ की आपदा से जूझ रहे थे। आप लोग राघोपुर को सौतेला बेटा मानते हैं क्या? इस राबड़ी देवी हाथ जोड़ती नजर आईं और जनता के गुस्से के देखते हुए बिना कुछ बोले आगे बढ़ गईं। वायरल वीडियो ने सबका ध्यान खींच लिया है! राबड़ी देवी, जो अपने बेटे तेजस्वी यादव के लिए प्रचार करने राघोपुर पहुंचीं थीं, उन्हें जनता के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। राघोपुर सीट लालू परिवार का परंपरागत गढ़ मानी जाती है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी यहां से कई बार विधायक रह चुके हैं, और तेजस्वी यादव भी 2015 से इसी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। लेकिन इस बार हालात कुछ बदले-बदले नज़र आ रहे हैं। राबड़ी देवी ने समझाने की कोशिश करते हुए कहा, राघोपुर बिहार का सबसे प्यारा विधानसभा क्षेत्र है। लेकिन बुजुर्ग का गुस्सा शांत नहीं हुआ, उन्होंने जवाब दिया - तेजस्वी बाढ़ में नहीं, सिर्फ चुनाव में घूमते हैं! स्थिति को भांपते हुए राबड़ी देवी ने शांत भाव से बुजुर्ग की बातें सुनीं और हाथ जोड़कर आगे बढ़ गईं।

# राज ठाकरे ने शिंदे को दी चुनौती कहा- अगर नमो सेंटर बनाए गए तो हम तोड़ देंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** कभी हिंदी के नाम पर तो कभी बाहरी के नाम पर आए दिन मारपीट और थप्पड़बाजी के लिए पहचान बना चुकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे ने अब एक नया मसला प्रकट किया है। मसला ये है कि खुद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐतिहासिक किलों पर नमो पर्यटन केंद्र बनाए गए, तो उन्हें तोड़ देंगे। खबरें थी कि राज्य सरकार ने ऐसे केंद्रों के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा ठाकरे ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कहा, कुछ अखबारों में खबरें छपी हैं कि राज्य सरकार हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों पर नमो टूरिज्म सेंटर्स बनाने की योजना बना रही है। यह शहरी विकास विभाग के तहत हो रहा है, जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई है। उन्हें एक नमो केंद्र बनाने दो, हम उसे तबाह कर देंगे। ये आम स्थल नहीं हैं। ये स्थल महाराष्ट्र के लिए



पवित्र हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे को लेकर उन्होंने कहा, सिर्फ उपमुख्यमंत्री बने रहने के लिए कितनी चापलूसी की जरूरत है? शायद प्रधानमंत्री को भी अंदाजा नहीं है कि यहां कितनी चटुकारिता हो रही है।

### ईवीएम के मुद्दे पर उद्धव के साथ खड़े है राज

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और मनसे अध्यक्ष राज सहित महाविकास अघाडी के शीर्ष नेता मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मुंबई में एक नवंबर को होने वाले विपक्ष के विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और पवार ने यहां एक बैठक की, जिसमें संयुक्त रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान, शेतकरी कामगार पक्ष के जयंत पाटिल और वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे।

### विरोध मार्च का समर्थन करेगी कांग्रेस

पूर्वी महाराष्ट्र में गृहनगर बुलढाणा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उनकी पार्टी विरोध मार्च का पूरी तरह से समर्थन करती है। हालांकि, खुद मार्च में भाग लेने के सवालों को वह टाल गए। सपकाल ने कहा, कोई एक नेता महत्वपूर्ण नहीं हैं। जो भी जाएगा, वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा। महत्वपूर्ण बात मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित करने और उन्हें अपडेट करने की मांग है। यह मुद्दा (मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का) सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था।

# साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से भारत भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को ट्रंप प्रशासन ने वापस भारत भेज दिया है। साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये व्यक्ति मानदंडों को पूरा नहीं करते थे और वहां अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी से अब तक हमारे पास ऐसे लगभग 2,790 से अधिक भारतीय नागरिक हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे वहां अवैध रूप से रह रहे थे। हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की। वे लौट आए हैं।

प्रवक्ता जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की जांच की गई ताकि व्यक्ति की भारतीय राष्ट्रीयता की पुष्टि हो सके, उसके बाद ही प्रत्यावर्तन किया गया। उन्होंने कहा, हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की, उसके बाद



वे लौटे। उन्होंने जोर दिया कि निर्वासन भारत और अमेरिकी अधिकारियों के बीच स्थापित कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किए गए।

अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में तेज गिरावट आई है, जो चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा की ओर से यह जानकारी दी गई। अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बिना अनुमति के देश में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले 34,146 भारतीयों को हिरासत में लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज 90,415 हिरासतों से 62 प्रतिशत की गिरावट है। 28 अक्टूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने इसे ऐसी घटनाओं में तेज और निरंतर गिरावट बताया है।एमईए प्रवक्ता ने यूनाइटेड किंगडम से निर्वासन के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस साल सत्यापन के बाद लगभग 100 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। उन्होंने कहा, यूके की ओर से इस साल हमारे पास लगभग 100 भारतीय नागरिक हैं जिन्हें उनकी राष्ट्रीयता की हमारी ओर से उचित जांच के बाद निर्वासित किया गया है। भारत और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के बीच अवैध प्रवेश और वीजा ओवरस्टे का मुद्दा गरमाया हुआ है। ये आंकड़े अवैध प्रवासन को अधिक प्रभावी ढंग से रोकने के चल रहे प्रयासों को उजागर करते हैं।

# अब राफेल होगा और अधिक शक्तिशाली, वायूसेना को मिलेंगी मेटेओर मिसाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में मिली बड़ी कामयाबी के बाद भारतीय वायूसेना में और जेश भर गया है। इसके बाद से सेना के अपडेट होने की गति भी बढ़ी है। इसी कड़ी में अब भारतीय वायुसेना अब अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। जल्द ही बड़ी संख्या में 'मेटेओर एयर-टू-एयर मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है। ये मिसाइलें भारत की बियॉन्ड-विजुअल-रेंज (बीवीआर) क्षमता को नई ऊंचाई देंगी। इन यूरोपीय निर्मित मिसाइलों में रैमजेट प्रणोदन प्रणाली है, जो इन्हें उच्च गति, लंबी मारक दूरी और 'पहला वार, पहली जीत में दक्षता प्रदान करती है।बता दे कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना पाकिस्तान को नाक से चने बीनने को मजबूर कर दिया था।

एमबीडीए कंपनी से इन मिसाइलों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास 2016 में फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों पर पहले से ही मेटेओर मिसाइलें तैनात हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय नौसेना के लिए आदेशित 26 राफेल मरीन जेट्स में भी इन मिसाइलों को शामिल किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, मेटेओर मिसाइलों की नई खेप मिलने के बाद भारत की हवाई सीमा सुरक्षा और दुश्मन पर दूर से प्रहार करने की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी।

भारत ने विदेशी मिसाइलों के साथ-साथ अपनी स्वदेशी मिसाइल प्रणाली को भी सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ वर्तमान में 700 से अधिक 'अस्त्र मार्क-2' मिसाइलें विकसित कर रहा है, जिनकी मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होगी। इन्हें सुखोई-30 और तेजस विमानों पर लगाया जाएगा। वहीं, राफेल बेड़े को मेटेओर मिसाइलों के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइलें देने की भी योजना है। बता दें कि मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों और आतंकी अड्डों को सटीक हमलों में नष्ट कर दिया था। भारतीय लड़ाकू विमानों ने लंबी दूरी से दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाया, जिसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने चीनी पीएल-15 मिसाइलों से जवाबी हमला किया, लेकिन कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं पहुंचा सकी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में चीनी पीएल-15 मिसाइलें दागीं मगर वे भारतीय विमानों को हिट करने में नाकाम रहीं।



## नक्षत्र मेले में इस बार ज्योतिष के साथ जुड़ेगा आयुर्वेद

नई दिल्ली। भारत मंडपम में इस बार नक्षत्र मेले के साथ आयुर्वेद भी जुड़ेगा। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाले मेले में आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और भारतीय परंपरा एक साथ दिखेंगे। नक्षत्र मेला का यह 19वां संस्करण और आरोग्यम का दूसरा संस्करण होगा। इसमें 150 से अधिक प्रतिभागी अपने उत्पादों के साथ हिस्सा लेंगे। करीब 20 से अधिक लोगों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। 25 हजार वर्गमीटर के क्षेत्र में मेला आयोजित होगा। आईटीपीओ और फ्यूचर पॉइंट मिलकर इसका आयोजन करेंगे। शुक्रवार को भारत मंडपम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईटीपीओ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रेमजीत लाल, एफए एंड सीएओ राजकुमार ठाकुर, डीजीएम विवेकानंद, फेयर ऑफिसर नरेंद्र कुमार और फ्यूचर पॉइंट के डॉ अरुण बंसल व आभा बंसल ने मेले से जुड़ी जानकारी साझा की। प्रेमजीत लाल ने बताया कि नक्षत्र देश के सबसे खास मेले में से एक है। इसमें ज्योतिष, वास्तु, आध्यात्मिकता और समग्र जीवनशैली के समाधान मिलेंगे। इसके साथ आयोजित आरोग्यम मेले के भीतर आयुष, हर्बल, ऑर्गेनिक और वेलनेस सेक्टर को एक साझा मंच मिलेगा। दोनों आयोजन मिलकर स्वास्थ्य, सद्भाव और मानसिक संतुलन को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि पिछले साल नक्षत्र और आरोग्यम मेले में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों और करीब 20,000 आगंतुकों ने हिस्सा लिया था। इस बार आयोजन को और बड़ा और प्रभावशाली रूप में पेश किया जाएगा, जिसमें 150 से अधिक प्रतिभागी अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। आईटीपीओ ने स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 50 फीसदी रियायत पर स्टॉल देने का निर्णय लिया है। मेले में नक्षत्र नॉलेज कॉन्क्लेव, आरोग्यम लाइव एरीना और स्वास्थ्य रत्न पुरस्कार इस बार आकर्षण का केंद्र होंगे। यह आयोजन हर दिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोगों की एंट्री फ्री रहेगी।

# द्वारका की जमीन ऊपर उठी... भूजल ने लौटाई जिंदगी, इसरो-आईआईटी अध्ययन में दर्ज हुआ बदलाव का संकेत

कौमी पत्रिका

दिल्ली। राजधानी में पहली बार ऐसा हुआ है कि जहां पहले जमीन धंस रही थी, अब वही जमीन ऊपर उठने लगी है। यह दिलचस्प और अहम बदलाव राजधानी के दक्षिण-पश्चिम इलाके द्वारका में देखा गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और आईआईटी के वैज्ञानिकों के संयुक्त अध्ययन के अनुसार, यह परिवर्तन भूजल स्तर में सुधार का नतीजा है, यानी जमीन के नीचे का पानी फिर से भरने लगा है। यह अध्ययन वाटर रिसोर्सेज रिसर्च नामक अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसका शीर्षक है,'इनसार रिवील्स रिकवरी ऑफ स्ट्रेन्ड एक्वीफर सिस्टम्स इन पार्ट्स ऑफ दिल्ली' है इसमें अक्टूबर, 2014 से अक्टूबर, 2023 तक के उपग्रह डेटा का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि दिल्ली के कई हिस्सों में जमीन का धंसाव रुक गया है और कुछ इलाकों में जमीन 5 से 10 सेंटीमीटर तक ऊपर उठी है। द्वारका में यह उठाव लगभग 2 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की दर से हो रहा है, जो करीब 988 एकड़ क्षेत्र में दर्ज किया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बदलाव इस बात का संकेत है कि भूजल भंडारण में सुधार हो रहा है और जमीन के भीतर का पानी का दबाव फिर से संतुलित हो रहा है। शोध के अनुसार, द्वारका और आसपास के क्षेत्रों जैसे विकासपुरी, जनकपुरी और डाबरी पश्चिम में जलस्तर हर साल कुछ सेंटीमीटर बढ़ा है। वहीं, छावला गांव, ककरौला और सागरपुर में जलस्तर लगभग स्थिर है या थो?ा घटा है।



शोधकर्ताओं का कहना है कि दिल्ली में यह बदलाव उम्मीद जगाने वाला है लेकिन एनसीआर के अन्य हिस्सों में अभी भी गंभीर स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि लगातार उपग्रह निगरानी और भूजल प्रबंधन योजनाओं के जरिए उन इलाकों की पहचान की जानी चाहिए, जहां पुनर्भरण की दर कम है। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि दिल्ली की नीतियां और नागरिक सहभागिता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि यह सुधार 2 से 7 अरब लीटर पानी प्रति वर्ष के बराबर है, जो सैकड़ों ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों को भरने या एक बड़े दिल्ली मोहल्ले की सालभर की जल आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। 2018 से 2021 के बीच दिल्ली में वर्षा घटने के बावजूद भूजल स्तर 1.5 मीटर से अधिक बढ़ा है। अध्ययन के अनुसार, यह दिल्ली सरकार की 2016 की भूजल नीति का असर है, जिसके तहत नए बोरवेल पर रोक लगाई गई। साथ ही, वर्षा जल संचयन अनिवार्य किया गया और नई इमारतों में पुनर्भरण संरचनाएं बनाना जरूरी किया गया। अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली के बाहर गुड़गांव में स्थिति अभी भी चिंताजनक है, हालांकि सुधार के संकेत मिले हैं। 2014 से 2023 के बीच वहां की जमीन एक मीटर से अधिक धंसी, लेकिन 2018 के बाद धंसने की रफ्तार 15 सेंटीमीटर प्रति वर्ष से घटकर 10 सेंटीमीटर रह गई है। वहीं, फरीदाबाद में हालात अभी खराब हैं। वहां जमीन के धंसने की दर 2 सेंटीमीटर से बढ़कर 4-5 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है।

## 15 से ज्यादा गोलियां मारकर हाशिम बाबा गैंग के मिस्बाह की सरेआम हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार रात को हुई गैंगवार ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। अज्ञात बदमाशों ने मिस्बाह नामक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, मिस्बाह को करीब 15 से ज्यादा गोलियां मारी गईं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने गोलीबारी की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने करीब 20 खाली खोखे बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में यह मामला गैंगवार से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक मिस्बाह हाशिम बाबा गैंग का सक्रिय सदस्य था और उसके खिलाफ 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हमले के पीछे कौन-सी विरोधी गैंग शामिल थी।

# मासूम से दुष्कर्म और छोटी बहन की हत्या के दोषी को सजा, कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

शाहजहांपुर। सात वर्ष की मासूम से दुष्कर्म और छोटी बहन की क्रूरतापूर्वक हत्या के 57 माह पुराने मामले में दोषी अनिल उर्फ चमेली को अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अपने फैसले में केस को विरलतम श्रेणी का मानते हुए कहा कि दोषी को मृत्युदंड दिया जाना ही न्यायोचित होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो समाज में गलत संदेश जाएगा और न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न उठेगा। कांट थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच और सात साल की सगी बहनें 22 फरवरी 2021 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे प्राथमिक विद्यालय में लगे नल पर नहाने गई थीं। शाम तक दोनों नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। वे लोग बच्चियों को तलाशते रहे। शाम को गांव से बाहर खेत पर पांच वर्ष की बच्ची मृत अवस्था में मिली। उसके सिर से खून बह रहा था। दूसरी बहन की तलाश शुरू की तो रात करीब 11 बजे घटनास्थल से लगभग सौ मीटर की दूरी पर बच्ची लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। उसकी सांसें चल रही थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इसके बाद उसे बरेली के एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में बच्चियों के दादा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस की विवेचना में अजीजगंज में जिला अस्पताल के पीछे रहने वाले अनिल उर्फ चमेली का नाम सामने आया। वारदात के दिन गांव वालों ने बच्चियों को उसके साथ जाते देखा था। अनिल मधुमक्खियों के छत्ते तोड़कर शहद निकालने के लिए गांव में अक्सर आता-जाता रहता था। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो अनिल ने बताया कि वह बच्चियों को बिस्कुट देने के बाद शहद खिलाने का लालच देकर उन्हें गांव के बाहर खेत पर ले गया था। उसने बड़ी बहन से दुष्कर्म किया और शहद तोड़ने में इस्तेमाल होने वाली लोहे की खंती से उसके सिर पर वार कर दिया।उसके चीखने-चिल्लाने पर छोटी बहन गांव की ओर भागने लगी। पकड़े जाने के डर से उसने सौ मीटर आगे उसे पकड़ लिया और सीने पर बैठकर खंती से ही उसके सिर पर भी कई वार किए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बहनों को मरा समझकर वह भाग गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनिल के खिलाफ दो अप्रैल 2021 को आरोपपत्र अदालत भेजा। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनोज कुमार सिद्धू ने केस को विरलतम श्रेणी का मानते हुए अनिल को मृत्युदंड से दंडित किया। अदालत ने कहा कि मृत्युदंड के लिए अनिल उर्फ चमेली की गर्दन में फंदा डालकर तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। उस पर 1,37,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

## जंगल में मिली बच्चे की खोपड़ी व अवशेष, लापता रिहान के होने की आशंका

मेरठ। सरधना थाना क्षेत्र के नंगला रोड के जंगल में शुक्रवार को बच्चे की खोपड़ी व अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण ये अवशेष सात माह पहले तांत्रिक क्रिया में मारे गए 11 वर्षीय रिहान पुत्र इमरान के होने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने अवशेष डीएनए टेस्ट के लिए भेज दिए हैं। करीब सात माह पहले नवाबगढ़ी निवासी 11 वर्षीय रिहान का अपहरण हो गया था। इसके एक माह बाद ही गली के ही 15 वर्षीय उवेश पुत्र शकील की तंत्र क्रिया के लिए तांत्रिक असद ने अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी असद को गिरफ्तार किया तो उसने तंत्र क्रिया व हत्या की बात को स्वीकार किया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उवेश का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आरोपी ने उवेश के परिजनों से पांच लाख की फिरौती भी मांगी थी। उसने बताया कि रिहान के भी उसने मारा था। हालांकि आरोपी की निशानदेही पर पुलिस रिहान का शव बरामद नहीं कर पाई। शुक्रवार को जंगल में ग्रामीण पशुओं के लिए घास काट रहे थे। तभी उन्हें वहां पर खोपड़ी व अन्य अवशेष मिले। रिहान के परिजनों ने आशंका जताई है कि ये अवशेष उनके बच्चे के हो सकते हैं। इस संबंध में सीओ सरधना आशुतोष कुमार का कहना है कि देखने में अवशेष किसी बच्चे के लग रहे हैं। जिस स्थान पर खोपड़ी मिली, उसके पास ही रिहान की पैंट मिली थी। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तांत्रिक असद जेल में बंद है। वह सिद्धि पाने के लिए बच्चों की बलि देता था।



## जल बोर्ड की एलपीएससी माफी योजना का 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

नई दिल्ली। दिल्ली जलबोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) माफी योजना का अब तक 20,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया है, जिससे करीब 96 करोड़ रुपये की छूट दी जा चुकी है। योजना शुरू होने के बाद से 32.79 करोड़ रुपये की वास्तविक वसूली भी की जा चुकी है। दिल्ली में लगभग 29 लाख पंजीकृत जल उपभोक्ता हैं, जिनमें से 15 लाख से अधिक के खातों पर बकाया राशि है। कुल 16,100 करोड़ रुपये के बकाए में 5,100 करोड़ रुपये मूल राशि है और 11,000 करोड़ रुपये लेट पेमेंट सरचार्ज के रूप में हैं। नई योजना के तहत उपभोक्ताओं को केवल मूल राशि चुकानी है, जबकि सरचार्ज को पूरी तरह माफ किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अब आने वाले बिल में उपभोक्ताओं को सरचार्ज-मुक्त संशोधित बिल प्राप्त होंगे, तब वसूली और तेज होगी। जल बोर्ड जल्द ही विशेष मार्केटिंग और जनसंपर्क टीम तैनात करेगा जो शहरभर में जागरूकता अभियान चलाएगी। योजना के प्रचार के लिए डीटीसी बसों, मेट्रो, एफएम रेडियो, अखबारों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन चलाए जाएंगे। साथ ही आरडब्ल्यूए और स्थानीय समुदायों के सहयोग से भी अभियान शुरू होगा। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह केवल वित्तीय सुधार नहीं, बल्कि जवाबदेही और स्वच्छ यमुना की दिशा में एक ठोस कदम है।

## 40 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अपने मालिक से स्पूफ (फर्जी अंतरराष्ट्रीय) कॉल के जरिये 40 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में छतरपुर निवासी रामजान अली हाशमी (32) को गिरफ्तार किया गया है। इसे 26 अक्तूबर को पहाड़गंज निवासी मनोज कुमार कश्यप की शिकायत पर पकड़ा गया था। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि शिकायतकर्ता ने बताया कि 10 अक्तूबर को उसकी पत्नी को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से इंटरनेट कॉल आई। इसके बाद उन्हें धमकी भरे कई संदेश मिले। बाद में शिकायतकर्ता को भी अलग-अलग नंबरों से कई कॉल और संदेश मिले, जिनमें परिवार की सुरक्षा के बदले 40 लाख रुपये की मांग की गई थी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की जबरन वसूली और आपराधिक धमकी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी के जरिये कॉल से जुड़े आईपी पते का विश्लेषण किया गया और संदिग्ध की लोकेशन छतरपुर क्षेत्र में पाई गई। आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि हाशमी पहले शिकायतकर्ता की नरैना स्थित फैक्टरी में काम करता था और उसके व्यवसाय तथा निजी जानकारियों से परिचित था।

## मोहल्ला क्लीनिक स्वास्थ्यकर्मियों के रोजगार पर संकट

नई दिल्ली। मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने की प्रक्रिया के कारण स्वास्थ्यकर्मियों के रोजगार पर संकट गहराने लगा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने कर्मियों की बर्खास्तगी को लेकर नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले 121 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने के निर्देश जारी हुए थे। इससे पहले सितंबर में 31 मोहल्ला क्लीनिक बंद किए गए थे। आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि एक मोहल्ला क्लीनिक में चार लोगों का स्टाफ काम करता है। कुल मिलाकर 201 मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए गए। इससे 814 कर्मियों के रोजगार पर संकट आ गया है। कर्मियों की बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो हफ्ते का नोटिस दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 16 मई को जनता दरबार में वादा किया था कि सभी स्वास्थ्यकर्मियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में समायोजित किया जाएगा। अभी तक उस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। सरकार से गुहार है कि कर्मियों की समस्या को दूर करें और उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नियुक्त किया जाएं।

# नौकरी नहीं मिली तो लूट की वारदात को दिया अंजाम

नई दिल्ली। मध्य जिला की पुलिस ने दरियागंज से लेकर लाजपत नगर तक करीब 250 सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाश को पकड़ा है। पुलिस ने इसके कब्जे से स्कूटी के साथ लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है। बदमाश की पहचान गर्ग एन्क्लेव, बुराड़ी निवासी मोहम्मद हसन उर्फ एहसान उर्फ बाबू (28) के रूप में हुई है। उस पर पहले से ही नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से दो मामले सुलझाने का दावा किया है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन के मुताबिक, 27 अक्तूबर को आईपी एस्टेट थाने में लूट की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि आईटीओ के पास स्कूटी पर सवार बदमाश उसका फोन छीनकर भाग गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया। टीम ने दरियागंज से लेकर लाजपत नगर तक बदमाश के भागने की दिशा में करीब 250 सीसीटीवी फुटेज की जांच की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे बुराड़ी से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने वारदात कबूल करने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। वारदात को अंजाम देने से पहले कई जगहों पर नौकरी की तलाश की लेकिन जब कहीं पर काम नहीं मिला तो उसने चोरी और लूट करनी शुरू कर दी।


**NAME CHANGE**

I, DANGAR BHAVNABEN JIVABHAI wife of No.-17002304P, Rank-NK, Name-HUMBAL NILESH KUMAR residing at VILL-JAL, PO-HARIYASAN, DIST-RAJKOT, GUJRAT-360480, have changed my name from DANGAR BHAVNABEN JIVABHAI to HUMBAL BHAVNABEN NILESHKUMAR for all future purposes vide Affidavit dated 31/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Rani &Rahnuma purchasing Freehold Residential Property Bearing No.A-16, area measuring 26.77 sq. meters, situated at Shastri Nagar, Sector-16, G.M.P, Tehsil & District-Ghaziabad, U.P;. from Mr. Ram Kumar., initially Mr. Sunder Lal Jain was the absolute owner by virtue of Sale Deed dated 18.01.2003 Document No.413, Volume No.357, Dated 18.01.2003, Page Nos.141-152 in Book No.1 by SRO-V, Ghaziabad, U.P;, thereafter Sundar Lal Jain died on 17.04.2017., our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, which is to be financed by Piramal Finance Limited. Branch: Pitampura, New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, PRADEEP KUMAR, S/O RAM PRAKASH, R/O H.NO-140, A-Block, GREEN WOOD CITY, SECTOR-45, GURGAON, HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME TO PRADEEP SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I JOSEPHIN SAMSON DANIEL W/O SAMSON DANIEL R/O H.NO.117 SURYA VIHAR DINDAR PUR NAJAFGARH DELHI -110043 HAVE CHANGE MY NAME TO JOSEPHIN FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as ANUJ Alias ANUJ RAJPUT S/O NARENDER SINGH R/O C-93, C Block, Dabri Extension, Dabri, South West Delhi, Delhi- 110045 have changed my name and shall hereafter be known as ANUJ RAJPUT.

**NAME CHANGE**

I, KAMAL SHARMA S/O JAGJEET KUMAR SHARMA R/O B-133/1 Second Floor, Ganesh Nagar, VTC: Tilak Nagar, PO: Tilak Nagar, Sub Dist: Rajouri Garden, Dist: West Delhi, Delhi- 110018 have changed the name of my minor son AYAAN SHARMA aged 07 years and he shall hereafter be known as DHAIRYA SHARMA.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, MAHAK SAIFI D/O KALLAN KHAN R/O Jalpura, Kulesara, PO: Kulesra, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh- 201306 declare that name of mine and my father have been wrongly written as MEHAK SAIFI and KALLAM KHAN in my 10th & 12th Class Marksheet and Certificate. The actual name of mine and my father are MAHAK SAIFI and KALLAN KHAN which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, SHEIKH ZAHIRUDDIN QURESHI S/o Hazi Nasiruddin R/o T-472, Qusab Pura, Gali Pahar Wali, Delhi-110006 have changed my name to ZAHIRUDDIN.

**NAME CHANGE**

I, Laiq Ahamad Salmani S/o Abdul Waheed R/o H.No.783, F/F, Kh No.322-323, Puri Gali, Maujpur, Delhi-110053 have changed my name to Laiq Ahamad.

**NAME CHANGE**

I FARAZ KHAN S/O MOHD ASIF KHAN R/O F-56/25 THIRD FLOOR FLAT NO -301 BATLA HOUSE JAMIA NAGAR DELHI-110025, I have changed my name to MD FARAZ KHAN Permanently

**NAME CHANGE**

I MEENA KUMARI W/O VISHAL R/O 130 NEHRU KUTIA MALKA GANJ DELHI -110007, I have changed my name to MEENA Permanently

**NAME CHANGE**

I,Yashika W/O Ankit Kumar R/O - WZ-407/S Gali No-4,Janak Park Hari Nagar New Delhi-110064 Have Change My Name From Yashika To Yashika Sharma All Future purposes

**NAME CHANGE**

I, SUSHANT S/O SANJAY KUMAR R/O 672, SECTOR-A-10, POCKET-6, NARELA, MAMOOR PUR, PO: NARELA, NORTH WEST DELHI, DELHI-110040 have changed my name shall hereafter be known as SUSHANT DANAI

**NAME CHANGE**

I, PUNIT KUMAR AGARWAL S/O KAILASH CHANDRA AGARWAL R/O HOUSE NO-212,IVORY TOWER, THE RETREAT, SECTOR-41, SOUTH CITY-1, GURGAON, HARYANA-122001 HAVE CHANGED MY NAME TO PUNIT AGARWAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, SUMIT KUMAR, S/O JAGDISH CHANDER THAKUR, R/O PLOT NO-117, BLOCK-B, 2ND FLOOR, SECTOR-08, NEAR MOTHER DAIRY, DWARKA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110075, HAVE CHANGED MY NAME TO SUMIT THAKUR S/O JAGDISH CHAND THAKUR FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, RAJESH KHANCHAND RIJHWANI S/o Khanchand Roochiram Rijhwani R/o H.No.17,8, Ground Floor, Block-F, Lajpat Nagar-1, Delhi-110024, have changed my name to RAJESH RIJHWANI permanently

**NAME CHANGE**

I, JIYAUDDIN S/o Nasirudin R/o A-302, Rani Garden, Shastri Nagar, Delhi-110031, have changed my name to ZIYAUDDIN ANSARI for all purposes.

**PUBLIC NOTICE**

THE PUBLIC AT LARGE TAKE NOTICE THAT MY CLIENTS MR. BUDH RAM S/O LATE SH. SARDAR SINGH AND SMT. KAMLESH W/O SH, BUDH RAM, BOTH RESIDING AT 215 B, GOPAL NAGAR, NAJAFGARH SOUTH WEST DELHI, NEW DELHI-110043, HEREBY DISOWNED THEIR SON, MR. LALIT SAINI, AGED 30 YRS DUE TO HIS CONTINOUS MISCONDUCT, MISBEHAVIOR AND UNACCEPTABLE ACTION, WHICH HAVE CAUSED IMMENSE MENTAL HARASSMENT, DISTURBANCE, AND DISRESPECT TO FAMILY OF MY CLIENTS. THEY HAVE DECIDED TO DISOWN THEIR SON FROM ALL THEIR MOVABLE AND IMMOVABLE ASSETS AND PROPERTIES. FURTHER MORE SON OF MY CLIENT NAMELY SUNIL KUMAR SHALL HAVE NO RIGHTS, CLAIMS, OR CONNECTION WITH THEIR PROPERTIES IN FUTURE. ANYONE DEALING WITH HIM IN THEIR NAME SHALL DO SO AT HIS OWN RISK, AND MY CLIENTS SHALL NOT BE HELD RESPONSIBLE FOR ANY OF THEIR ACTION OR OBLIGATIONS.

**NITIN HOODA ADVOCATE**
Chamber No.628, Lawyer's Chambers Block, Dwarka District Courts, Dwarka, New Delhi-110075
MOB.-8510000284

**NAME CHANGE**

I hitherto known as POONAM W/O DEEPAK KUMAR R/O H No-3537 Gali No-7 Khub Ram Jajoria Park Reghar Pura Karol Bagh Central Delhi-110005 have changed my name and shall hereafter be known as POONAM KUMAR.

**NAME CHANGE**

I AMIT KUMAR S/O TILAK RAJ R/O C- 89 VANDANA VIHAR NANGLOI,WEST DELHI-110041, I have changed my name and shall hereafter be known as AMIT BATRA.

**NAME CHANGE**

I, Nomita D/o Shailesh R/o 149, SOS Children Village, Green Field, NHPC Colony, Faridabad, Haryana-121010 have changed my name to Nomita Sarkar for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, Nafees Ahmed S/O Chhota R/O 5/48 3rd Floor, Moti Nagar Ramesh Nagar New Delhi 110015 Have changed my name to Nafees Ahmad for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I,SURINDER SINGH KUKREJA S/O MOHINDER SINGH KUKREJA R/O-H NO-4031 SHAFFI BUILDING ROSHANARA ROAD MALKA GANJ DELHI-110007 ,inform that my name GURINDER SINGH KUKREJA and SURINDER SINGH KUKREJA both,name are the same and one person

**NAME CHANGE**

I, VINITA RAWAT W/O SH. HARINDRA SINGH R/o RZ-10A, GALI NO-8, SADH NAGAR, PART-1, PALAM COLONY, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI-110045, have changed my name from VINITA RAWAT to BINITA DEVI for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, HARANDER SINGH S/O SH. SANTAN SINGH R/o RZ-10A, GALI NO-8, SADH NAGAR, PART-1, PALAM COLONY, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI-110045,have changed my name from HARANDER SINGH to HARINDRA SINGH for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Jaswant Singh Jajoriya S/o Harish Chandra R/o B 393, Goms Tailor, Sudershan Park, Ramesh Nagar, Delhi-110015 have changed my name to Jaswant Singh.

**NAME CHANGE**

I, Uma Devi Jajoriya S/o Jaswant Singh R/o B 393, Goms Tailor, Sudershan Park, Ramesh Nagar, Delhi-110015 have changed my name to Uma Devi.

**NAME CHANGE**

I umed singh yadav s/0 simbhu dayal add.village kosli mullupura mohalla town city 172 Rewari haryana 123302 changed my name to umed singh

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD ANZAR ALI S/O SHEKH NURUL HODA R/O C-251 4TH FLOOR SHAHEEN BAGH NEAR TAYYAB MASJID ABDUL FAZAL ENCLAVE-2 DELHI-110025, have changed my name to MD ANZAR ALI for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, Rajat Chaurasia S/O Bhupendra Kumar R/O 62/1 Tilak Road, Meerut Begum Bagh Uttar Pradesh 250001 Have changed my name to Rajat Kumar Chaurasia for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, NO-18005614F, Rank-HAV, Name-RAVINDRA SINGH SIKARWAR residing at JIWARAM KI BOUNDRY, SANJAY COLONY, MORENA, MADHYA PRADESH-476001, have changed my mother's name from VIMALESH to VIMLESH SIKARWAR for all future purposes Vide Affidavit Dated 31/10/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 16019564A Rank-HAV Name-RAVINDRA SINGH Presently residing at KANKAR, KUTINA, ALWAR, RAJASTHAN-301708, have changed my mother's name from SURESH DEVI to SURESH WATI for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 15/06/1971 instead of her correct date of birth as 01/01/1964 vide Affidavit dated 30/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 16019564A Rank-HAV Name-RAVINDRA SINGH Presently residing at KANKAR, KUTINA, ALWAR, RAJASTHAN-301708, have changed my father's name from BALBIR SINGH to BALVIR SINGH for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 05/04/1966 instead of his correct date of birth as 18/07/1968 vide Affidavit dated 30/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/दिल्ली के अनुभाग में एस एंड टी स्टोर के पास प्लेटफार्म 16 की मरम्मत, प्लेटफार्म 1 से 16 पर दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्पर्शनीय पथ उपलब्ध कराना, केजीएस के पास प्रवेश और निकास द्वार के पास और कोच केयर दिल्ली मुख्य स्टेशन प्लेटफार्म शेल्टर के पास मार्ग की मरम्मत और लीकेज गटर, डाउन पाइप, विभिन्न स्थानों पर प्लेटफार्म 9 से 15 की सतह की मरम्मत, दिल्ली मुख्य स्टेशन पर यात्रियों के गुजरने के लिए प्लेटफार्म 16 पर पूर्व और पश्चिम एफओबी के पास नए शेड का निर्माण और दिल्ली जंक्शन के पूर्व और पश्चिम छोर से दिल्ली मुख्य स्टेशन तक पहुंच मार्गों में सुधार, दीवार की जल निकासी की मरम्मत, दिल्ली जंक्शन तक पहुंचने के दौरान भवन का सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 2,88,30,889.18 (रुपये दो करोड़ अठ्ठासी लाख तीस हज़ार आठ सौ नवासी और अठ्ठारह पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,94,200/- (रुपये दो लाख चौरानवे हजार दो सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 21.11.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/42/2025-26/W-3 दिनांक : 30.10.2025** **3382/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कामरान उर्फ मो. शरीफ पुत्र मो. उमर निवासी मकान नंबर कबाड़ी का मकान, अमन गार्डन, निघोरा रोड, लोनी, जिला गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 258/2020 U/S 392/411/186/332/353/419/34 IPC, अन्तर्गत थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कामरान उर्फ मो. शरीफ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कामरान उर्फ मो. शरीफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/2020 U/S 392/411/186/332/353/419/34 IPC, अन्तर्गत थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कामरान उर्फ मो. शरीफ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री कनिका अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं. 22, प्रथम तल, उत्तर पूर्व जिला**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/14610/NE/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तालिब पुत्र स्व. कलुआ पताः गली नं.1, बिजली घर के पास ट्रोनिका सिटी लोनी गाजियाबाद यूपी ने एफआईआर संख्या 180/2019 धारा 394/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः शास्त्री पार्क, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तालिब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तालिब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 180/2019 धारा 394/411/34 भा.द.स. के तहत थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली के उक्त तालिब** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**कनिका अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं.22, प्रथम तल, नार्थ ईस्ट जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/14612/NE/2025


**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## मानेसर निगम क्षेत्र में रोबोट से की जाएगी सीवर की सफाई

एजेंसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर मानव रहित सीवर सफाई की दिशा में काम करने की तैयारी कर रहा है। आयुक्त आयुष सिन्हा ने गांव मानेसर में रोबोट से सीवर सफाई के काम का ट्रायल देखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। रॉबर्ट के संचालन करने वाले एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि एक रॉबर्ट एक दिन में सीवर के 8 मैनहोल की सफाई कर सकता है। यह करीब 30 फिट की गहराई तक सफाई करेगा। रॉबोर्ट तंग गलियों में सीवर की सफाई करेगा। जिन गलियों में सीवर सफाई के लिए बड़ी मशीन नहीं जा सकती वहां यह उपयोगी साबित होगी। निगम क्षेत्र के अन्य गांवों में इसका ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव, एक्सईएन मंदीप धनखड़, एसडीओ अनिल मलिक, अमन राठी, जेई अनदीप मलिक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त ने किया बादशाहपुर थाना का निरीक्षण

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अचानक बादशाहपुर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस थाना स्टाफ को क्षेत्र में सुव्यवस्थित कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। पुलिस कमिश्नर ने रात के समय थाना में आए शिकायतकर्ताओं से भी बातचीत की और उनकी समस्या को जानते हुए पुलिस कार्यों के प्रति फीडबैक लिया। उन्होंने थाने में मौजूद कर्मचारियों से उनकी दिनचर्या व काम करने के तरीके के बारे में जायजा लिया। वहीं मौजूद राइडर्स से उनके बीट के क्राइम और क्रिमिनल की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डीसीपी साउथ हितेश यादव ने एरिया में होने वाली चोरी व क्राइम के बारे में पुलिस कमिश्नर को जानकारी दी। आयुक्त साहब को जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर ने थाना प्रभारी को कर्मचारियों की डेली कार्य करने व अन्य गतिविधि के लिए एक रजिस्टर मेंटेन करने के भी आदेश दिए।

## डिजिटल पुलिसिंग में प्रदेश ने कायम रखी टॉप नेशनल रैंकिंग

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित करते हुए जून 2021 से लेकर अब तक के 51 महीनों में से 37 महीनों तक राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। अगस्त 2025 में राज्य ने सौ फीसदी अंक हासिल करते हुए कुशल सेवा वितरण और तकनीक-आधारित न्याय सुधारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में गुरुवार को अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (सीसीटीएनएस) तथा इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) की 31वीं स्टेट एपेक्स कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राज्य की तकनीकी अवसंरचना की समीक्षा के साथ-साथ भावी नवाचारों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। अनुराग रस्तोगी ने विभाग के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्था ने शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का डिजिटल पुलिसिंग मॉडल एक नई सोच का प्रतीक है, जो प्रतिक्रियात्मक प्रवर्तन से आगे बढ़कर डेटा-आधारित और नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में अग्रसर है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने नागरिक सेवाओं में अतुलनीय निरंतरता कायम रखते हुए हर समय पोर्टल पर प्राप्त की जाने वाली सेवाओं के लिए राइट टू सर्विस डैशबोर्ड पर 10 में से 10 अंक प्राप्त किए हैं। 28 अक्तूबर, 2025 तक विभाग ने सरल पोर्टल के माध्यम से 75.97 लाख नागरिक आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया है, जो राज्य के सभी विभागों में सर्वाधिक है। डॉ. मिश्रा ने कई अभिनव तकनीकी पहलों का जिक्र किया, जिनमें होटल विजिटर डेटा सर्च, आईआईएफ-3 (गिरफ्तारी/आत्मसमर्पण फार्म) में क्रिमिनल सर्च हिस्ट्री और लापता व्यक्तियों का हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण शामिल है। नागरिक अब घर बैठे केवल दो मिनट में लापता व्यक्ति की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इससे न केवल त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित होती है बल्कि परिवार की चिंता भी कम होती है।

## सामरिक महत्व के प्रतीक कानोड किला और सोहना किला अब राज्य संरक्षित स्थल

**चंडीगढ़।** हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर लाने की विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की कवायद अब रंग ला रही है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ लगते दक्षिण हरियाणा में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहे कानोड किला (महेन्द्रगढ किला) और सोहना किला समेत आधा दर्जन ऐतिहासिक धरोहरों को राज्य संरक्षित स्थल की सूची में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंजूरी के बाद पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा इसकी प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतराष्ट्रीय महत्व की इन धरोहरों का अब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महेन्द्रगढ जिला में 18वीं शताब्दी में मराठा सेनापति तात्या टोपे द्वारा तैयार कानोड किला (महेन्द्रगढ किला), गुरुग्राम जिला में भरतपुर राजाओं द्वारा तैयार सोहना किला, पलवल जिला में प्राचीन बस्तियों अहरवां, आशा खेडा व कोडला खेडा व रेवाडी रियासत की धरोहर पांच छतरियों के समूह को राज्य संरक्षित स्थल के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र इन धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी, ताकि सभी धरोहरों और इतिहास को देश, दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा सके।

# ज्यादा से ज्यादा फसलों में सीधी बुआई की सम्भावनाओं को तलाशें : श्याम सिंह राणा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा फसलों में सीधी बुआई की सम्भावनाओं को तलाशें ताकि सिंचाई के लिए पानी और जुताई पर आने वाले खर्च को बचाया जा सके, इससे किसान की फसल को तैयार करने के लिए आने वाली लागत में भी कमी आएगी। राणा अपने कार्यालय में कृषि, बागवानी, हरियाणा राज्य भंडारण निगम लिमिटेड तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से संबंधित बजट -घोषणाओं तथा सरकार के संकल्प -पत्र के वायदों की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि मंत्री ने ÷मेरा पानी मेरी विरासत÷ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पानी की उपलब्धता सीमित है, इसलिए किसानों को कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की तरफ प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने



पंचकूला जिला के पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के किसानों के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि छोटे -छोटे ढलान वाले खेतों में किसान अपनी अच्छी फसल ले सकें। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में कहीं बालू रेत के टिब्बे हैं, कहीं पहाड़ी क्षेत्र तो कहीं समतल जमीन है। किसी खास क्षेत्र को देखते हुए उस क्षेत्र के किसानों के लिए भी योजना में तबदीली करने की संभावनाओं पर विचार करें, बशर्ते किसान को अधिक से अधिक लाभ होना चाहिए। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं को महिला-उन्मुखी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को बिना ब्याज एक लाख रुपये तक का ऋण देने की योजना पर तेजी से अमल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने हरियाणा राज्य भंडारण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से बजट में की गई घोषणाओं के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में गोदाम बनाने के स्टेटस की जानकारी ली और इस दिशा में कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव के क्षेत्रों में लवणीय पानी से पलने वाले पेड़-पौधे लगाने की संभावनाओं का पता लगाने के भी निर्देश दिए।

## सरदार पटेल जयंती पर एकता दौड़ व हरियाणा दिवस समारोह की तैयारी पूरी

एजेंसी

**सोनीपत।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर जिले में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, खिलाड़ी, शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी और आमजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। रन फॉर यूनिटी सुबह छह बजे मुरथल रोड स्थित जानकीदास स्कूल से प्रारंभ होकर विक्रम पैलेस, अग्रसेन चौक, सेक्टर 14 व 15 के केंद्र मार्ग से होते हुए डीएवी स्कूल पहुंचकर समाप्त होगी। विधायक पवन खरखौदा मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, यातायात और चिकित्सा सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस को आमजन की परेशानी रोकने हेतु आवश्यक रूट डायवर्जन व परामर्श जारी करने को कहा गया। इस अवसर पर प्रतिभागी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी लेंगे। नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में भाग लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाएं। साथ ही बताया कि बरोदा व गन्नौर में भी दौड़ आयोजित होगी, जिनका शुभारंभ क्रमशः विधायक देवेन्द्र कादियान और भाजपा नेता प्रदीप सांगवान करेंगे। इस आयोजन में एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एसीपी राजदीप, डीईओ नवीन गुलिया और भाजपा नेता नंदकिशोर चौहान सहित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को गुरुवार को निर्देश दिए कि प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन सभी में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री लगाई जाए तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूरा होना चाहिए।

उन्होंने वर्तमान नोडल अधिकारियों को हटा कर उनके स्थान पर सभी सिविल सर्जन को देख रेख करने का जिम्मा सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के प्रति अपडेट रहें, इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जा जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों कुछ जिलों में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों का औचक निरीक्षण किया था, इस दौरान जब उन्होंने नोडल अधिकारियों से निर्माण कार्यों के बारे में पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक ज़वाब नहीं दे पाए। वे अपनी जिम्मेवारी के प्रति अपडेटिड नहीं थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को



सखूत हिदायतें दी, साथ ही उन्होंने अब सभी सिविल सर्जन को निर्माण कार्यों का भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों के प्रति अपडेट रहें। आरती सिंह राव ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान ऐसी जगह है, जहां डॉक्टर मरीजों की जांच करके उनके इलाज करता है। इसलिए इनके निर्माण में काम आने वाले सामान की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सभी संस्थानों का निर्माण निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

## बाल अधिकारों का उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाईः आयोग

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में बाल संरक्षण अधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में बाल संरक्षण अधिकारों को लेकर चलाई जा रही गतिविधियों व योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों व संस्थाओं से जुडे प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आयोग के सदस्यों ने अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने और बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन एक गंभीर अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। आयोग के सदस्यों ने प्ले स्कूल, किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट), बाल मजदूरी, पॉक्सो एक्ट और बाल देखरेख संस्थान (सीसीआई) से संबंधित गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान पंजीकरण और उनमें बच्चों की सुरक्षा के मानकों पर विशेष ध्यान देने बारे दिशा-निर्देश दिए गए। सभी प्ले स्कूलों में स्टाफ का पुलिस



आयोग के सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के हितों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के अधिकार किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने चाहिए। बैठक में प्ले स्कूलों के वेरिफिकेशन अनिवार्य करने के निर्देश दिए। बाल मजदूरी को रोकने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। पॉक्सो एक्ट के तहत लंबित मामलों और सीसीआई में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में सहभागी बने आमजनः नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा। गौ सेवा सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गायों को सड़कों पर न छोड़ें और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला करनाल को अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने गौशाला में गायों की पूजा की, गायों को चारा खिलाया और यहां बने चिकित्सालय का दौरा कर गोवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय सनातन जीवन का पवित्र दिन है जो हमें संस्कृति, भाईचारे और प्रेम भाव से जोड़ता है। यह केवल पर्व नहीं बल्कि



करूणा, सेवा और कर्तव्य बोध का प्रतीक है। गौ माता का सामाजिक और आध्यात्मिक महत्वमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौ माता का जहां सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है वहीं इसका संबंध गोधन से भी रहा है। प्राचीन समय में जिसके पास जितनी अधिक गायें होती थीं, उसे उतना ही अधिक समृद्ध माना जाता था। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी-देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में एक कामधेनु गाय थी। एक कथा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-गोपियों के लिए जब गोवर्धन पर्वत धारण किया तब आठवें दिन इंद्र देवता भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आए। उन्होंने कामधेनु श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उनका नाम गोविंद रखा। तभी से अष्टमी को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

गौशालाओं में शेड निर्माण जारीमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गायों की जांच के लिए जिन गौशालाओं में 3 हजार से अधिक गोवंश हैं वहां सप्ताह में एक दिन पशु चिकित्सक और इससे कम संख्या वाली गौशालाओं में वीएलडीए की ड्यूटी लगाई गई है। इतना ही नहीं मोबाइल पशु चिकित्सालय की सेवाएं भी गौशालाओं के लिए उपलब्ध कराई गई है। बेसहारा गौवंश के लिए प्रदेश में दो गौ अभयारण्य बनाए गए हैं। गौशालाओं में शेड बनाने के लिए प्रति गौशाला 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। 51 गौशालाओं में शेड बनाए जा चुके हैं।

## लाडो लक्ष्मी लाभ के लिए पीपीपी में आय संशोधित करवाने की मांग

एजेंसी

**झज्जर।** उप मंडल सचिवालय बहादुरगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम नसीब कुमार के साथ मिलकर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई मामलों का समाधान करने के लिए कहा। सीहोर में काफी संख्या में पहुंची महिलाओं ने परिवार पहचान पत्र में अपनी आय सही दर्ज करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में वास्तविक आय से अधिक आए दर्द होने के कारण वे लाडो लक्ष्मी योजना के लिए अपात्र हो गई हैं, इसलिए इसको संशोधित किया जाए। समाधान शिविर में आए लाइनपार स्थित फोर्टेशिया कॉलोनी के लोगों ने पानी और सीवर की समस्या रखी। जिस पर एसडीएम और नगर परिषद अध्यक्ष ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता से तुरंत संपर्क साधा और उन्हें कॉलोनी की समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र करने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचीं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें फैमिली आईडी में आय अधिक दर्ज होने से संबंधित रहीं।महिलाओं ने बताया कि गलत आय दर्ज होने के कारण वे सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना जैसी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने महिलाओं की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से कहा कि फैमिली आईडी में दर्ज वास्तविक आय की जांच कर सुधार किया जाए।




# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जिला फतेहाबाद में बाढ़, जलभराव, सिंचाई, सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाक़ों से इसके ज़रिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का (कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति अभी बनी हुई है, वहां शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय पर फसल की बुआई कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लो-लाइन क्षेत्रों को चिह्नित कर भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आगामी वर्षों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। फसल क्षति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से किसानों की फसल को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन तेजी से पूरी की जाए। किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा की भौतिक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वास्तविक किसान को ही मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार हर किसान को उसकी क्षति का उचित मुआवजा देगी, लेकिन इसके लिए रिपोर्ट सटीक और पारदर्शी होनी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मंडियों में धान खरीद कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला के सभी किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

## आम आदमी पार्टी की महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश सहरावत भाजपा में शामिल

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत में आम आदमी पार्टी की महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश सहरावत ने अपने सामाजिकसंगठन व दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रवेश सहरावत ने बताया कि वह सोनीपत के मेयर राजीव जैन द्वारा शहर में किए जा रहे विकास कार्यों, स्वच्छता, जनसेवा और समर्पण की भावना से गहराई से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जनहित, पारदर्शिता और विकास के मार्ग पर निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व और कार्यप्रणाली के सहयोग से वह समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर भाजपा में शामिल



करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका नकीन मेहरा एडवोकेट की रही, जिन्होंने सहरावत को पार्टी की नीति, दृष्टिकोण और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मेयर राजीव जैन ने सहरावत और उनके साथ आए सभी साथियों का भाजपा परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रवेश सहरावत जैसी सक्रिय और सामाजिक रूप से जागरूक महिलाओं का भाजपा से जुड़ना पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में लक्ष्मी, मीना कुमारी, प्रियंका, विपिन, कोमल, रोहित कुमार, संदीप, नेहा, प्रीति, महेश, पवन आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरियाणा राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट संस्थानों को किया सम्मानित

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (हरेडा) द्वारा ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट (जीजीजीआई) के सहयोग से होटल हयात, चंडीगढ़ में गुरुवार को 'राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरण समारोह÷ एवं एशिया लो कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन (एएलसीबीटी) परियोजना के अंतर्गत भवन रजिस्ट्री पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उद्योग इकाइयों, सरकारी भवनों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं शैक्षणिक संस्थानों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा ने ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल औद्योगिक आवश्यकता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य राज्य को ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। राज्य सरकार निरंतर ऊर्जा के कुशल उपयोग, हरित तकनीकों के प्रचार और नवीकरणीय स्त्रोतों के प्रोत्साहन की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य की कुल स्थापित विद्युत क्षमता लगभग 16,227 मेगावॉट है, जिसमें से 38.61 प्रतिशत (6,265 मेगावॉट) ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से प्राप्त की जा रही है। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को स्वच्छ स्त्रोतों से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए आवश्यक संस्थागत एवं नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पावर यूटिलिटीज ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने नवीकरणीय ऊर्जा क्रय दायित्व (आरपीओ) के लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिए हैं और वर्ष 2029-30 के 43.33 प्रतिशत आरपीओ लक्ष्य की दिशा में भी आवश्यक योजनाएं लागू की जा चुकी हैं। इस दौरान हरेडा के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हरेडा, ऊर्जा दक्षता को राज्य की जीवनशैली और विकास का हिस्सा बनाने के लिए निरंतर नीतियां लागू कर रहा है। उन्होंने बताया कि हरेडा ने जीजीजीआई के साथ एशिया लो कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन (एएलसीबीटी) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि एवं वरिष्ठ प्रशासक सुनील गुलाटी (पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा) ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए और उद्योगों एवं नागरिकों को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# निरंकारी संत समागम के लिए रोडवेज ने समालखा में बनाया अस्थायी बस स्टैंड

एजेंसी

**पानीपत।** समालखा में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने जा रहे 78वें निरंकारी संत समागम को लेकर प्रशासन और परिवहन विभाग ने पूरी तरह कमर कस ली है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए सोनीपत रोडवेज ने समालखा में अस्थाई बस स्टैंड बनाया है। समागम में देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जिसको देखते हुए सोनीपत परिवहन विभाग ने 280 बसों को चलाने की विशेष व्यवस्था की है। पानीपत रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक विक्रम कंबोज ने बताया कि इस बार समागम के दौरान आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की आवागमन की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सोनीपत रोडवेज ने पहले से ही पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि सोनीपत रोडवेज द्वारा बनाए गए इस अस्थाई बस स्टैंड से लगातार बसें विभिन्न रूटों पर चलाई जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि सभी बसों का संचालन शुरू हो गया है। यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के लिए पानीपत से सिर्फ चार रोडवेज ट्रैफिक इंस्पेक्टरों की ट्यूटी लगाई गई है गई है, जिनमें दो की सुबह ओर दो की शाम की ट्यूटी इनके अलावा पानीपत से कोई सुविधा नहीं दी गई है। सोनीपत रोडवेज डिपो के महा प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि सोनीपत रोडवेज ने समागम समाप्ति तक 280 बसों की व्यवस्था की है और आठ ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिनकी आठ, आठ घंटे की ड्यूटी लगाई गई है बसों के संचालन की निगरानी सोनीपत रोडवेज द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है। जहां से हर रूट की बसों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रोडवेज बसें पानीपत, करनाल, सोनीपत, दिल्ली, रोहतक और कैथल से श्रद्धालुओं को समागम स्थल तक पहुंचाने का काम करेंगी।

# एयर इंडिया ने ओनर्स से मांगी 10,000 करोड़ की मदद




## अहमदाबाद हादसे और एयरस्पेस प्र तिबंधों से बढ़ा संकट

**नई दिल्ली** अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के महीनों बाद एयर इंडिया ने अपने मालिकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से लगभग 1.1 बिलियन डॉलर (10,000 करोड़ रुपए) की आर्थिक मदद मांगी है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह फंडिंग कंपनी अपने सिस्टम्स और सर्विसेज को अपग्रेड करने और इन-हाउस इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस डिवीजन बनाने के लिए चाहती है। एयर इंडिया का मार्च 2026 तक ब्रेक-ईवन (लाभ-हानि संतुलन) तक पहुंचने का लक्ष्य अब मुश्किल लग रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि एयर इंडिया की यह मदद की मांग भारतीय एविएशन मार्केट की दिक्कतों को दर्शाती है, जहां कई एयरलाइंस लगातार घाटे के कारण बंद हो चुकी हैं। मौजूदा समय इंडिगो ही एकमात्र घरेलू मुनाफे में चल रही एयरलाइन है, जिसके पास 64 फीसदी मार्केट शेयर है। एयर इंडिया में टाटा समूह की 74.9 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि सिंगापुर एयरलाइंस की 25.1 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी को मिलने वाली आर्थिक मदद दोनों के ओवनरशिप रेश्यो के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि फंडिंग इंटरेस्ट फ्री लोन के रूप में दी जाएगी या इक्विटी निवेश के रूप में। एयर इंडिया की मुश्किलें मई में शुरू हुईं जब भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बाद पाकिस्तान ने एयरस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में किए गए थे। इसके बाद एयर इंडिया को अपने पश्चिम की ओर लंबी फ्लाइट रूट्स पर उड़ान भरनी पड़ीं, जिससे फ्यूल लागत और ऑपरेटिंग खर्च दोनों बढ़ गए।

# सितंबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.9 फीसदी बढ़ाः ईईपीसी

**कोलकाता** देश से इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में सितंबर के दौरान लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने हाल ही में यह जानकारी दी। ईईपीसी ने एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.93 प्रतिशत बढ़कर 10.11 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अमेरिका को होने वाले निर्यात में 9.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आने के बावजूद कुल निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका भारत के इंजीनियरिंग सामान का सबसे बड़ा बाजार है।

# लेंसकार्ट ने आईपीओ से पहले 147 एंकर निवेशकों से 3,268 करोड़ जुटाए

## देशी-विदेशी फंड्स की बड़ी भागीदारी

**नई दिल्ली** आईवियर रिटेल कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) से पहले ही बाजार में मजबूत भरोसा कायम किया है। कंपनी ने 147 एंकर निवेशकों से 3,268.36 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह निवेश 402 रुपए प्रति शेयर के ऊपरी प्राइस बैंड पर हुआ है। कंपनी ने इस ऑफर के लिए 382 से 402 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। प्रत्येक शेयर का फेस वैल्यू 2 रुपए रखा गया है। निवेशक कम से कम 37 शेयरों की बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 37 के गुणक में निवेश कर सकते हैं। एंकर बुक के तहत कंपनी ने 8.13 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं। इनमें से लगभग 28.7 मिलियन शेयर (35.34 फीसदी) घरेलू म्यूचुअल फंड्स को दिए गए हैं, जिन्होंने 59 अलग-अलग स्कीमों के माध्यम से निवेश किया है। एंकर निवेशकों में देश की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियां जैसे एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, कोटक, एक्सिस, आदित्य बिड़ला सन लाइफ, मिराए एसेट, डीएसपी, फ्रैंकलिन इंडिया, एचएसबीसी, व्हाइटओक कैपिटल और कैनरा रोबेको शामिल हैं।

# रिलायंस और गूगल ने की बडी साझेदारी

## जियो उपयोगकर्ताओं को 18 महीने फ्री मिलेगा एआई प्रो प्लान

**नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी नई इकाई रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड के जरिये गूगल के साथ एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेज़ी से अपनाना और देश के उपभोक्ताओं, उद्यमों तथा डेवलपर समुदाय को एआई-सक्षम बनाना है। इस साझेदारी के तहत गूगल की अत्याधुनिक एआई तकनीक को रिलायंस के व्यापक नेटवर्क और कनेक्टिविटी के साथ जोड़ा जाएगा। जियो के पात्र उपयोगकर्ताओं को 18 महीने के लिए मुफ्त गूगल एआई प्रो प्लान दिया जाएगा, जिसकी कीमत लगभग 35,100 रुपए है। इस योजना में जे मिनी 2.5 प्रो मॉडल विओ 3.1 और नेनो मॉडल से उन्नत इमेज एवं वीडियो निर्माण की सुविधा, नोटबुकएलएम तक पहुंच और 2 टीबी क्लाउड स्टोरेज शामिल हैं। उपयोगकर्ता इस ऑफर को माय` जियो ऐप से सक्रिय कर सकेंगे। प्रारंभिक चरण में यह सुविधा 18 से 25 वर्ष की आयु के अनलिमिटेड 5जी प्लान उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी, जिसे बाद में सभी जियो ग्राहकों तक विस्तारित किया जाएगा। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस का लक्ष्य 1.45 अरब भारतीयों तक एआई सेवाएं पहुंचाना है, ताकि भारत एआई-सशक्त राष्ट्र बन सके। वहीं गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल और रिलायंस ने पहले भारत में सस्ता इंटरनेट और स्मार्टफोन लाने में अहम भूमिका निभाई थी और अब यह साझेदारी एआई युग में भारत को नई दिशा देगी।

# घाटे में चल रही एयर इंडिया ने मांगी 1.1 अरब डॉलर की मदद

## टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस करेंगे सहारा

**नई दिल्ली** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया एक बार फिर सुर्खियों में है। ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया अपने दो मुख्य शेयरधारकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 1.1 अरब डॉलर (करीब 10,000 करोड़ रुपए) की अतिरिक्त फंडिंग की मांग करने वाली है। यह राशि एयरलाइन को मौजूदा घाटे से उबरने, तकनीकी सिस्टम को आधुनिक बनाने और अपना खुद का इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस विभाग स्थापित करने के लिए चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मदद या तो इक्विटी निवेश के रूप में या बिना ब्याज के ऋण (इंटरेस्ट-फ्री लोन) के रूप में मिल सकती है। अंतिम निर्णय अभी लंबित है। कंपनी पिछले कुछ समय से ऑपरेशनल चुनौतियों और सेफ्टी कंसर्न्स का सामना कर रही है। जून 2025 में अहमदाबाद में हुए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हादसे ने एयरलाइन की स्थिति को और कठिन बना दिया, जिसमें लगभग सभी यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद एविएशन रेगुलेटर ने कड़ी जांच शुरू की और एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 फीसदी तक कम करनी पड़ीं। वित्त वर्ष 2024-25 में एयर इंडिया को करीब 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हुआ है। साथ ही पाकिस्तान के साथ सीमा तनाव के कारण उड़ान मार्ग लंबा होने से ईंधन लागत बढ़ी और राजस्व घटा। इन परिस्थितियों में सिंगापुर एयरलाइंस अब एयर इंडिया के इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस और सर्विसेज के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

# चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार सातवें महीने गिरावट



**हांगकांग** चीन के कारखानों की गतिविधियों में अक्टूबर में लगातार सातवें महीने गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अक्टूबर में विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 49 पर आ गया, जो सितंबर के 49.8 से कम है। 50 से ऊपर का अंक गतिविधियों के विस्तार और 50 से नीचे का संकुचन दर्शाता है। इसका मतलब है कि चीन का विनिर्माण क्षेत्र अभी भी मंदी की स्थिति में है। अमेरिका और चीन के बीच हालिया व्यापारिक वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल से संबंधित शुल्क 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने और चीनी वस्तुओं पर कुल अमेरिकी शुल्क को 57 फीसदी से घटाकर 47 फीसदी करने की घोषणा की। इस कदम से चीनी उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बन सकते हैं। अमेरिका को होने वाले निर्यात में लगातार छह महीनों से दो अंकों की गिरावट रही है। वहीं, चीन ने दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाकर विविधता लाई है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 465 , निफ्टी 155 अंक फिसला

**मुम्बई**

भारतय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 465.75 अंक नीचे आकर 83,938.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 155.75 अंक टूटकर 25,722.10 पर बंद हुआ। आज बाजार के अधिकतर सूचकांक गिरावट पर बंद हुए।

सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया , निफ्टी मेटल , निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी कमोडिटीज में दर्ज की गई जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस और निफ्टी पीएसई में तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी नीचे आया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 270.35 अंक की गिरावट के साथ 59,825.90 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 88.90 अंक की कमजोरी के साथ 18,380.80 पर था। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, टीसीएस, आईटीसी और एसबीआई के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे थे। वहीं एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस , सन फार्मा के शेयर गिर हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण , फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों पर नकारात्मक टिप्पणी रही जिससे विदेशी निवेशकों ने निकासी शुरु कर दी।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स 84,379.79 पर खुला। वहीं निफ्टी 25,863.80 के स्तर पर खुला। आज एशियाई बाजारों में थोड़ी बढ़त देखने को मिली। निवेशकों को उम्मीद है क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम हो गया है। जापान का निक्केई इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़कर नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। टॉपिक्स इंडेक्स भी 0.79 फीसदी ऊपर रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स पिछले दिन के रिकॉर्ड के बाद 0.19 फीसदी गिरा, जबकि कोसडैक इंडेक्स 0.47 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स भी 0.45 फीसदी ऊपर खुला। वहीं अमेरिकी बाजारों में कल गिरावट रही। एसएंडपी 500 0.99 फीसदी टूटा, नैस्डैक 1.58 फीसदी नीचे और डॉव जोन्स 0.23 फीसदी गिरा। यह गिरावट इसलिए आई क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों के परिणाम कमजोर रहे।




# भारत की चार कंपनियों को मिला चीन से 'रेयर अर्थ मैग्नेट' आयात लाइसेंस

## अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी

**नई दिल्ली**

भारत की कुछ कंपनियों को चीन से दुर्लभ खनिज मैग्नेट (रेयर अर्थ मैग्नेट) आयात करने का लाइसेंस मिला है। विदेश मंत्रालय ने हाल ही में इसकी पुष्टि की है। कम से कम चार कंपनियों कॉन्टिनेंटल इंडिया, डीई डायमंड, हिताची और जे उशिन ने चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त किए हैं। इन कंपनियों ने आवश्यक अंतिम उपयोगकर्ता प्रमाणपत्र जमा कर दिए हैं क्योंकि चीन की निर्यात नियंत्रण व्यवस्था के तहत यह अनिवार्य है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात की भी पुष्टि की कि अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी है। चाबहार परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंध में यह छूट 29 अक्टूबर से प्रभावी हो गई है। भारत ने इस परियोजना के विकास में मदद की है। दुर्लभ मैग्नेट के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा` कि हम पुष्टि करते हैं कि कुछ भारतीय कंपनियों को चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस बात का आकलन कर रहा है कि दुर्लभ मैग्नेट पर अमेरिका और चीन के बीच बनी सहमति का हमारे देश पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले दक्षिण कोरिया के बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की वार्ता के बाद पेइचिंग ने दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ) निर्यात नियंत्रण के अपने नवीनतम दौर को एक वर्ष के लिए रोकने पर सहमति व्यक्त की। यह नियंत्रण 8 नवंबर से प्रभावी होना था। अब तक जिन चार कंपनियों को दुर्लभ मैग्नेट आयात के लाइसेंस मिले हैं, वे भारत के वाहन विनिर्माताओं के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।



# 1 नवंबर से बदलेंगे कई अहम नियम, जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर होगा असर

## अब बैंक अकाउंट में चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे, पेंशन और एलपीजी दामों में भी बदलाव

**नई दिल्ली** नवंबर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे नियम लागू हो रहे हैं जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। 1 नवंबर से बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, पेंशन और गैस सिलेंडर से जुड़ी नीतियों में बदलाव किए गए हैं। नए नियम के अनुसार एक बैंक अकाउंट में अब अधिकतम चार नॉमिनी जोड़े जा सकेंगे। खाता धारक चाहें तो सभी नॉमिनी एक साथ या सक्सेशन ऑर्डर में तय कर सकते हैं। इससे वारिसी विवाद कम होंगे और क्लेम प्रक्रिया आसान होगी। एसबीआई कार्ड ने फीस स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। अब सीआरईडी, चेक या मो वि` क्विक जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स से एजुकेशन फीस देने पर एक फीसदी चार्ज लगेगा। 1,000 से ज्यादा वॉलेट लोड करने पर भी यही शुल्क लागू होगा। पेंशनर्स को 1 से 30 नवंबर के बीच लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होगा। वहीं एनपीएस से यूपीएस में स्विच करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई। हर महीने की तरह 1 नवंबर को भी घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है।

# हिंदुस्तान प्लैटिनम भारत में 'स्पेंट कैटेलिस्ट' के आयात पर कर रही है विचार

**सिंगापुर**

हिंदुस्तान प्लेटिनम, कीमती धातुओं के परिशोधन और विनिर्माण में अग्रणी कंपनी, पश्चिम एशिया, एशिया और यूरोप के तेल शोधन संयंत्रों से उपयोग किए गए उत्प्रेरक (स्पेंट कैटेलिस्ट) आयात करने की संभावनाओं का अध्ययन कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय उद्योगों के लिए प्लेटिनम, पैलेडियम, चांदी और अन्य कीमती धातुओं की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी एक वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क विकसित कर रही है। इन स्पेंट कैटेलिस्ट से धातुएँ निकालकर इलेक्ट्रॉनिक, विद्युत, वस्त्र, रेशा, कांच, नाइट्रिक अम्ल और आभूषण उद्योगों को उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी का प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात हैं। कंपनी नवंबर में फ्रांस के केन्स में आयोजित 'यूरोपीय रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी सम्मेलन' में बेल्जियम, जर्मनी, इटली और पोलैंड के शोधनकर्ताओं से चर्चा करेगी। इसी तरह, सिंगापुर इंटरनेशनल एनर्जी वीक के दौरान सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के तेल शोधन संयंत्रों के साथ संभावित आपूर्ति पर बातचीत हुई। हिंदुस्तान प्लेटिनम प्लेटिनम, पैलेडियम और चांदी की उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है। साथ ही, कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रवेश कर रही है। अगले साल जून में अमेरिका में होने वाले 'इंटरनेशनल प्रेशियस मेटल इंस्टीट्यूट सम्मेलन' में अमेरिकी परिशोधन कंपनियों के साथ आपूर्ति समझौते पर विचार किया जाएगा।



# पीली मटर पर 30 फीसदी आयात शुल्क, चाट-पकौड़े महंगे होने की संभावना

## भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है

**नई दिल्ली**

सरकार ने 1 नवंबर से पीली मटर के आयात पर 30 फीसदी शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। अब तक पीली मटर पर कोई आयात शुल्क नहीं था और मई 2025 में मार्च 2026 तक शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी गई थी। नए नियम के तहत, यदि बिल ऑफ लैडिंग 1 नवंबर या उसके बाद जारी होता है, तो उस पर 10 फीसदी बेसिक ड्यूटी और 20 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) यानी कुल 30 फीसदी टैक्स लगेगा। पीली मटर चाट, टिक्की, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों जैसी लोकप्रिय स्ट्रीट फूड व्यंजनों में अहम सामग्री है। भारत में पीली मटर की उत्पादन मात्रा बहुत कम है। वित्त वर्ष 2024 में देश में कुल दलहन उत्पादन 2.45 करोड़ टन था, जबकि पीली मटर केवल 12-15 लाख टन रही। वहीं देश में कुल दलहन की खपत 2.7 करोड़ टन है, जिसके कारण भारत को हर साल लगभग 25 लाख टन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश ने करीब 20 लाख टन पीली मटर आयात की थी, जो पिछले साल 30 लाख टन तक पहुंच गई थी। 30 फीसदी टैक्स लगने के बाद आयात महंगा हो जाएगा। महंगी मटर के कारण चाट, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। छोटे स्ट्रीट फूड विक्रेता अब महंगा मटर खरीदने में कठिनाई महसूस करेंगे और इसका असर सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा।



# सोने के आभूषणों की मांग 31 फ़ीसदी घटी

## निवेश के लिए सोने की मांग बढ़ी



**मुंबई**

भारत में सोने के आभूषणों का कारोबार दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। सोने की कीमतों में 60 फ़ीसदी तक की वृद्धि 1 साल में हुई है। दीपावली पर सोना 1,29,584 रुपए के स्तर पर पहुंच गया था।

जुलाई और सितंबर के माह में सोने में 85,000 करोड रुपए का शुद्ध निवेश हुआ है। इसी तिमाही में गहनों की मांग लगातार घटती चली गई, जो मात्र 69 फ़ीसदी रह गई है।

भारत में सोने की कुल खपत 16 फ़ीसदी घटकर 209.4 टन रह गई है। दीपावली के बाद सोने में गिरावट देखने को मिल रही है। चांदी के दाम में भी गिरावट का रुख देखने को मिला है। 10 ग्राम सोने का मूल्य अब 1,20,628 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई से सितंबर माह की तिमाही में भारत में सोने की मांग 20 फ़ीसदी बढ़कर 91.6 टन हो गई। कीमतों में 67 फ़ीसदी की वृद्धि हुई। एक तिमाही में सोने की सबसे ज्यादा कीमतें जुलाई से सितंबर के बीच में बढ़ी है।

आभूषण में 31 फ़ीसदी की कमी

जुलाई सितंबर माह की तिमाही में गहनों के लिए सोने की मांग 31 फ़ीसदी घटकर 117.7 टन रह गई है। सोने के दाम लगातार बढ़ने के कारण आभूषणों की मांग बाजार में लगातार घटती चली जा रही है। वहीं सोने में निवेश करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सितंबर माह तक गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8363 करोड रुपए का हुआ है। जो एक रिकॉर्ड है।

# सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव किया पेश




**नईदिल्ली**

जापान मोबिलिटी शो 2025 में सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव पेश किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारत में बायोगैस को रीसायकल कर मोबिलिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग बढ़ाना है।

इस पहल के तहत कंपनी ने अपनी नई कार विक्टोरिस के सीबीजी-संचालित वर्जन को प्रदर्शित किया है, जिसे खासतौर पर अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर ध्यान दिया गया है। विक्टोरिस के इस नए मॉडल में सीएनजी टैंक को बूट की जगह फ्लोर के नीचे लगाया गया है, जिससे बूट स्पेस पहले से ज्यादा हो गया है। इसकी लंबाई 4,360 मिमी, चौड़ाई 1,795 मिमी और ऊंचाई 1,655 मिमी है। नई विक्टोरिस में 1.5 लीटर का 4-सिलेंडर के15 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन मिलेगा, जिसे बायोगैस के अनुरूप अपग्रेड किया गया है। कंपनी के अनुसार, इसका माइलेज मैनुअल वर्जन में 21.18 किमी/लीटर और ऑटोमैटिक में 21.06 किमी/लीटर तक रहेगा। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन में टोयोटा का 1.5 लीटर पेट्रोल-इलेक्ट्रिक इंजन लगा है, जो 28.56 किमी/लीटर का माइलेज देने का दावा करता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.50 लाख रुपये है।

बता दें कि सीबीजी ईंधन को सीएनजी से अलग और अधिक टिकाऊ माना जा रहा है। जहां सीएनजी जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त नॉन-रिनूवल स्रोत है, वहीं सीबीजी जैविक अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशियों के गोबर और नगरपालिका कचरे से तैयार किया जाता है। इससे न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि यह एक नवीकरणीय ईंधन होने के कारण कार्बन साइकिल को भी संतुलित रखता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए सीबीजी का रणनीतिक महत्व और भी बढ़ जाता है। सुजुकी ने इस दिशा में 450 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसमें बायोगैस प्लांट भी शामिल है।

# मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोजगार के संकल्प का अभ्युदय



डॉ. मोहन यादव

**मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।**

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आये मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे तीज, त्यौहार और परंपराएं हमारी संस्कृति का आधार हैं। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश में सभी त्यौहारों को व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है। इतिहास प्रसिद्ध राजा नल, भर्तृहरि, विक्रमादित्य की जन्म स्थली भी मध्यप्रदेश रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने ही शकों के आतंक से भारत को मुक्त किया था। संसार की पहली वैज्ञानिक कालगणना ‘विक्रम संवत’ का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योग वर्ष मनाने के साथ राज्योत्सव की थीम 'उद्योग और रोजगार' रखी गई है। इसमें प्रदेश के सतत विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी का भाव है।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमें निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा को परिणाम में बदलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विविधता से समृद्ध मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है, जिसमें अनंत संभावनाएं हैं। इसी को केन्द्र में रखकर हमने प्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्योग इसमें शामिल हुआ है। व्यापार को सरल बनाने और निवेशकों से सीधे संवाद के लिए हमने मार्च 2024 से उज्जैन से निवेश यात्रा शुरू की और फिर जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी, जापान, दुबई तक इसे विस्तार दिया। विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रोड-शो के माध्यम से मध्यप्रदेश के निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है।





निवेशकों को एक सक्षम, सरल और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। प्रदेश में इनोवेशन हब, स्टार्टअप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट और इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर देश की स्टार्टअप क्रांति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है जहां निवेश, नवाचार और रोजगार आधार स्तंभ हैं। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ऋअठ) के सम्मान का मंत्र दिया है। विकास के इन आधार स्तंभ के अनुरूप प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है।

गरीब कल्याण मिशन में स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं। रोजगार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासकीय और निजी क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्थायी, कुशल और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने शासकीय भर्ती का कैलेण्डर जारी किया और उसके अनुरूप भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है।

कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री खेत-तालाब योजना सहित अन्य प्रयासों से किसानों के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से प्रदेश के किसानों को सिंचाई और पानी की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई क्षेत्र का रकबा 100 लाख हेक्टेयर करने की योजना है। कृषि उपज का प्रत्यक्ष भुगतान, ऑनलाइन मंडी व्यवस्था और जैविक खेती के प्रोत्साहन ने अन्नदाताओं की आय में वृद्धि की है। मध्यप्रदेश गेहूं, सोयाबीन, चना और मसालों के उत्पादन में अग्रणी प्रदेश हैं।

महिला सशक्तिकरण को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में नारी शक्ति मिशन परिवर्तनकारी सिद्ध हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमिता नीति के तहत महिलाओं को लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन नारी शक्ति ही नहीं बल्कि नये भारत की आधारशिला है।

गौ-धन हमारी अर्थव्यवस्था का स्थायी स्तंभ बने इसके लिए हमने गौ-संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को आर्थिक नवाचार का केंद्र बनाया है। मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन मिशन के तहत प्रदेशभर में गौ-अभयारण्य और गौ-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हासिल की है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रदेशवासियों के सहयोग और संबल से कल्याणकारी नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने में सफलता प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश की स्वर्णिम यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी। आइये, हम सब मिलकर समग्र विकास के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं...।

## संपादकीय

### किसानों का एक और ‘यलगार’

अब बारी महाराष्ट्र के नाराज किसानों की है। राज्य में भाजपा-महायुति सरकार बने 10 माह बीत चुके हैं। किसान अशांत और असंतुष्ट हैं कि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों के मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्टूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो 'प्रतीकात्मक किस्त' देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में 'यलगार' का उद्घोष किया है। करीब 1.5 लाख किसानों ने सडकें अवरुद्ध कर चक्का जाम कर दिया है, नतीजतन बॉम्बे उच्च न्यायालय को खुद संज्ञान लेकर आदेश जारी करना पड़ा है कि किसान सडकें, राजमार्ग खाली करें। जनता को बहुत असुविधा हो रही है, लेकिन बुधवार रात तक किसान 'यलगार' को जारी रखने पर आमादा थे। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री बच्चू कडू कर रहे हैं, जो 'प्रहार जनशक्ति पार्टी' के संस्थापक हैं। सवाल है कि 'यलगार' किसानों का है अथवा यह राजनीतिक लामबंदी है? हालांकि राज्य सरकार ने जून, 2025 में कर्जमाफी पर एक कमेटी बनाई थी। उसकी रपट और अनुशंसाएं आ गई हैं अथवा नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72, 000 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53, 000 करोड़ रुपए के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी 'फर्जी' थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक 'राजनीतिक फैशन' बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए।

## चिंतन-मनन

### व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है।

हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है। उन्हें बदलने की जरूरत नहीं है, किंतु देशकाल सापेक्ष स्थितियों का देशकाल के बदलने के साथ न बदलना असफलता का मुख्य हेतु है। परिवर्तन के विषय में युवकों का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट होना चाहिए। बदलना अपने आप में कोई उद्देश्य नहीं है और नहीं बदलना कोई सार्थकता नहीं है। बदलने की स्थिति होने पर बदलना विकास की अनिवार्य प्रक्रिया है।

## महागठबंधन की राह चुनौती बने ओवैसी



कुमार कृष्णन

बिहार चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर है और जुबानी जंग तेज हो गई है। इसी क्रम में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुंगेर के चरवाहा विद्यालय परिसर में महागठबंधन को अपने निशाने पर लिया। इसके अलावा गोपालगंज और अन्य क्षेत्रों में भी जनसभाएं की। हेलीकॉप्टर से चुनावी जंग में प्रवेश हुआ। उन्होंने महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार (तेजस्वी यादव) और उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार (वीआईपी के मुकेश सहनी) पर तीखा तंज कसा। उन्होंने सवाल उठाया कि जहां मल्लाह समाज (3 फीसदी आबादी) के नेता को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाता है, वहीं राज्य की 17 फीसदी मुस्लिम आबादी को न तो मुख्यमंत्री और न ही उपमुख्यमंत्री का पद दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ये सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि खुले तौर पर राजनीतिक भेदभाव है, जिससे मुस्लिम समुदाय को दरकिनार किया जा रहा है।

ओवैसी ने महागठबंधन की सामाजिक न्याय की परिभाषा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि 14 फीसदी आबादी वाले यादव समाज का नेता मुख्यमंत्री चेहरा रहा है (तेजस्वी यादव), और 3 फीसदी आबादी वाले मल्लाह समाज का बेटा उपमुख्यमंत्री का उम्मीदवार है (मुकेश सहनी)। उन्होंने सीधे-सीधे पूछा कि जब इन समुदायों को मौका मिल रहा है, तो 17 फीसदी की बड़ी आबादी वाले मुसलमानों को न मुख्यमंत्री बनने दिया जाता है और न उप मुख्यमंत्री। ओवैसी के अनुसार, ये महागठबंधन की रणनीति में एक बड़ा विरोधाभास और राजनीतिक पाखंड है।ओवैसी ने महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी की राजनीतिक हैसियत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि वीआईपी महागठबंधन में चौथे नंबर की पार्टी है। हैरानी की बात ये है कि वर्तमान में उनका न कोई विधायक है और न ही कोई सांसद है। उन्होंने कहा कि राजद (74 विधायक), कांग्रेस (19 विधायक), सीपीआई-माले (12 विधायक) और अन्य लेफ्ट दलों (4 विधायक) के बाद भी एक ऐसी पार्टी को उप मुख्यमंत्री चेहरा बनाया गया, जिसका विधानसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। ओवैसी केवल महागठबंधन पर ही नहीं रुके। उन्होंने बीजेपी और जदयू को भी घेरा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल से सत्ता में हैं, लेकिन उनका दिल अभी भी राजगीर में है, जबकि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी का ध्यान सिर्फ अपने बेटे तेजस्वी पर है। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका दिल तो अहमदाबाद में बसता है। ओवैसी ने कहा कि जब वो मुसलमानों के अधिकारों की बात करते हैं, तो उन्हें बीजेपी की बी-टीम कह दिया जाता है, जबकि कोई भी मुख्य दल उनके अधिकारों की बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि मुस्लिम समुदाय अपनी खुद की नेतृत्व क्षमता विकसित करे। ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' का दावा करने वाली भाजपा चुनावों में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं देती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर 'घुसपैठियों' का मुद्दा उठाकर साम्प्रदायिक माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए ओवैसी ने कहा, 'अगर इतनी घुसपैठ होती है तो बीएसएफ किसलिए तैनात है?' ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और समाजवादी पार्टी जैसे दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के डर का हवाला देकर मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करते हैं, लेकिन वे न तो भाजपा को रोक पाए हैं, न ही टिकट बंटवारे में मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व दे पाए हैं। उन्होंने मुसलमानों से उनकी पार्टी एआईएमआईएम को वोट देने की अपील करते हुए कहा, यदि वे चाहते हैं कि उनके मुद्दे विधानसभा में मजबूती से उठें, तो उन्हें अपना नेतृत्व खुद चुनना होगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के 'नमक हराम' वाले बयान की भी आलोचना करते हुए कहा कि, सरकार की योजनाओं से मिलने वाला लाभ जनता का हक है, किसी शासक की बपौती नहीं है। ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा, 'मोदी का दिल अहमदाबाद में, नीतीश का दिल राजगीर में, और लालू का दिल अपने बेटे में बसता है। आम लोगों के लिए किसी का दिल नहीं धड़कता।'

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने जारी अपनी सूची में पार्टी ने कुल 25 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद, एआईएमआईएम ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है और अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

पार्टी ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए दो



गैर-मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया है, जो बिहार में अपने जनाधार को सिर्फ मुस्लिम समुदाय तक सीमित न रखने का एक स्पष्ट संकेत है। इनमें ढाका विधानसभा सीट से पूर्व भाजपा विधायक के भाई राणा रणजीत सिंह और सिकंदरा (एसी सुरक्षित सीट) से मनोज कुमार दास का नाम शामिल है।

एआईएमआईएम की इस सूची में सबसे प्रमुख नाम बिहार इकाई के अध्यक्ष और एकमात्र विधायक अख्तरुल ईमान का है, जिन्हें एक बार फिर अमौर सीट से मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा, सीमांचल क्षेत्र पर पार्टी का विशेष ध्यान बना हुआ है, जहां पिछली बार (2020) में उसने 5 सीटें जीती थीं। कोचाधामन, बहादुरगंज, किशनगंज, बायसी और जोकीहाट जैसी मुस्लिम बहुल सीटों पर पुराने और नए चेहरों को मौका दिया गया है।एआईएमआईएम का सीमांचल क्षेत्र पर विशेष ध्यान मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है, खासकर सीमांचल के इलाकों में जहां मुस्लिम वोट बंटने की आशंका से महागठबंधन की राह कठिन हो सकती है। पार्टी ने कहा है कि उसका लक्ष्य बिहार के सबसे वंचित और उपेक्षित तबकों की आवाज बनना है।

## बदलते भारत की सशक्त तस्वीर: महिला क्रिकेट टीम की उड़ान



दिलीप कुमार पाठक





महिला वर्ल्ड कप 2025 सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 338 रनों का लक्ष्य चेज कर 5 विकेट से जीत हासिल की है और फाइनल में प्रवेश किया। अब तक यह कारनामा कभी नहीं हुआ था ’ ये हमारी बेटियों की प्रतिभा एवं मेहनत का प्रतिफल है ’ कुछ हासिल करने में वक़्त लगता है ’ अब जब हम आईसीसी मुख्यालय देखने जाएंगे तो आईसीसी ने अपने मुख्यालय के मुख्य दरवाजे पर एक तस्वीर लगा रखी है, उस तस्वीर में दिख रही है गाँव की एक छोटी सी लड़की हाथ में बैट - गेंद लेकर क्रिकेट खेल रही है, ये तस्वीर आईसीसी के विजन को दशार्ती है ’ आईसीसी चाहता है कि क्रिकेट दुनिया की आखिरी लड़की तक पहुंचें और उसी दिन क्रिकेट की प्रमुख सफलता होगी ’

आईसीसी चाहता तो सर डॉन ब्रैडमैन, सचिन तेंदुलकर, शेन वार्न की तस्वीरें लगा सकता था, परंतु आईसीसी चाहता है कि दुनिया में ये संदेश जाए कि क्रिकेट केवल पुरुषों का खेल नहीं है ’ इस जेंटलमैन खेल का लिंग से कोई लेना देना नहीं है, बल्कि शारीरिक फिटनेस एवं इच्छाशक्ति मायने रखती है ’ हमारे देश में जहां आम तौर पर बेटियाँ क्रिकेट नही खेलतीं चूंकि हमारे यहां लोगों की धारणाएं हैं कि ये खेल तो लड़कों का है, हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियां न तो क्रिकेट खेलती हैं, और न देखती हैं, यही कारण है कि पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट की समझ विकसित नहीं हुई है ’ इस बार बेटियों की सफलता भारत की ग्रामीण लड़कियों के लिए भी दरवाजे खोल देगी ’ हमारे देश में हर क्षेत्र में बेटियों ने अब तक परचम लहराया है, परंतु क्रिकेट के क्षेत्र में हमारे देश की बेटियाँ दशकों से संघर्ष कर रहीं हैं, हालांकि इस बार फाइनल में पहुँचने के बाद उम्मीदें बढ़ गईं हैं ’ भारतीय महिला क्रिकेट टीम इतिहास रचने के करीब है, यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर है ’ पहले भारत में महिला क्रिकेटरों में केवल अंजुम चोपड़ा ही फेमस थीं, परंतु धीरे-धीरे ही सही आज पूरी टीम की लड़कियां दुनिया भर में अपनी पहिचान रखती हैं, जिनका दर्जा किसी सुपरस्टार से ज्य़ादा है ’ महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ओपनर स्मृति मन्धना, शेफाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष हरलीन देओल सहित स्टार महिला क्रिकेट पूरी दुनिया में भारत की क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनमे मिताली राज, झूलन गोस्वामी जैसी पूर्व स्टार क्रिकेटर्स भी शामिल हैं ’

महिला वनडे विश्व कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड के 119 रनों की मदद से 338 रन बनाए। जवाब में भारत ने जेमिमाह रोड्रिगेज की नाबाद 127 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रनों की पारी के दम पर 48.3 ओवर में 341/5 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह महिला वनडे क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा सफल लक्ष्य पीछा है, साथ ही वनडे विश्व कप (पुरुष-महिला) के नॉकआउट मुकाबले में पहली बार 300 से अधिक रनों का चेज हुआ है। इस मैच की शुरूआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही। पावरप्ले में शेफाली वर्मा (10) और स्मृति मंधाना (24) जल्दी आउट हो गईं। लेकिन जेमिमाह और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी कर मैच को संभाला। जेमिमाह ने 134 गेंदों में 17 चौके जड़ते हुए नाबाद 127 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत ने 88 गेंदों पर 89 रन ठोके। बाद में दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष और अमनजोत कौर ने उपयोगी योगदान दिया। अंतिम ओवरों में भारत ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और 7 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। यह जीत ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों के विश्व कप अजेय क्रम को भी समाप्त करने वाली साबित हुई। इस जीत ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। महिला वनडे में सबसे बड़ा सफल लक्ष्य चेज अब भारत के नाम है और ऑस्ट्रेलिया के 331 रनों के पुराने रिकॉर्ड को भारतीय खिलाड़ियों ने पीछे छोड़ दिया है। वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण में यह पहला मौका है जब 300 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया हो। इससे पहले पुरुष वर्ग में 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 298 रनों का लक्ष्य चेज किया था। यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मील का पत्थर है। 2005 और 2017 के फाइनल हार के बाद तीसरी बार फाइनल में पहुंची टीम अब खिताब की प्रबल दावेदार है। 3 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबला होगा। स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारों ने इस ऐतिहासिक जीत को और भी यादगार बना दिया। यह चेज अब रिकॉर्ड बुक में दर्ज है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

एक एतिहासिक विजय क्रिकेट को बदल कर रख देती है, जिस तरह से भारतीय क्रिकेट 1983 की विजय के बाद गाँव - गाँव पहुँच गया था, ठीक इस बार भी बेटियों की विजय बने बनाए प्रतिमानों को तोड़ देगी कि क्रिकेट लड़कों का खेल है और यह यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर होगी, पूरा भारत अपनी बेटियों के विजय की राह देख रहा है ’

(लेखक पत्रकार हैं )

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील में नशे की तस्करी पर बड़ा ऐक्शन, 119 से ज्यादा मौतें, भड़क गई जनता

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** साउथ अमेरिका के देश ब्राजील में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर छापेमारी हुई है। इसमें 119 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार को इन मौतों के बाद ब्राजील में काफी प्रदर्शन हुए। इसके अलावा गवर्नर से भी इस्तीफे की मांग की गई है। पुलिस की छापेमार कार्रवाई में रियो डि जनेरियो में ये मौतें हुई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को शहर के इतिहास की सबसे घातक कार्रवाई माना जा रहा है। लोगों ने सड़क पर शव रख कर प्रदर्शन किए और पुलिस पर एक खास वर्ग के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। इन लोगों ने कहा कि पुलिस पर सख्त ऐक्शन होना चाहिए। बड़ी संख्या में लोग सरकारी मुख्यालय के सामने एकत्र हुए। उन्होंने नारे लगाए और लाल रंग से रंगे ब्राजीलियाई झंडे लहराए। मृतकों की संख्या और शवों की अवस्था (विकृति और चाकू के घाव आदि) को लेकर तत्काल सवाल उठने लगे। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय, अभियोजकों और सांसदों ने गवर्नर कास्त्रो से अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करने को कहा। कई नेताओं ने हैरानी जताई कि आखिर पुलिस के ऐक्शन में इतने लोगों की मौत कैसे हो सकती है। मृतकों की कुल संख्या अधिकारियों द्वारा पूर्व में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि 60 लोग मारे गए हैं। छापे की कार्रवाई लगभग 2,500 पुलिसकर्मियों और सैनिकों ने पेन्हा और कॉम्प्लेक्सो डी अलेमाओ में की थी। स्थानीय निवासी एलिसांगेला सिल्वा सैंटोस (50) ने पेन्हा में कहा, वे उन्हें जेल ले जा सकते थे, उन्हें इस तरह क्यों मार रहे हैं? उनमें से बहुत से जिंदा थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। हां, वे तस्कर हैं, लेकिन वे इंसान हैं। पुलिस और सैनिकों ने हेलीकॉप्टरों, बख्तरबंद वाहनों और पैदल ही अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य 'रेड कमांड' गिरोह था। फिलहाल ब्राजील में इस घटनाक्रम के चलते तनाव की स्थिति है और बड़ी संख्या में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### अमेरिकी सीनेट में कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास, ट्रम्प की पार्टी के सदस्यों ने भी समर्थन दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ। इसका मकसद ट्रम्प की कनाडा पर टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म करना था। यह कदम हाल ही में कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले के बाद लिया गया। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव 50-46 वोटों से पास हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए टैरिफ खत्म करने के पक्ष में मतदान किया। सीनेट इससे पहले भी 2 अप्रैल को यह प्रस्ताव पास कर चुकी थी, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने इसे आगे नहीं बढ़ाया, जिससे प्रक्रिया रुक गई थी। अब डेमोक्रेट सांसद टिम केन ने इसे फिर से पेश किया। उनका कहना है कि कनाडा पर ट्रम्प के टैरिफ लगाने का कोई कानूनी औचित्य नहीं है, क्योंकि इसे आपातकाल अधिनियम के तहत नहीं ठहराया जा सकता। ट्रम्प और कनाडा के बीच विवाद तब बढ़ गया जब कनाडा के ओंटारियो प्रांत ने वर्ल्ड सीरीज के दौरान टीवी पर एक विज्ञापन चलाया था।

### पाकिस्तान में छह सैनिकों की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए आईईडी हमले में एक कैप्टन समेत छह सैनिक मारे गए। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान सीमा से सटे कुर्रम जिले के सुल्तानी क्षेत्र में हुआ। आतंकवादियों ने काफिले पर गोलीबारी की, जिसके बाद गोलीबारी के दौरान डोगर के पास आईईडी विस्फोट हुआ, जिससे भारी जनहानि हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में सात आतंकवादी मारे गए। हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है।

### फ्लोरिडा के विश्वविद्यालयों में एच-1बी वीजा पर नियुक्तियां समाप्त होंगी, गवर्नर डेसेंटिस का फरमान

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिका में एच-1बी वीजा का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। ताजा घटनाक्रम में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा है कि उनके राज्य में जितने भी विश्वविद्यालय हैं, वे अपने पदों पर नौकरियों के लिए अमेरिकियों को नियुक्त करें। गवर्नर के फरमान के मुताबिक कार्य वीजा पर विदेशी श्रमिकों को नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा, देश भर के विश्वविद्यालय नौकरी करने के लिए उपलब्ध योग्य अमेरिकियों को नियुक्त करने के बजाय एच-1बी वीजा पर विदेशी श्रमिकों को आयात कर रहे हैं।

# सदी के ताकतवर तूफान ने मचाई भारी तबाही; क्यूबा में 30 की मौत, जमैका में राहत शिविरों में 25000 लोग

**सैंटियागो डी क्यूबा, एजेंसी।** सदी के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक मेलिसा ने क्यूबा, हैती और जमैका में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे गिर गए और जगह-जगह पानी से भरा मलबा दिखाई दे रहा है। जमैका के सेंट एलिजाबेथ जिले के सांता क्रूज इलाके में भूस्खलन के कारण मुख्य सड़कें बंद हो गईं। गलियां कीचड़ के गड्ढों में बदल गईं। लोग घरों से पानी निकालने की कोशिश करते दिखे। तूफान की तेज रफ्तार के कारण एक हाई स्कूल की छत भी उड़ गई। इस स्कूल का इस्तेमाल राहत शिविर के रूप में किया जा रहा था। वहीं स्थानीय निवासी जेनिफर स्मॉल ने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। अभी तक नुकसान का पूरा अनुमान नहीं लगाया जा सका है, क्योंकि कई इलाकों में बिजली और संचार व्यवस्था ठप है। जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा, फिलहाल हम निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते। मेलिसा ने मंगलवार को जमैका में पांचवीं श्रेणी के तूफान के रूप में दस्तक दी थी, जिसकी हवाओं की रफ्तार 295 किलोमीटर प्रति घंटा थी। यह अटलांटिक महासागर के इतिहास के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक रहा है। बाद में यह क्यूबा की ओर बढ़ गया, लेकिन इसके असर से आसपास के देश भी प्रभावित हुए। हैती में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लापता हैं। हैती की नागरिक सुरक्षा



एजेंसी ने बताया कि मृतकों में से 20 और लापता लोगों में से 10 दक्षिणी तटीय कस्बे के हैं, जहां बाढ़ के कारण दर्जनों घर ढह गए। जमैका में भी अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। क्यूबा में बुधवार को कई मकान ढह गए, सड़कें बंद हो गईं और इमारतों की छतें उड़ गईं। सबसे ज्यादा नुकसान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम इलाकों में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7.35 लाख लोग अब भी राहत शिविरों में हैं। सैंटियागो डी क्यूबा के निवासी रेनाल्डो चरॉन (52 वर्षीय) ने कहा, वो रात नर्क जैसी थी। पूरी रात बहुत खौफनाक थी। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अब यह श्रेणी-2 का तूफान बन चुका है और यह अगले कुछ घंटों में बहामास में तेज हवाओं और बाढ़ का कारण बन सकता है।

**जमैका में राहत शिविरों में 25 हजार से अधिक लोग :** जमैका में 25 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। तूफान ने उनके घरों की छतें उड़ा दीं और उन्हें बेघर कर दिया। बिजली मंत्री डिक्सन ने बताया कि 77 फीसदी इलाकों में बिजली नहीं है। जमैका के आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यकारी निदेशक रिचर्ड थॉम्पसन ने बताया कि कुछ जगहों पर संचार पूरी तरह ठप है, जिससे नुकसान का आकलन मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने कहा, पुनर्निर्माण में समय लगेगा, लेकिन सरकार पूरी तरह सक्रिय है। राहत सामग्री तैयार की जा रही है और हम सामान्य स्थिति बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर ब्लैक रिवर के मेयर रिचर्ड सोलोमन ने कहा, हम जो देख रहे हैं, उसके मुकाबले विनाशकारी शब्द भी छोटा लगता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय अस्पताल, पुलिस और राहत सेवाएं बाढ़ में डूब गईं और काम नहीं कर पा रही हैं। जमैका के परिवहन मंत्री डैरिल वाज ने कहा कि दो हवाई अड्डे राहत राहत उड़ानों के लिए खोले जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां और कई गैर-सरकारी संगठन राहत सामग्री वितरण के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, तबाही बहुत बड़ी है। हमें एकजुट होकर काम करना होगा ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि अमेरिका कैरेबियाई देशों में राहत और बचाव के लिए टीमें भेज रहा है।

**हैती में 10 बच्चों समेत 20 की मौत, कई घर पूरी तरह नष्ट :** हैती के पेटिट-गोआव कस्बे में तूफान मेलिसा ने 160 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचाया और 80 घर पूरी तरह नष्ट हो गए। यहां मारे गए 20 लोगों में से 10 बच्चे थे। स्थानीय निवासी चार्ली सेंट-विल (30 वर्षीय) ने बताया कि तूफान के बाद सड़कें मलबे में बदल गईं और कई जगहों पर शव बिखरे पड़े थे। लोग अपने लापता बच्चों की तलाश में चीख रहे थे। उन्होंने कहा, लोगों ने सब कुछ खो दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक अस्थिरता के कारण अब लोगों को दवाओं, पानी और खाने की भारी चिंता सता रही है। हमें नहीं पता कि कल या परसों क्या होगा। फिलहाल लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। सेंट-विल ने अपने घर में कुछ बेघर पड़ोसियों को शरण दी है। उन्होंने कहा, मैं जितना कर सकता हूं कर रहा हूं, लेकिन हालात सबके लिए बेहद कठिन हैं। सैंटियागो डी क्यूबा में बुधवार को लोग अपने गिरे हुए घरों के मलबे को हटाने में जुटे थे। स्थानीय मछुआरे एलेक्सिस रामोस (54 वर्षीय) ने कहा, जान बच गई, यही सबसे जरूरी है। लेकिन इसे फिर से बनाना बहुत महंगा पड़ेगा।

## पुतिन ने कर दी यूक्रेन के दो शहरों की घेराबंदी, सरेंडर कराने पर तुले रूस के सैनिक

**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दावा किया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के दो प्रमुख पूर्वी शहरों में यूक्रेनी सेना को घेर लिया है और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा है, वहीं यूक्रेन के सैन्य अधिकारियों ने पुतिन के इस दावे का खंडन किया है। पुतिन ने मॉस्को के एक सैन्य अस्पताल में घायल सैनिकों के साथ बातचीत में कहा कि रूसी सैनिक यूक्रेन और पश्चिमी देशों के पत्रकारों के लिए सुरक्षित गलियारे खोलने के लिए तैयार है ताकि वे अपनी आंखों से देख सकें कि क्या हो रहा है।

**पुतिन ने किया इन दो शहरों को घेरने का दावा :** रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के एक प्रमुख गढ़ पोक्रोवस्क और उत्तर-पूर्वी खार्किव क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण रेल जंक्शन कुपियांस्क में यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिया गया है। वहीं पुतिन के दावों से ठीक उलट यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि कुपियांस्क को घेर लिए जाने के दावे मनगढ़ंत और काल्पनिक हैं। यूक्रेन की पूर्वी सेना के प्रवक्ता ह्रीहोरी शापोवाल ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि पोक्रोवस्क में हालात कठिन लेकिन नियंत्रण में हैं।

**क्या चाहते हैं पुतिन :** पोक्रोवस्क की रक्षा कर रही यूक्रेनी सेना की 7वीं रैपिड रिएक्शन कोर ने कहा है कि रूस ने शहर को घेरने



के लिए लगभग 11,000 सैनिकों को तैनात किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उसने स्वीकार किया कि कुछ रूसी सैन्य इकाइयां पोक्रोवस्क में घुसपैठ करने में कामयाब रही हैं। पुतिन ने बुधवार को संकेत दिया कि रूस दोनों शहरों में मौजूद यूक्रेनी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बदले कोई समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन इलाकों का दौरा करने से पत्रकारों को घेरे गए यूक्रेनी सैनिकों की स्थिति का पता चल सकेगा और यूक्रेन का राजनीतिक नेतृत्व अपने नागरिकों के भविष्य के बारे में उचित निर्णय ले सकेगा। वॉशिंगटन के एक थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने मंगलवार देर रात कहा कि रूसी सेना पोक्रोवस्क क्षेत्र में आगे बढ़ गई है लेकिन पोक्रोवस्क शहर के भीतर किसी भी मोर्चे पर उनका नियंत्रण नहीं है। कुपियांस्क की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर, यूक्रेन के संयुक्त बल कार्यबल के प्रवक्ता विक्टर त्रेहुबोव ने कहा कि पुतिन का दावा जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता।

## प्रशांत महासागर में अमेरिका ने फिर बनाया नौका को निशाना, मादक पदार्थ की तस्करी का लगाया आरोप; चार की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में एक और नाव पर हमला किया है। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि इस नौका पर नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे। इस हमले में नाव पर सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खुफिया विभाग ने पाया कि यह नाव एक पहचाने हुए मादक पदार्थ तस्करी मार्ग पर चल रही थी और उसमें ड्रग्स मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमेरिका की तरफ से हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। हेगसेथ ने घटना का जो वीडियो साझा किया है, उसमें नाव को विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन बीते दो महीनों से दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है और वहां अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। इन कार्रवाइयों से



यह अटकलें तेज हुई हैं कि अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना है। अमेरिका उन पर लंबे समय से मादक पदार्थों के जरिए आतंकवाद (नार्को-टेररिज्म) फैलाने का आरोप लगाता आया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब तक यह साबित नहीं कर पाया है कि जिन नावों पर हमले किए गए, वे वास्तव में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थीं या नहीं। साथ ही अमेरिका ने मारे गए लोगों की पहचान भी उजागर नहीं की है। ये हमले सितंबर की शुरुआत से जारी हैं।

## नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, संसद भंग करने पर राष्ट्रपति और पीएम से मांगा जवाब

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में सत्ता परिवर्तन और संसद भंग करने को लेकर उठे राजनीतिक विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने के खिलाफ मांगी गई अंतरिम रोक को खारिज कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित अन्य प्रतिवादियों से इस फैसले पर लिखित जवाब मांगा है। यह मामला नेपाल की राजनीति में एक बार फिर अस्थिरता का संकेत दे रहा है। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को वर्तमान अंतरिम सरकार के गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने याचिकाकर्ताओं की उस मांग को अस्वीकार कर दिया जिसमें संसद भंग करने पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित सरकार से पूछा है कि अंतरिम आदेश क्यों न दिया जाए। अदालत ने सभी पक्षों को एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**अंतरिम प्रधानमंत्री से जेन-जी और अन्य राजनीतिक पक्षों की मुलाकात :** इसी बीच नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बुधवार को त्रिपक्षीय बैठक में जेन जी प्रतिनिधियों से बातचीत की। जेन-जी ने पीएम से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और देश में सुशासन सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में सरकार, राजनीतिक दलों और जेन जी समूह के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह चर्चा मुख्य रूप से 5 मार्च को प्रस्तावित आम चुनाव, भ्रष्टाचार, सुशासन और 8-9 सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन के दौरान जान-माल के नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के मुद्दों पर केंद्रित रही। जेन जी प्रतिनिधियों ने कहा कि समय पर संसदीय चुनाव जरूरी हैं, लेकिन केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं होगा। प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि देश का निर्माण और विकास युवाओं के हाथों में है और संवाद की प्रक्रिया लगातार जारी रहनी चाहिए।

**सरकार गठन की पृष्ठभूमि :** यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब जनरेशन जेड आंदोलन के दबाव में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नौ सितंबर को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 12 सितंबर को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया और प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया। प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने पांच मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की थी। इस कदम ने देश में संवैधानिक बहस और राजनीतिक विरोध को हवा दे दी।

**याचिकाओं और कानूनी दलीलों की स्थिति :** सरकार गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ अब तक एक दर्जन से अधिक रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इन याचिकाओं में राष्ट्रपति कार्यालय को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलील दी कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश को प्रधानमंत्री बनाना संविधान के विरुद्ध है। वरिष्ठ अधिवक्ता टिकराम भट्टराई, नेपाल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण घिमिरे और अधिवक्ता खम्मा बहादुर खाती ने अदालत से कहा कि यह सरकार असंवैधानिक है और इसे कोई दीर्घकालिक निर्णय लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

# ट्रंप को सीनेट से झटका, चार रिपब्लिकन सांसदों ने की बगावत; कनाडा पर टैरिफ हटाने से जुड़ा विधेयक पारित

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को सीनेट ने बुधवार को सीनेट से एक और झटका लगा है। दरअसल, संसद (कांग्रेस) के ऊपरी सदन के सदस्यों ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ 50-46 के अंतर से मतदान किया, जिसके तहत उन्होंने कनाडा पर भारी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए थे। ट्रंप ने हाल में कनाडा पर दस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ इसलिए लगा बढ़ा दिए थे, क्योंकि वहां के एक टेलीविजन विज्ञापन में उनकी व्यापार नीतियों की आलोचना की गई थी। द हिल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चार रिपब्लिकन सीनेटर ने किया प्रस्ताव का समर्थन रिपब्लिकन पार्टी के चार सीनेटर सुसान कॉलिन्स (मेन), मिशेल मैककोनेल (केंटकी), लिसा मुर्कोव्स्की (अलास्का) और रैंड पॉल (केंटकी) ने डेमोक्रेटिक सीनेटर के साथ मिलकर प्रस्ताव का समर्थन किया, जिससे ट्रंप के टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म किया जा सके। सीनेट ने इससे पहले भी दो अप्रैल को यही प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन तब रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सदन ने इसे आगे नहीं बढ़ाया था। इस प्रस्ताव को डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर टिम केन (वर्जीनिया) ने दोबारा पेश किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप का कनाडा पर टैरिफ लगाना अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति कानून के तहत उचित नहीं है। कनाडा के साथ साझेदारी तोड़ना टैरिफ का नकारात्मक पहलू: टिम केन सीनेट में चर्चा के दौरान केन ने कहा, मैं कनाडा पर लगाए गए इन टैरिफ का विरोध करता हूं, क्योंकि यहां ऐसी कोई आपात स्थिति नहीं है, जिसके लिए इस कानून का इस्तेमाल किया जाए। कनाडा के साथ लंबे समय से चली आ रही मजबूत साझेदारी को तोड़ना इन टैरिफ का एक बड़ा नकारात्मक पहलू है। मेन की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे टैरिफः सुसान कॉलिन्स मेन राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनेटर सुसान कॉलिन्स ने कई बार चेतावनी दी थी कि ये टैरिफ उनके राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसाने पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा था, मेन की अर्थव्यवस्था कनाडा से गहराई से जुड़ी हुई है, जो हमारा सबसे बड़ा अहम व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों, पेपर मिलों, वन उद्योगों और मत्स्य पालन पर लगाए गए टैरिफ मेन के कई परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। ट्रंप और कनाडा के बीच विवाद इस हफ्ते तब और बढ़ गया, जब ओंटारियो में वर्ल्ड सीरीज के दौरान एक टीवी विज्ञापन दिखाया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का भाषण था, जिसमें उन्होंने टैरिफ का विरोध किया था। ट्रंप ने उस विज्ञापन को तथ्यों के साथ गंभीर छेड़छाड़ और शत्रुतापूर्ण कदम बताया और जवाब में कनाडा से आयात पर 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया।

## 33 साल बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण को तैयार अमेरिका, ट्रंप बोले- रूस-चीन कर लेंगे बराबरी, इसलिए जरूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने देश के डिपार्टमेंट ऑफ वॉर (पहले इसे डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के नाम से जाना था) को परमाणु हथियारों के परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया है। ट्रंप का यह फैसला रूस और अन्य देशों की तरफ से हाल में किए गए परमाणु परीक्षणों के बाद आया है।

**पहले कार्यकाल में पूरी तरह अपडेट किए थे हथियार :** ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में अमेरिका के सभी परमाणु हथियारों का पूरा अपडेट और नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। यह उपलब्धि मेरे पहले कार्यकाल में हासिल की गई थी। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उन्हें इन हथियारों की भारी विनाशकारी शक्ति के कारण परीक्षण करने से घृणा है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा।

**रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर :** डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि रूस परमाणु शक्ति के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि चीन अभी काफी पीछे है। उन्होंने लिखा, रूस दूसरा है, और चीन दूर तीसरे स्थान पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वह बराबरी पर आ जाएगा। ट्रंप के अनुसार, जब अन्य देश अपने परमाणु कार्यक्रमों का परीक्षण कर रहे हैं, तो अमेरिका को भी बराबरी के आधार पर अपने हथियारों का परीक्षण शुरू करना



चाहिए। इसी कारण उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को तुरंत प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

**30 साल बाद बड़ा बदलाव संभव :** राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा सकता है, क्योंकि अमेरिका ने 1992 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका कॉम्प्रिहेंसिव न्यूक्लियर-टेस्ट-बैन ट्रीटी का हिस्सा है, जो सभी परमाणु विस्फोटक परीक्षणों पर रोक लगाता है, हालांकि इस संधि को अमेरिका ने औपचारिक रूप से कभी मंजूर नहीं किया। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2023 में एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस ने सीटीबीटी संधि से अपनी मंजूरी वापस ले ली थी, ताकि वह अमेरिका के समान स्थिति में रह सके।

# ट्रम्प बोले- अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील हुई, चीन पर 10% टैरिफ कम किया

**सियोल, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि चीन के साथ ट्रेड डील पूरी हो गई है। इस पर अब दस्तखत होना बाकी है। ट्रम्प ने यह जानकारी साउथ कोरिया से अमेरिका जाते वक्त प्लेन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीन पर 10% टैरिफ कम कर दिया गया है। बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। ट्रम्प ने कहा- मैंने चीन पर फेंटेनाइल के कारण 20% का टैरिफ लगाया था, जो काफी ज्यादा था। लेकिन मैंने इसे अब 10% कम कर दिया है। यह तुरंत लागू होगा। दोनों के बीच गुरुवार को साउथ कोरिया के बुसान में 100 मिनट तक बैठक चली। बिजी शेड्यूल होने की वजह से यह मुलाकात बुसान एयरपोर्ट पर हुई। 6 साल बाद मिले ट्रम्प और जिनपिंग ट्रम्प और जिनपिंग 6 साल बाद मिले। इससे पहले आखिरी बार 2019 में दोनों के बीच बैठक हुई थी। गुरुवार को हुई बैठक से पहले ट्रम्प ने कहा कि आज ही चीन के साथ ट्रेड डील साइन हो सकती है। मुलाकात के दौरान ट्रम्प-जिनपिंग ने हाथ मिलाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी मुलाकात बहुत कामयाब होगी, इसमें उन्हें कोई शक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, शी (चीनी राष्ट्रपति) बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। चीन के इंटरनेट पर ट्रम्प-शी की मुलाकात बनी टॉप ट्रेंड ट्रम्प और जिनपिंग की मुलाकात को चीन में लाखों लोग ऑनलाइन देख रहे थे। यह मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया। बीते कुछ महीनों में अमेरिका और चीन ने एक-दूसरे के खिलाफ लगातार बढ़ते टैरिफ लगाए थे, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और दोनों देशों के कारोबार



प्रभावित हुए। इसलिए दुनियाभर की नजर इस बात पर थी कि क्या दोनों नेता रिश्तों में स्थिरता लाने की दिशा में कोई बड़ा कदम उठाएंगे। हालांकि बैठक के बाद दोनों नेताओं ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया और न ही किसी पक्ष ने बैठक का औपचारिक लेटर जारी किया। लेकिन ट्रम्प ने एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से कहा कि एक ट्रेड डील हो गई है, जिसकी साइनिंग जल्द हो सकती है।

**ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण के आदेश को सही ठहराया :** ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने कहा, रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं। हमारे पास सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं, लेकिन हम नहीं करतेज लेकिन बाकी देश टेस्टिंग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि अमेरिका अपने परमाणु परीक्षण कब और कहां करेगा, बस इतना कहा, हमारे पास टेस्टिंग साइट्स हैं, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि इससे दुनिया एक और अधिक खतरनाक परमाणु माहौल में जा सकती है, तो ट्रम्प ने जवाब दिया, मुझे लगता है हमने इसे काफी हद तक नियंत्रण में रखा है। ट्रम्प ने आगे कहा, मैं परमाणु निरस्त्रीकरण देखना चाहूंगा। हम इस बारे में रूस से बात कर रहे हैं, और अगर कुछ होता है तो चीन को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**ट्रम्प ने जिनपिंग से यूक्रेन जंग पर बात की :** ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जिनपिंग से रूस-यूक्रेन युद्ध पर काफी गंभीरता से चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि वे मिलकर कोशिश करेंगे ताकि यह युद्ध खत्म हो सके। ट्रम्प ने कहा- हम दोनों मानते हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़े हुए हैं और कभी-कभी आपको उन्हें लड़ने देना पड़ता है। लेकिन जिनपिंग इसमें हमारी मदद करेंगे और हम यूक्रेन के मसले पर साथ काम करेंगे। अब इससे ज्यादा हम कुछ नहीं कर सकते। ट्रम्प ने बताया कि वे अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे। इसके बाद शी जिनपिग भी अमेरिका आएंगे। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा, मैं अप्रैल में चीन जाऊंगा और इसके बाद शी जिनपिंग यहां आएंगे। यह मुलाकात फ्लोरिडा, पाम बीच या वॉशिंगटन डीसी कहीं भी हो सकती है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और चीन के बीच रेयर अर्थ मटेरियल से जुड़ा विवाद अब सुलझ गया है, हालांकि उन्होंने इस समझौते के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।



# नींद और थकावट

## आने पर ध्यान दें



- गर्मी के दिनों में थोड़ा सा ठंडा पानी पीने से आप जागृत महसूस करेंगें और थकावट दूर हो जाएगी
- जब आपको नींद आए तो अपनी खुराक पर ध्यान जरूर दें

**पर्याप्त** नींद लेना सेहत के लिए जरूरी है। पर्याप्त न सो पाने या रात भर पार्टी में व्यस्त रहने पर शायद आपको थकावट और नींद आने पर कुछ उपायों की आवश्यकता पड़े। जब आपके शरीर को आराम करने की सख्त जरूरत हो तो अपने आप को जगाए रखना गलत बात है। लेकिन कई बार हमें बहुत आवश्यक कार्य करने होते हैं तो हमें जागना ही पड़ता है चाहे जो भी हो। नींद आने और थकावट महसूस करने पर जागते रहने के लिए सुझाए गए इन उपाय करने पर नींद से उभरा जा सकता है।

**पानी ज्यादा पीएं :** अगर आपके शरीर में पानी की कमी होगी तो आप ज्यादा थकान महसूस करेंगे। वैसे भी हर दिन पर्याप्त पानी पीना चाहिए लेकिन नींद आने और थकान लगने पर जागते रहने के लिए थोड़ा ज्यादा पानी पीना चाहिए। गर्मी के दिनों में थोड़ा सा ठंडा पानी पीने से आप जागृत महसूस करेंगें और थकावट में ज्यादा चौकन्ने रहेंगे।



**सूर्य का प्रकाश :** सूर्य का प्रकाश तुरंत और प्रभावशाली रूप से मूड को ठीक करता है। यह विटामिन-डी के उत्पादन को प्रेरित करता है और मौसम के कारण होने वाले मूड में बदलाव से बचाता है। जब आपको नींद आ रही हो तो सूर्यप्रकाश जागते रहने में सहायक है। अपने पदरे को खोलें और सूर्य के प्रकाश को अंदर आने दें।

**गहरी-गहरी सांसें लें :** सांस लेने की यह विधा जागते रहने में सहायक है। अपनी नाक से सांसों को अंदर-बाहर छोड़ें तथा अपने पेट को डायफ्राम की तरफ खींचें। बेहतर परिणाम के लिए इसे शीघ्रता से करने का प्रयास करें। इसे आप भोजनावकाश में भी कर सकते हैं।

**हर 30 मिनट में क्रियाशील हो जाएं :** पूरा दिन कंप्यूटर या टीवी के सामने रहने से आप और भी थकान और नींद महसूस करेंगे। जागते रहने के लिए आपके शरीर को क्रियाशील रहने की आवश्यकता होती है। दिन भर कहीं ज्यादा तरोताजा रहने के लिए हर तीस मिनट पर उठकर अपने पैरों को खींचें।

**थोड़ी झपकी ले लें :** नींद आने और थकावट महसूस करने पर जागते रहने के लिए झपकी लेना सबके लिए नहीं है, लेकिन यह कारगर है। चाहे यह केवल 10 से 15 मिनट की ही हो लेकिन यह चमत्कारी होता है। हलांकि कुछ लोगों को झपकी के बाद और नींद आती है। झपकी के बाद नींद का अहसास दूर होने में 35 मिनट तक का समय लग सकता है।

**ताजी हवा :** जब आपको नींद आ रही हो तो जागते रहने के लिए ताजी हवा की गहरी सांस की शायद कहीं ज्यादा फायदेमंद होगी। अगर आप काम पर हैं तो खिड़कियों को खोलें या फिर ब्रेक में या भोजनावकाश में बाहर निकलें। अगर आप कार में हैं तो खिड़कियों को खोल कर अंदर की हवा को तरोताजा करें।

**थोड़ा टहलें :** बैठे रहने से नींद नहीं जाती है। जब आपको नींद आए तो आपके चाहे कितने ही काम पड़े हों थोड़ा टहल कर आएं। यह नींद आने और थकावट महसूस करने पर जागते रहने में बहुत कारगर है। अगर आप काम पर हैं और बहुत दूर जाना मुमकिन न हो तो कुछ पेय बनाएं या फिर अपने सहकर्मी के पास तक जाएं।

**सही भोजन चुनें :** जब आपको नींद आए तो अपनी खुराक पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। नाश्ते को न छोड़े और दोपहर के भोजन में वसा युक्त भोजन न लें। दिन भर प्रोटीन से भरपूर कुछ हल्का-फुल्का अवश्य लेते रहें और कॉफी तथा अन्य पेय पदार्थो से परहेज करें।

# कुछ एंटीबायटिक बार बार लेने से मधुमेह!

**कुछ** एंटीबायटिक बार बार लेने से मधुमेह होने का खतरा बढ़ जाता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ इंडोक्रनालजी के अनुसार कुछ एंटीबायटिक बार-बार लेने से 'टाइप टू डायबिटीज' का खतरा बढ़ जाता है। लिहाजा विशेषज्ञों ने एंटीबायटिक के बेजा इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है। पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के गैस्टोएन्टरालजी एंड मेडिकल ऑनकोलॉजी के शोधकर्ता डा. बेन बोरसी के अनुसार एंटीबायटिक के कारण हमारे पाचनतंत्र पर खराब असर पड़ता है। इससे 'गट बैक्टीरिया' (आंतों के बैक्टीरिया) के सक्रिय होने की आशंका बढ़ जाती है। इससे शरीर के मैकेनिज्म पर खराब असर पड़ता है और मोटापा बढ़ने की आशंका बढ़ जाती है। मोटापा बढ़ना इंसुलिन की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है।



- एंटीबायटिक के कारण हमारे पाचनतंत्र पर खराब असर पड़ता है
- इससे 'गट बैक्टीरिया' (आंतों के बैक्टीरिया) के सक्रिय होने की आशंका बढ़ जाती है
- लिहाजा मोटापा बढ़ता है और इंसुलिन की प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं

वरिष्ठ शोधकर्ता डा. यू झी यांग के अनुसार हमारे शोध ने एंटीबायोटिक और मधुमेह के बीच संबंध होने के खतरे को उजागर किया है। ब्रिटेन में टाइप टू डायबिटीज मरीज से पीड़ित लोगों की मेडिकल हिस्ट्री पर नजर डाली गई। इसमें यह निष्कर्ष सामने आया कि टाइप टू डायबिटीज से पीड़ित मरीजों को पहले 'पेनसिलीन्स', 'सेपहेलोस्पोरिन्स', 'क्वींनोलोन्स' और 'मैक्रोलाइड्स' आदि का कम से कम दो बार कोर्स किया था। इसमें से 'क्वींनोलोन्स' सांस के रोगियों और 'यूरीनरी ट्रेक इंफेक्शन' के मरीजों आदि को दी जाती है। ब्रिटेन में 30 लाख लोग टाइप टू डायबिटीज से पीड़ित हैं। भारत सहित कई देशों में मधुमेह पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आने वाले समय में भारत में मधुमेह मरीजों की संख्या अत्यधिक बढ़ने की आशंका है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

## हंसी के फूव्वारें

एक सज्जन ने अपने मित्र को बतलाया, 'यह सोने का कप मैंने दौड़ में फर्स्ट आने के कारण प्राप्त किया है.'

'बहुत खूब, तुम्हारे पीछे कितने लोग थे?' मित्र ने पूछा.

'तीन.....एक कप का मालिक और दो सिपाही.' उन सज्जन ने उत्तर दिया.

□ □ □

एक पोस्टमैन रिटायर हुआ तो उसकी विदाई के मौके पर सबने उससे खास अनुभव के बारे में पूछा.उसने झिझकते हुए कहा-कृपा करके मेरी पेंशन डाक से न भेजे.

□ □ □

दो लड़के जूस पी रहे थे. एक लड़के की उदास शक्ल देखकर दूसरे ने इसका कारण पूछा तो पहले लड़के ने जवाब दिया, 'मैं इसलिए उदास हूं कि मेरा आधा गिलास खाली हो चुका है,मगर तुम क्यों खुश हो?'

दूसरा चहककर बोला- 'इसलिए कि मेरा आधा गिलास अभी तक भरा हुआ है.'

□ □ □

मियाँ ने बीवी को एक पत्रिका में प्रकाशित चित्र सहित दिखाते हुए कहा, 'यह पूरा परिवार कांच खानेवाला है.'

'तुमसे तो ठीक है.' बीवी बोली, 'तुम तो दिन भर दिमाग चाटते रहते हो.'

□ □ □

## काकुरो पहेली - 4040



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो -4040 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 4040



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 4040

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | शि | क | ■ | दी | वा | र | ■ | प्रे | म |
| शि | ■ | न्है | ■ | वी | ■ | फू | ल | ■ | न |
| की | ■ | या | रा | ना | ■ | च | ■ | रा | का |
| ■ | शा | ■ | जा | ■ | ट | क | र | ■ | मी |
| जा | न | की | बा | जी | ■ | र | ■ | अं | त |
| गृ | ■ | ■ | बू | ■ | ही | ■ | दा | दा | ■ |
| ति | रं | गा | ■ | को | रा | का | ग | ज | ■ |
| ■ | ग | ■ | आ | ह | ■ | श | ■ | ■ | सं |
| दे | ■ | रा | जा | रा | नी | ■ | रा | जा | जी |
| व | क्त | ■ | द | ■ | ना | रा | ज | ■ | व |

## सूडोकु -4040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4040 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 4040



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली 4040 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | नु | भ | व | ■ | शा | का | हा | र | ■ |
| अ | ■ | क्ता | ■ | ल | ■ | मि | ■ | नि | ■ | अ |
| ह | म | ■ | का | या | प | ल | ट | ■ | का | का |
| म | ■ | रा | ■ | का | ■ | हो | ■ | श | ■ | र |
| क | हा | नी | का | र | ■ | ना | म | क | र | ण |
| ■ | द | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सो | ■ |
| अ | सा | म | यि | क | ■ | आ | ज | मा | ई | श |
| चा | ■ | स्त | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ■ | रा |
| न | ल | ■ | नी | ल | क | म | ल | ■ | खौ | फ |
| क | ■ | भ | ■ | ना | ■ | दे | ■ | क | ■ | त |
| ■ | को | ला | ह | ल | ■ | ह | र | जा | ई | ■ |

# ज्यादा से ज्यादा फसलों में सीधी बुआई की सम्भावनाओं को तलाशें : श्याम सिंह राणा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा फसलों में सीधी बुआई की सम्भावनाओं को तलाशें ताकि सिंचाई के लिए पानी और जुताई पर आने वाले खर्च को बचाया जा सके, इससे किसान की फसल को तैयार करने के लिए आने वाली लागत में भी कमी आएगी। राणा अपने कार्यालय में कृषि, बागवानी, हरियाणा राज्य भंडारण निगम लिमिटेड तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से संबंधित बजट -घोषणाओं तथा सरकार के संकल्प -पत्र के वायदों की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि मंत्री ने ÷मेरा पानी मेरी विरासत÷ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पानी की उपलब्धता सीमित है, इसलिए किसानों को कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की तरफ प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने



पंचकूला जिला के पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के किसानों के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि छोटे -छोटे ढलान वाले खेतों में किसान अपनी अच्छी फसल ले सकें। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में कहीं बालू रेत के टिब्बे हैं, कहीं पहाड़ी क्षेत्र तो कहीं समतल जमीन है। किसी खास क्षेत्र को देखते हुए उस क्षेत्र के किसानों के लिए भी योजना में तबदीली करने की संभावनाओं पर विचार करें, बशर्ते किसान को अधिक से अधिक लाभ होना चाहिए। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं को महिला-उन्मुखी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को बिना ब्याज एक लाख रुपये तक का ऋण देने की योजना पर तेजी से अमल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने हरियाणा राज्य भंडारण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से बजट में की गई घोषणाओं के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में गोदाम बनाने के स्टेटस की जानकारी ली और इस दिशा में कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव के क्षेत्रों में लवणीय पानी से पलने वाले पेड़-पौधे लगाने की संभावनाओं का पता लगाने के भी निर्देश दिए।

## सरदार पटेल जयंती पर एकता दौड़ व हरियाणा दिवस समारोह की तैयारी पूरी

एजेंसी

**सोनीपत।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर जिले में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, खिलाड़ी, शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी और आमजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। रन फॉर यूनिटी सुबह छह बजे मुरथल रोड स्थित जानकीदास स्कूल से प्रारंभ होकर विक्रम पैलेस, अग्रसेन चौक, सेक्टर 14 व 15 के केंद्र मार्ग से होते हुए डीएवी स्कूल पहुंचकर समाप्त होगी। विधायक पवन खरखौदा मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ करेंगे।



उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, यातायात और चिकित्सा सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस को आमजन की परेशानी रोकने हेतु आवश्यक रूट डायवर्जन व परामर्श जारी करने को कहा गया। इस अवसर पर प्रतिभागी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी लेंगे। नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में भाग लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाएं। साथ ही बताया कि बरोदा व गन्नौर में भी दौड़ आयोजित होगी, जिनका शुभारंभ क्रमशः विधायक देवेन्द्र कादियान और भाजपा नेता प्रदीप सांगवान करेंगे। इस आयोजन में एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एसीपी राजदीप, डीईओ नवीन गुलिया और भाजपा नेता नंदकिशोर चौहान सहित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## मानेसर निगम क्षेत्र में रोबोट से की जाएगी सीवर की सफाई

एजेंसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर मानव रहित सीवर सफाई की दिशा में काम करने की तैयारी कर रहा है। आयुक्त आयुष सिन्हा ने गांव मानेसर में रोबोट से सीवर सफाई के काम का ट्रायल देखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। रॉबर्ट का संचालन करने वाले एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि एक रॉबोर्ट एक दिन में सीवर के 8 मैनहोल की सफाई कर सकता है। यह करीब 30 फिट की गहराई तक सफाई करेगा। रॉबोर्ट तंग गलियों में सीवर की सफाई करेगा। जिन गलियों में सीवर सफाई के लिए बड़ी मशीन नहीं जा सकती वहां यह उपयोगी साबित होगी। निगम क्षेत्र के अन्य गांवों में इसका ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव, एक्सईएन मंदीप धनखड़, एसडीओ अनिल मलिक, अमन राठी, जेई अनदीप मलिक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त ने किया बादशाहपुर थाना का निरीक्षण

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अचानक बादशाहपुर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस थाना स्टाफ को क्षेत्र में सुव्यस्थित कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। पुलिस कमिश्नर ने रात के समय थाना में आए शिकायतकर्ताओं से भी बातचीत की और उनकी समस्या को जानते हुए पुलिस कार्यों के प्रति फीडबैक लिया। उन्होंने थाने में मौजूद कर्मचारियों से उनकी दिनचर्या व काम करने के तरीके के बारे में जायजा लिया। वहीं मौजूद राइडर्स से उनके बीट के क्राइम और क्रिमिनल की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डीसीपी साउथ हितेश यादव ने एरिया में होने वाली चोरी व क्राइम के बारे में पुलिस कमिश्नर को जानकारी दी। आयुक्त साहब को जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर ने थाना प्रभारी को कर्मचारियों की डेली कार्य करने व अन्य गतिविधि के लिए एक रजिस्टर मेनटेन करने के भी आदेश दिए।

## डिजिटल पुलिसिंग में प्रदेश ने कायम रखी टॉप नेशनल रैंकिंग

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित करते हुए जून 2021 से लेकर अब तक के 51 महीनों में से 37 महीनों तक राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। अगस्त 2025 में राज्य ने सौ फीसदी अंक हासिल करते हुए कुशल सेवा वितरण और तकनीक-आधारित न्याय सुधारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में गुरुवार को अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (सीसीटीएनएस) तथा इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) की 31वीं स्टेट एपेक्स कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राज्य की तकनीकी अवसंरचना की समीक्षा के साथ-साथ भावी नवाचारों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। अनुराग रस्तोगी ने विभाग के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्था ने शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का डिजिटल पुलिसिंग मॉडल एक नई सोच का प्रतीक है, जो प्रतिक्रियात्मक प्रवर्तन से आगे बढ़कर डेटा-आधारित और नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में अग्रसर है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने नागरिक सेवाओं में अतुलनीय निरंतरता कायम रखते हुए हर समय पोर्टल पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए राइट टू सर्विस डैशबोर्ड पर 10 में से 10 अंक प्राप्त किए हैं। 28 अक्तूबर, 2025 तक विभाग ने सरल पोर्टल के माध्यम से 75.97 लाख नागरिक आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया है, जो राज्य के सभी विभागों में सर्वाधिक है। डॉ. मिश्रा ने कई अभिनव तकनीकी पहलों का जिक्र किया, जिनमें होटल विजिटर डेटा सर्च, आईआईएफ-3 (गिरफ्तारी/आत्मसमर्पण फार्म) में क्रिमिनल सर्च हिस्ट्री और लापता व्यक्तियों का हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण शामिल है। नागरिक अब घर बैठे केवल दो मिनट में लापता व्यक्ति की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इससे न केवल त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित होती है बल्कि परिवार की चिंता भी कम होती है।

## सामरिक महत्व के प्रतीक कानोड किला और सोहना किला अब राज्य संरक्षित स्थल

**चंडीगढ़।** हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर लाने की विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की कवायद अब रंग ला रही है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ लगते दक्षिण हरियाणा में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहे कानोड किला (महेन्द्रगढ किला) और सोहना किला समेत आधा दर्जन ऐतिहासिक धरोहरों को राज्य संरक्षित स्थल की सूची में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंजूरी के बाद पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा इसकी प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतराष्ट्रीय महत्व की इन धरोहरों का अब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महेन्द्रगढ जिला में 18वीं शताब्दी में मराठा सेनापति तात्या टोपे द्वारा तैयार कानोड किला (महेन्द्रगढ किला), गुरुग्राम जिला में भरतपुर राजाओं द्वारा तैयार सोहना किला, पलवल जिला में प्राचीन बस्तियों अहरवां, आशा खेडा व कोडला खेडा व रेवाडी रियासत की धरोहर पांच छतरियों के समूह को राज्य संरक्षित स्थल के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र इन धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी, ताकि सभी धरोहरों और इतिहास को देश, दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा सके।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को गुरुवार को निर्देश दिए कि प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन सभी में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री लगाई जाए तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूरा होना चाहिए।

उन्होंने वर्तमान नोडल अधिकारियों को हटा कर उनके स्थान पर सभी सिविल सर्जन को देख रेख करने का जिम्मा सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के प्रति अपडेट रहें, इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जा जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों कुछ जिलों में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों का औचक निरीक्षण किया था, इस दौरान जब उन्होंने नोडल अधिकारियों से निर्माण कार्यों के बारे में पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक ज़वाब नहीं दे पाए। वे अपनी जिम्मेवारी के प्रति अपडेटिड नहीं थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को



सख्त हिदायतें दी, साथ ही उन्होंने अब सभी सिविल सर्जन को निर्माण कार्यों का भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों के प्रति अपडेट रहें। आरती सिंह राव ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान ऐसी जगह है, जहां डॉक्टर मरीजों की जांच करके उनके इलाज करता है। इसलिए इनके निर्माण में काम आने वाले सामान की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सभी संस्थानों का निर्माण निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

## बाल अधिकारों का उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: आयोग

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में बाल संरक्षण अधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में बाल संरक्षण अधिकारों को लेकर चलाई जा रही गतिविधियों व योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों व संस्थाओं से जुडे प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आयोग के सदस्यों ने अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने और बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन एक गंभीर अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। आयोग के सदस्यों ने प्ले स्कूल, किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट), बाल मजदूरी, पॉक्सो एक्ट और बाल देखरेख संस्थान (सीसीआई) से संबंधित गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान पंजीकरण और उनमें बच्चों की सुरक्षा के मानकों पर विशेष ध्यान देने बारे दिशा-निर्देश दिए गए। सभी प्ले स्कूलों में स्टाफ का पुलिस



वेरिफिकेशन अनिवार्य करने के निर्देश दिए। बाल मजदूरी को रोकने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। पॉक्सो एक्ट के तहत लंबित मामलों और सीसीआई में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

आयोग के सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के हितों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के अधिकार किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने चाहिए। बैठक में प्ले स्कूलों के

## गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में सहभागी बने आमजन: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा। गौ सेवा सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गायों को सड़कों पर न छोड़ें और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला करनाल को अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने गौशाला में गायों की पूजा की, गायों को चारा खिलाया और यहां बने चिकित्सालय का दौरा कर गोवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय सनातन जीवन का पवित्र दिन है जो हमें संस्कृति, भाईचारे और प्रेम भाव से जोड़ता है। यह केवल पर्व नहीं बल्कि



करूणा, सेवा और कर्तव्य बोध का प्रतीक है। गौ माता का सामाजिक और आध्यात्मिक महत्वमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौ माता का जहां सामाजिक और आध्यात्मिक महत्त्व है वहीं इसका संबंध गोधन से भी रहा है। प्राचीन समय में जिसके पास जितनी अधिक गायें होती थीं, उसे उतना ही अधिक समृद्ध माना जाता था। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी-देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में एक कामधेनु गाय थी। एक कथा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-गोपियों के लिए जब गोवर्धन पर्वत धारण किया तब आठवें दिन इंद्र देवता भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आए। उन्होंने कामधेनु श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उनका नाम गोविंद रखा। तभी से अष्टमी को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

गौशालाओं में शेड निर्माण जारीमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गायों की जांच के लिए जिन गौशालाओं में 3 हजार से अधिक गोवंश हैं वहां सप्ताह में एक दिन पशु चिकित्सक और इससे कम संख्या वाली गौशालाओं में वीएलडीए की ड्यूटी लगाई गई है। इतना ही नहीं मोबाइल पशु चिकित्सालय की सेवाएं भी गौशालाओं के लिए उपलब्ध कराई गई है। बेसहारा गौवंश के लिए प्रदेश में दो गौ अभयारण्य बनाए गए हैं। गौशालाओं में शेड बनाने के लिए प्रति गौशाला 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। 51 गौशालाओं में शेड बनाए जा चुके हैं।

## लाडो लक्ष्मी लाभ के लिए पीपीपी में आय संशोधित करवाने की मांग

एजेंसी

**झज्जर।** उप मंडल सचिवालय बहादुरगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम नसीब कुमार के साथ मिलकर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई मामलों का समाधान करने के लिए कहा। सीहोर में काफी संख्या में पहुंची महिलाओं ने परिवार पहचान पत्र में अपनी आय सही दर्ज करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में वास्तविक आय से अधिक आए दर्द होने के कारण वे लाडो लक्ष्मी योजना के लिए अपात्र हो गई हैं, इसलिए इसको संशोधित किया जाए।




समाधान शिविर में आए लाइनपार स्थित फोर्टेशिया कॉलोनी के लोगों ने पानी और सीवर की समस्या रखी। जिस पर एसडीएम और नगर परिषद अध्यक्ष ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता से तुरंत संपर्क साधा और उन्हें कॉलोनी की समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र करने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचीं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें फैमिली आईडी में आय अधिक दर्ज होने से संबंधित रहीं।महिलाओं ने बताया कि गलत आय दर्ज होने के कारण वे सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना जैसी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने महिलाओं की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से कहा कि फैमिली आईडी में दर्ज वास्तविक आय की जांच कर सुधार किया जाए।

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जिला फतेहाबाद में बाढ़, जलभराव, सिंचाई, सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाक़ों से इसके ज़रिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का (कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति अभी बनी हुई है, वहां शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय पर फसल की बुआई कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लो-लाइन क्षेत्रों को चिह्नित कर भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आगामी वर्षों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। फसल क्षति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से किसानों की फसल को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन तेजी से पूरी की जाए। किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा की भौतिक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वास्तविक किसान को ही मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार हर किसान को उसकी क्षति का उचित मुआवजा देगी, लेकिन इसके लिए रिपोर्ट सटीक और पारदर्शी होनी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मंडियों में धान खरीद कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला के सभी किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

## आम आदमी पार्टी की महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश सहरावत भाजपा में शामिल

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत में आम आदमी पार्टी की महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश सहरावत ने अपने सामाजिकसंगठन व दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रवेश सहरावत ने बताया कि वह सोनीपत के मेयर राजीव जैन द्वारा शहर में किए जा रहे विकास कार्यों, स्वच्छता, जनसेवा और समर्पण की भावना से गहराई से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जनहित, पारदर्शिता और विकास के मार्ग पर निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व और कार्यप्रणाली के सहयोग से वह समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर भाजपा में शामिल



करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका नकीन मेहरा एडवोकेट की रही, जिन्होंने सहरावत को पार्टी की नीति, दृष्टिकोण और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मेयर राजीव जैन ने सहरावत और उनके साथ आए सभी साथियों का भाजपा परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रवेश सहरावत जैसी सक्रिय और सामाजिक रूप से जागरूक महिलाओं का भाजपा से जुड़ना पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में लक्ष्मी, मीना कुमारी, प्रियंका, विपिन, कोमल, रोहित कुमार, संदीप, नेहा, प्रीति, महेश, पवन आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरियाणा राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट संस्थानों को किया सम्मानित

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (हरेडा) द्वारा ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट (जीजीजीआई) के सहयोग से होटल हयात, चंडीगढ़ में गुरुवार को 'राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरण समारोह÷ एवं एशिया लो कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन (एएलसीबीटी) परियोजना के अंतर्गत भवन रजिस्ट्री पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उद्योग इकाइयों, सरकारी भवनों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं शैक्षणिक संस्थानों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा ने ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल औद्योगिक आवश्यकता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य राज्य को ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। राज्य सरकार निरंतर ऊर्जा के कुशल उपयोग, हरित तकनीकों के प्रचार और नवीकरणीय स्रोतों के प्रोत्साहन की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य की कुल स्थापित विद्युत क्षमता लगभग 16,227 मेगावॉट है, जिसमें से 38.61 प्रतिशत (6,265 मेगावॉट) ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त की जा रही है। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को स्वच्छ स्रोतों से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए आवश्यक संस्थागत एवं नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पावर यूटिलिटीज ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने नवीकरणीय ऊर्जा क्रय दायित्व (आरपीओ) के लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिए हैं और वर्ष 2029-30 के 43.33 प्रतिशत आरपीओ लक्ष्य की दिशा में भी आवश्यक योजनाएं लागू की जा चुकी हैं। इस दौरान हरेडा के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हरेडा, ऊर्जा दक्षता को राज्य की जीवनशैली और विकास का हिस्सा बनाने के लिए निरंतर नीतियां लागू कर रहा है। उन्होंने बताया कि हरेडा ने जीजीजीआई के साथ एशिया लो कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन (एएलसीबीटी) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि एवं वरिष्ठ प्रशासक सुनील गुलाटी (पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा) ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए और उद्योगों एवं नागरिकों को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## निरंकारी संत समागम के लिए रोडवेज ने समालखा में बनाया अस्थायी बस स्टैंड

एजेंसी

**पानीपत।** समालखा में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने जा रहे 78वें निरंकारी संत समागम को लेकर प्रशासन और परिवहन विभाग ने पूरी तरह कमर कस ली है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए सोनीपत रोडवेज ने समालखा में अस्थाई बस स्टैंड बनाया है। समागम में देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जिसको देखते हुए सोनीपत परिवहन विभाग ने 280 बसों को चलाने की विशेष व्यवस्था की है। पानीपत रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक विक्रम कंबोज ने बताया कि इस बार समागम के दौरान आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की आवागमन की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सोनीपत रोडवेज ने पहले से ही पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि सोनीपत रोडवेज द्वारा बनाए गए इस अस्थाई बस स्टैंड से लगातार बसें विभिन्न रूटों पर चलाई जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि सभी बसों का संचालन शुरू हो गया है। यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के लिए पानीपत से सिर्फ चार रोडवेज ट्रैफिक इंस्पेक्टरों की ट्यूटी लगाई गई है गई है, जिनमें दो की सुबह ओर दो की शाम की ट्यूटी इनके अलावा पानीपत से कोई सुविधा नहीं दी गई है। सोनीपत रोडवेज डिपो के महा प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि सोनीपत रोडवेज ने समागम समाप्ति तक 280 बसों की व्यवस्था की है और आठ ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिनकी आठ, आठ घंटे की ड्यूटी लगाई गई है बसों के संचालन की निगरानी सोनीपत रोडवेज द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है। जहां से हर रूट की बसों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रोडवेज बसें पानीपत, करनाल, सोनीपत, दिल्ली, रोहतक और कैथल से श्रद्धालुओं को समागम स्थल तक पहुंचाने का काम करेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को चार विकेट से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मिशेल मार्श की 46 रन की पारी की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को दूसरे टी20 में चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम 125 रनों पर ही आउट हो गयी इसके बाद जीत के लिए मिले 126 रनों के लक्ष्य को मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 13.2 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इस जोड़ी को वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर तोड़ा। हेड ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन की पारी खेली। वहीं, मार्श अर्धशतक 26 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने 20 रन बनाए। वहीं, टिम डेविड एक रन बना सके। स्टोइनिस ने नाबाद छह रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह , कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती तीनों ने ही दो-दो विकेट लिएस।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की बल्लेबाजी विफल रही और केवल अभिषेक शर्मा 68 रन और हर्षित राणा 35 ही कंगारु गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। अभिषेक ने 37 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाये जबकि राणा ने 33 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्का लगाया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और शुभमन गिल 5 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद अभिषेक ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर पारी को संभाला और सबसे अधिक 68 रन बनाये। अभिषेक के अलावा हर्षित राणा ने 35 रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे। 23 रनों पर भारत को संजू सैमसन 2 रन के रूप में दूसरा, और 32 के स्कोर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 1 रन और तिलक वर्मा 0 के रूप में तीसरा और चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल 7 रन आउट होने वाले पांच खिलाड़ी रहे।

105 के स्कोर पर हर्षित राणा के रूप में छठा और 109 के स्कोर पर शिवम दुबे 4 रन के रूप में सातवां विकेट गिरा! कुलदीप के रूप में आठवां झटका लगा है, वह खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 3 विकेट जोश हेजलवुड ने लिए और 2-2 विकेट जैवियर बार्टलेट और नैथन एलिस ने लिए।



# हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली लेंगी संन्यास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिस हीली ने भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए संन्यास के संकेत दिये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पांच विकेट से हराय था। हीली ने कहा कि यह उनका इस प्रारुप का अंतिम मैच हो सकता है।

भारतीय टीम ने इस मैच में 339 रनों का कठिन लक्ष्य हासिल किया था। हीली ने मैच के बाद कहा, इस पूरे टूर्नामेंट में सभी ने अच्छी तरह योगदान दिया। यही वजह है कि हारने वाली कप्तान बनकर खड़े रहना निराशाजनक लग रहा है। हमने कई अवसर बनाएं। हमने दबाव बनाया। मगर हम मैच अपने नाम नहीं कर पाये।

भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज 127 और हरमनप्रीत कौर 89 रनों की अहम भूमिका रही। हीली ने जेमिमा का कैच तब गिरा दिया था जब वह 82 रन पर थीं। यह कैच ऑस्ट्रेलिया की हार का कारण बना।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उगला विश्वकप खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है। साथ ही कहा कि अब उनका लक्ष्य अगले साल होने वाला टी20 विश्वकप है।

हीली ने अब तक 123 एकदिवसीय मैच में सात शतक और 18 अर्धशतकों की सहायता से 3563 रन बनाए। उनकी औसत 35.98 और स्ट्राइक रेट 100 के करीब रहा।

# महिला विश्वकप क्रिकेट : भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी

**–विश्व क्रिकेट को मिलेगी नई चैम्पियन टीम**



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली बड़ी जीत के साथ ही विश्वकप फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम रविवार दो नवंबर को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रनों का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्वकप में हासिल कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के बाद तीसरी बार फाइनल में जगह बनायी है।

सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रन की पारी के बल पर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची है। यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी रिकार्ड बनेगा ही। भारतीय टीम दो बार उप विजेता रही है जबकि दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची है।

महिला विश्व कप फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर सेमीफाइनल जीता है जिससे उसकी यहां जीत की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह पूरे उत्साह से उतरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम ने लीग स्तर पर भारतीय टीम को हराया था जिससे वह प्रेरित रहेगी।

इस प्रकार महिला एकदिवसीय विश्व कप में 25 साल बाद विश्क क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। इससे पहले वर्ल्ड कप 2000 में ऐसा हुआ था, जब न्यूजीलैंड ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। इसके अलावा हमेश ही ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने खिताब जीते थे। इस बार विश्व कप फाइनल के साथ ही विश्व क्रिकेट को चौथी चैंपियन टीम मिलेगी।

भारतीय टीम के ग्रुप स्तर तक का सफर मिलाजुला रहा है उसने 7 मैच खेले जिसमें से उसे 3 में हार मिली जबकि एक मुकाबले में उसे अंक बांटने पड़े। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी शुरुआती हार से उबरकर फाइनल में जगह बनायी है। उसने ग्रुप स्टेज पर 7 में से 5 मैच जीते जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# खत्म हो सकता है इंतजार, एक-दो दिन में भारत पहुंच सकती है एशिया कप ट्रॉफी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को उम्मीद है कि एशिया कप विजेता ट्रॉफी 'एक या दो दिन में' मुंबई स्थित उसके मुख्यालय पहुंच जाएगी लेकिन अगर हालात में कोई प्रगति नहीं होती है तो भारतीय बोर्ड चार नवंबर को इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के समक्ष उठाएगा।

भारत ने दुबई में हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष भी हैं। यह तब हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच विवाद के कारण अपने पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

नकवी पहले ही बता चुके हैं कि ट्रॉफी भारत को सौंपी जा सकती है लेकिन इसे वह स्वयं प्रदान करेंगे। एशिया कप जीत के एक महीने से ज्यादा समय बाद भी BCCI अब भी आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपे जाने का इंतजार कर रहा है। BCCI के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया ने विशेष



बातचीत में कहा, 'जिस तरह से एक महीने बाद भी हमें ट्रॉफी नहीं दी गई है, उससे हम थोड़े नाखुश हैं। हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग 10 दिन पहले भी हमने ACC के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा था लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।'

उन्होंने कहा, 'अब भी ट्रॉफी उनके पास है, लेकिन हमें उम्मीद है कि एक-दो दिन में यह ट्रॉफी मुंबई स्थित BCCI कार्यालय में हमारे पास पहुंच जाएगी।' सैकिया ने कहा कि अगर ट्रॉफी जल्द ही नहीं सौंपी गई तो बीसीसीआई चार नवंबर से दुबई में होने वाली ICC की तिमाही बैठक में इस मुद्दे को उठाएगा। BCCI ने आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी वापस करने का अनुरोध किया है लेकिन नकवी कथित तौर पर अपने रुख पर अड़े हुए हैं और सुझाव दे रहे हैं कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य में किसी कार्यक्रम में इसे व्यक्तिगत रूप से ले लें क्योंकि अभी तक कोई औपचारिक समाधान नहीं हुआ है।

सैकिया ने कहा, 'BCCI की ओर से हम इस मामले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और मैं भारत के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि ट्रॉफी भारत वापस आएगी, बस समय सीमा तय नहीं है। पर एक दिन यह आएगी।' टेस्ट क्रिकेट में पहली बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अगले महीने गुवाहाटी में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में पारंपरिक सत्रों के क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है जिसमें लंच से पहले चाय परोसी जा सकती है। सैकिया ने पुष्टि की कि गुवाहाटी में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण खेल के समय में संभावित बदलाव के बारे में चर्चा चल रही है।

# श्रेयस बोले, हर दिन बेहतर हो रहा, समर्थन के लिए प्रशंसकों का आभार जताया



सिडनी ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अब पहले से ठीक हैं और अच्छा महसूस कर रहे हैं।श्रेयस को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही इस चोट से उबर जाएंगे।वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान एलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते समय पसली में चोट लगाने के बाद हुए रक्तस्राव के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये थे और आईसीयू में भर्ती थे।उन्होंने इसी चोट को लेकर कहा, '' मैं उबर रहा हूं अैर प्रतिदिन पहले से बेहतर हो रहा हूं।

श्रेयस ने कहा '' लोगों की शुभकामनाओं और मिले समर्थन से मैं उत्साहित हूं।मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, ''उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है।दोबारा हुई स्कैन जांच में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है।बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि मेडिकल टी उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है।श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की सहायता से मैदान से बाहर चले गए थे पर ड्रेसिंग रुम में वह बेहोश हो गये थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं शार्दुल



मुम्बई ।पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी साल 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं।शार्दुल के अनुसार वह तेज गेंदबाजी के साथ–साथ नंबर–8 पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।इसलिए उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये।इस ऑलराउंडर ने अक्टूबर 2023 के बाद से ही सीमित ओवरों का कोई मैच नहीं खेला है।जिससे उनकी दावेदारी कमजोर मानी जा रही है।रणजी ट्रॉफी खेल रहे शार्दुल ने कहा, मेरे लिए टीम में वापसी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना बहुत जरूरी है।टी20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में होने वाला है, इसलिए वहां नंबर आठ पर गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर मैं जगब हासिल करना चाहता हूं।. शार्दुल की राह हालांकि आसान नहीं है क्योंकि अभी टीम के पास पहले से ही दो ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा हैं।हर्षित को नंबर–8 पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया था जिससे साफ है कि कि उन्हें इस क्रम पर आजमाया जा रहा है।वहीं नितीश भी एक अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।वहीं शार्दुल ने कहा कि वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें अवसर मिलेगा वह खेलने के लिए तैयार हैं।साथ ही कहा कि मेरे हाथ में केवल प्रदर्शन करना है। बाकि काम चयनकर्ताओं का है।शार्दुल अंतिम बार एकदिवसीय मैच साल 2023 विश्व कप में खेला था।उसके बाद से ही उन्हें अवसर नहीं मिले है

# भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका, पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का हुआ निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी जगत से एक दुखद ख़बर सामने आई है। भारत को 1972 म्यूनिख ओलंपिक में Bronze Medal दिलाने वाले महान खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का शुक्रवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 10 महीनों से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन से पूरे भारतीय हॉकी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

**केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता थे खिलाड़ी**

मनुएल फ्रेडरिक का जन्म 20 अक्टूबर 1947 को केरल के कन्नूर जिले के बारनासीरी में हुआ था। वह केरल राज्य से भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उनके बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने टोक्यो 2020 और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इस विरासत को आगे बढ़ाया।

फ्रेडरिक को भारतीय खेल में उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्हें 2019 में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 'ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

**हॉकी इंडिया ने व्यक्त किया गहरा शोक**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने फ्रेडरिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मनुएल फ्रेडरिक भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर्स में से एक थे। भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके प्रदर्शन ने कई युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी इंडिया उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। हमने एक महान खिलाड़ी खो दिया है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि फ्रेडरिक का समर्पण खासकर केरल जैसे गैर-पारंपरिक हॉकी राज्य से होने के बावजूद अनगिनत



युवाओं के लिए प्रेरणादायक था।

# कोपा डेल रे फुटबॉल : एस्पेनयोल सहित चार क्लब जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे

मैड्रिड ।एस्पेनयोल और लेवांटे फुटबॉल सहित चार क्लबों ने कोपा डेल रे फुटबॉल के पहले दौर के मैचों में जीत दर्ज की है।एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2–1 से हराया जबकि दूसरी तरफ लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4–3 से जीत दर्ज की।सेल्टा विगो ने प्यूर्टो डी वेगा को 2–0 से व रियल बेटिस ने पाल्मा डेल रियो को 7–1 से हराया।एस्पेनयोल की ओर से दोनो ही गोल किके गार्सिया ने किये।किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ ही पहला गोल दाग दिया पर एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया।इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिला दी।वहीं लेवांटे का ओरिहुएला के खिलाफ मुकाबला कांटे का रहा।इस मैच में उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल से शुरुआत में ही लेवांटे ने 2–0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी से किये गोल से ओरिहुएला ने वापसी कर ली। वहीं कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल कर लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई पर गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही गोल कर लेवांटे की बढ़त कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3–3 पर कर दिया पर एस्पी ने 92वें मिनट में गोल कर लेवांटे को जीत दिल दी।एक अन्य मैच में एक हराकर दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है।रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7–1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

# भारतीय टीम की जीत में हरमनप्रीत सहित इन चार खिलाड़ियों की भी रही अहम भूमिका

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज की शतकीय पारी के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चार और खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका रही है। इस मैच में भारतीय टीम ने 339 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लगातार 15 मैचों की जीत के सिलसिल को भी रोक दिया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्री से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनायी है।



**हरमनप्रीत कौर:** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर 2017 की ऐतिहासिक पारी के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में भी 89 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत ने मुश्किल हालात में पारी संभाला और हर ओवर के साथ मैच का रुख भारत की ओर मोड़ा।

**दीप्ति शर्मा:** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक बार फिर साबित किया कि वह कितनी उपयोगी हैं। पहले उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिन से ऑस्ट्रेलिया पर अंकुश लगाया फिर बल्लेबाजी में निचले क्रम में रन जोड़े। जब भी टीम को विकेट चाहिए था, दीप्ति ने सफलता दिलाई। वहीं अंत में जब रनों और गेंद के बीच का अंतर बढ़ रहा था तब दीप्ति ने 17 गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली।.

**रीचा घोष:** विकेटकीपर बल्लेबाज रीचा घोष भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक भरोसेमंद फिनिशर हैं। सेमीफाइनल में जब रन रेट बढ़ा हुआ था तब रीचा ने निडर होकर 16 गेंदों में तेजी से 26 रन बनाये।

**स्मृति मंधाना:** भरोसेमंद अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 24 गेंदों पर 24 रनों की छोटी लेकिन अहम पारी खेली. शेफाली वर्मा के शुरुआत में आउट होने के बाद स्मृति ने पारी को संभाल।

# सिंधु अब अगले सत्र में ही नजर आयेंगी



नई दिल्ली । महिला बैडमिंटन स्टार पी. वी. सिंधु अब इस सत्र में नजर नहीं आयेंगी। सिंधु अब साल 2026 सत्र से ही वापसी करेंगी। सिंधु ने फिट नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है। सिंधु ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सहयोगी स्टाफ और खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से बात करने के बाद लिया है। सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह के बाद उसने साल 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना ही सबसे बेहतर समझा है।इसका कारण है कि उनकी पैर की चोट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है।इस खिलाड़ी के अनुनार नाम वापस लेना फैसला नहीं था पर इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि चोटें हर खिलाड़ी के खेल सफर का हिस्सा होती हैं।ये हमारे धैर्य और जज़्बे की भी परीक्षा लेती हैं।' उन्होंने कहा कि वह अभी डॉक्टारें की टीम के सहायोग से रिकवरी और अभ्यास पर ध्यान दे रही हैं सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का मुझपरा काफी भारोसा है जिससे भी मेरा उत्साह हर दिन और बढ़ता है।मैं उनकी आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित और बेहतर महसूस कर रही हूं।' सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करेंगी।उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं समाप्तनहीं होता,जल्द ही एक नई शुरुआत होगी।' गौरतलब है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद से ही सिंधु के लिए इस साल का सत्र अच्छा नहीं रहा है रहा। वह चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल के बाहर हो गयीं थीं।

# हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने सेमीफाइनल जीतकर खोला राज

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली। दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

जेमिमा ने कहा, 'मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है। जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त



जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी, मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा, 'इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।'

प्रेस कांफ्रेंस में बार बार रो पड़ी जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी। मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा, 'मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

इस पारी से पहले जेमिमा कठिन दौर से गुजर रही थी और टीम से बाहर भी हुई लेकिन उसके साथी खिलाड़ी उसके साथ डटे रहे। उन्होंने कहा, 'कोई अपनी कमजोरियों के बारे में बात नहीं करना चाहता। टूर्नामेंट की शुरूआत में काफी बैचेनी से गुजर रही थी। अपनी मां को फोन करके पूरा समय रोती रहती थी क्योंकि जब आप इन हालात से गुजर रहे होते हैं तो कुछ सूझ नहीं पड़ता।'

उन्होंने कहा, 'समझ में नहीं आता कि क्या करें। ऐसे समय में मेरे माता पिता ने मेरा खूब साथ दिया। अरूंधति रेड्डी से मैं रोज बात करती थी और उसके सामने रोती थी। स्मृति (मंधाना) ने मेरी काफी मदद की। उसे पता था कि मैं क्या महसूस कर रही हूं। कुछ नेट सत्रों में वह खड़ी रही, कुछ कहा नहीं लेकिन उसे पता था कि उसकी मौजूदगी मेरे लिए अहम है। राधा यादव ने मेरा बहुत ख्याल रखा।' जेमिमा ने मैच के बारे में कहा, 'डी वाई पाटिल स्टेडियम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैं यही सोच रही थी कि टिके रहना है तो रन खुद ब खुद मिलेंगे।'



# नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो।

नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे। एक बार मुझे अचानक से कॉल आया और मैं गुस्सा गई और बोली कि अपनी मां को भेजो, अपनी बहन को भेजो या फिर खुद जाओ। नायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में एंट्री ले ली थी। अब तक वो हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वो टीवी का भी जाना माना नाम हैं। वो दिव्य दृष्टि, पिशाचिनी जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वो नीरज पांडे की वेब सीरीज खाकी द बंगाल चैप्टर में नजर आई थीं।



# इमरान हाशमी-यामी गौतम की हक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी वर्तिका सिंह

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है।सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। वह 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं।

फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था।

फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानो-भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है। ख ासकर इमरान हाशमी और यामी गौतम ने बहुत अच्छी एक्टिंग की है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# बिहार की राजनीति पर एक्शन फिल्म लेकर आएंगे सोनू सूद

सोनू सूद का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में लौट आया आ है। सोनू अब बिहार की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर बेस्ड नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। उन्होंने खुद इस फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और इसके निर्देशन के साथ ही मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। सोनू सूद ने कहा... यह फिल्म एक्शन बेस्ड होगी। बिहार मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने यहां पलते-बढ़ते राज्य की राजनीति और सामाजिक पहलुओं को नजदीक से देखा और समझा है। यह कोई डॉक्यूमेंट्री या राजनीतिक ड्रामा नहीं होगी, बल्कि मनोरंजक और रोमांचक फिल्म होगी। हम पिछले 7-8 महीनों से फिल्म की डिटेलिंग पर काम कर रहे हैं। जल्द ही मैं इसका बड़ा ऐलान करूंगा। सोनू की पिछली निर्देशन फिल्म फतेह थी, जो एक ग्रिट्टी एक्शन फिल्म थी। वे फिल्मों को केवल पैसे कमाने का जरिया नहीं मानते। उन्होंने कहा... मेरे लिए दर्शक सिर्फ ऑडियंस नहीं हैं, वे मेरे लिए एक बड़े परिवार की तरह हैं। उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता है। मैं उन्हें केवल मुनाफे के नजरिए से नहीं देखता। बता दें कि कोविड-19 महामारी के दौरान सोनू सूद ने हजारों लोगों की मदद की थी। सोनू की पिछली निर्देशन फतेह थी, जो एक एक्शन फिल्म थी



# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह। कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है। कुब्रा सैत की यह पोस्ट अपनी सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ दर्शकों के दिलों को इस कदर छू गई है कि वे उनके मुरीद बन गए हैं। साथ ही कभी नए सफर की शुरुआत का प्रतीक रही वह पुरानी तस्वीर अब उनकी उपलब्धियों और साहस की गवाह बन चुकी है। सच कहें तो अपनी बोल्ड चॉइसेज़ और असली अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनमें नरमी भी है, और यही उनकी असली ताकत है। गौरतलब है कि हाल ही में काजोल के साथ द ट्रायल सीज़न 2 में नज़र आईं कुब्रा सैत ने अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एन्ड फॉल के साथ अपना डेब्यू किया है और वे जल्द ही अपनी अगली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।





# धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए। भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है।

### वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे

भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है।



इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे। 22 जनवरी 1994 को जन्में भुवन बाम ने साल 2015 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। वो टीटू मामा, बबलू, बनछोड़दास, अदरक बाबा, मिस्टर होला, पापा मकीचू जैसे किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए थे। वो छोटे से कमरे में अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते थे। यूट्यूब में बढ़ती पॉपुलैरिटी के साथ ही उन्होंने साल 2016 में म्यूजिक वीडियो तेरी मेरी कहानी लॉन्च किया, जिसमें उन्होंने खुद आवाज दी थी। आगे उनके संग हूं तेरे, सफर, राहगुजर, बस में, अजनबी और हीर रांझा जैसे गाने बनाए। बढ़ती पॉपुलैरिटी के चलते भुवन को दिव्या दत्ता के साथ शॉर्ट फिल्म प्लस माइनस में कास्ट किया गया था, जिसके लिए उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।



# इंडस्ट्री को पता है कि मैं कहीं नहीं जाने वाला

**मुन्ना भाई एमबीबीएस, जॉली एलएलबी और गोलमाल जैसी फिल्मों में अपने हास्य किरदारों से पहचान बनाने वाले अरशद वारसी अब एक नई राह पर हैं। अपनी नयी फिल्म भागवत- चैप्टर वन राक्षस में वह एक ईमानदार पुलिस अफसर की भूमिका में दिखे।**




### भागवत चैप्टर वन पर बोले अरशद

इस फिल्म पर बात करते हुए अरशद वारसी साफ कहते हैं, 'मुझे थ्रिलर फिल्में बहुत पसंद हैं। यकीन मानिए, ये स्क्रिप्ट मुझे सच में बहुत पसंद आयी। आमतौर पर फिल्मों में एक अच्छा आदमी होता है और एक बुरा, फिर आखिर में वो बुरा पकड़ा जाता है और कहानी खत्म। लेकिन असल जिन्दगी में कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू होती है, जब केस चलता है, सबूत जुटाने पड़ते हैं और सच्चाई साबित करनी होती है। इस फिल्म में मुझे ये बात बहुत दिलचस्प लगी कि मेरा किरदार एक ऐसे अपराधी के पीछे है जो इतना चालाक है कि कोई सुराग नहीं छोड़ता। उसे पकड़ना लगभग नामुमकिन है। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह फिल्म वाकई कुछ अलग है।'

### सही कास्टिंग का असर

अरशद मानते हैं कि एक अच्छी फिल्म की आधी जीत उसकी कास्टिंग में होती है। वो कहते हैं, मेरे लिये अच्छी कास्टिंग आधा युद्ध जीतने के बराबर है। अगर सही अभिनेता को सही किरदार मिल जाये, तो फिल्म अपने आप बेहतर हो जाती है। इस फिल्म में जीतेंद्र (पंचायत फेम एक्टर) ने कमाल का काम किया है। इससे बेहतर कोई इसे नहीं निभा सकता था। सच कहूं तो मैं इस मौके के लिये बहुत आभारी हूं।

### कॉमेडियन की छवि और गंभीर किरदार

किरदार पर बात करते हुए अरशद ने कहा, 'कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं के साथ यह दिक्कत यह होती है कि जब वो गंभीर किरदार करते हैं, तो लोग उन्हें मजाक में लेते हैं। दर्शकों को गंभीर किरदारों में कॉमेडियन छवि वाला अभिनेता हजम नहीं होता। कई कलाकारों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन खुशकिस्मती से मैंने यह दीवार तोड़ दी। शुरुआत में मैं भी थोड़ा डरा हुआ था कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे या नहीं, पर शहर फिल्म के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। अब मैं किसी भी तरह के रोल को लेकर सहज हूं।'

### इंडस्ट्री और अनुभव की सच्चाई

अपने 27 साल के अनुभव पर अरशद बेबाकी से कहते हैं, इतने वर्षों में मैंने ये सीखा है कि आप कितना भी अच्छा काम कर लो, अगर फिल्म नहीं चलती तो कोई नहीं पूछता। लेकिन अगर फिल्म चल जाये, चाहे एक्टिंग औसत ही क्यों न हो, तो सब कुछ बदल जाता है। 'जॉली एलएलबी' की सफलता पर वो मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'काफी वर्षों से इस इंडस्ट्री में हूं तो अब इन चीजों का मुझ पर असर नहीं होता। अब सफलता-असफलता से खासा फर्क नहीं पड़ता। इंडस्ट्री को भी पता है कि मैं कहीं जाने वाला नहीं हूं। आज नहीं तो कल एक हिट दे ही दूंगा।'



# हमारे अच्छे कर्मों से खुश होते हैं भगवान

भगवान माला और माल से राजी नहीं होते, बल्कि हमारे कर्मों से प्रसन्न होते हैं। गीता निष्काम कर्मों के द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताती है। श्रेष्ठ कर्मों को ही सच्ची भक्ति समझो। इसीलिए अपने कर्मों को ही पूजा बना लो। जिस प्रकार कमल के पत्ते पानी में रहते हुए भी जल को अपने ऊपर नहीं आने देते। ऐसे ही निष्काम कर्मयोगी संसार में रहते हुए भी कर्मों के बंधन तथा मोह में आसक्त नहीं होते है। गीता संसार को कर्मशील व पुरुषार्थी होने का संदेश देती है। वह हमारे मन में स्वार्थ, लोभ, अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम व परोपकार के कर्मों की भावना जागृत करती है। वह श्रेष्ठ कर्म करते हुए इहलोक तथा परलोक दोनों के लिए उन्नति करने के लिए प्रेरणा देती है। हे मनुष्यों, वर्तमान जीवन और जगत को कर्मों की सुगंध से भरते चलो। कर्त्तव्य व दायित्व को ईमानदारी व कुशलता से निभाओ। गीता कह रही है- योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात जो भी कर्म करो, उसको पूर्णता, निपुणता, सुन्दरता और कुशलता से करो। जो इस तरह से जीवन को जीता है, गीता के अनुसार वह इस जीवन व जगत को सफल कर लेता है और उसका अगला जन्म भी सुधर जाता है।

तन के श्रृंगार में ही जो समय गंवा देते हैं वह इस नाशवान संसार में भटक कर रह जाते हैं लेकिन जो मन का श्रृंगार कर उसमें बैठे परमात्मा की आराधना करते है वह संसार की मलिनता से बच जाते हैं, वस्तुतः दुर्गुणों से ही जीवन में मलिनता आती है। इनसे बचने का एकमात्र उपाय वेद शास्त्र और पुराणों का मंथन करना तथा सज्जनों की संगति है। अतः हमें अपने कर्मों पर ध्यान देते हुए जीवन जीना चाहिए।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विध्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विध्न नहीं होता है।



# ऐसे पाइए रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति का आशीर्वाद...

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समम्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विध्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विध्न नहीं होता है।

भगवान गणपति के अनेक अवतार हुए हैं। उनके सभी चरित्र अनन्त हैं। पदम पुराण के अनुसार एक बार पार्वती जी ने अपने शरीर के मैल से एक पुरूषाकृति बनाई जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगा जल में डाल दिया। गंगा जल में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गई। पार्वती जी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा देव समुदाय ने उन्हें गंगये कहकर सम्मान दिया और ब्रहमाजी ने उन्हें गणों का अधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया।

लिंग पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्कर्म में विध्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने तथास्तु कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया। समय आने पर गणेश जी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशुल तथा दूसरे में पाश था। देवताओं ने सुमन वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बारम्बार प्रणाम किया। भगवान शिव जी ने गणेश जी को दैत्यों के कार्यों में विध्न उपस्थित करके देवताओं और ब्रह्माणों का उपकार करने का आदेश दिया।

प्रजापति विश्वकर्मा की सिद्धि बुद्धि नामक दो कन्याएं गणेश जी की पत्नियां हैं। सिद्धि से क्षेम और बुद्धि से लाभ नामक शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। शास्त्रों और पुराणों में सिंह मयूर और मूषक को गणेश जी का वाहन बताया गया है। गणेश पुराण के क्रिड़ा खण्ड में उल्लेख है कि कृतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है। वे दस भुजाओं वाले, तेज स्वरूप तथा सब को वर देने वाले हैं और उनका नाम विनायक है। त्रेता में उनका वाहन मयूर है, वर्ण श्वेत है तथा तीनों लोकों में वे मयूरेश्वर नाम से विख्यात हैं और छ भुजाओं वाले हैं। द्वापर में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं। कलयुग में उनका धूम्रवर्ण है। वे घोड़े पर आरूड़ रहते हैं। उनके दो हाथ हैं तथा उनका नाम धूम्रकेतू है। मोदक प्रिय गणेश जी विद्या बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता तथा थोड़ी उपासना से प्रसन्न हो जाते हैं। उनके जप का मंत्र ओम गं गणपतेय नमः है।



मनुष्य पांच तत्त्वों से बना है। इन तत्त्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्त्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

# पूजा पाठ के अंत में हवन करने का क्या कारण है?

सृष्टि के सभी तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु व आकाश के विभिन्न संयोजनों से बने हैं। जगत का ही एक अंश होने के कारण मनुष्य भी इन्हीं पांच तत्त्वों से बना है। इन तत्त्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्त्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

हमारे ऋषि अग्नि की इस विशेषता से भली भांति परिचित थे और इसीलिए हवन और दूसरे सभी वैदिक कर्मों में अग्नि का विशेष महत्त्व होता है। हवन मात्र एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक योगी के लिए उन दिव्य शक्तियों से वार्तालाप का माध्यम है जो इस सृष्टि को चलाती हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे तत्त्व शुद्ध नहीं हैं जिनसे मनुष्य बना है। जिस प्रकार इस संसार में पृथ्वी, जल, वायु व आकाश प्रदूषित हो जाते हैं, उसी प्रकार से मानव शरीर में भी इन तत्त्वों का प्रदूषित होना संभव है। यह प्रदूषण मनुष्य को पतन अथवा विकृति की ओर धकेलता है। मनुष्य में इन तत्त्वों के प्रदूषण का पता लगाना अति सरल है। पृथ्वी तत्त्व के दूषित होने से व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठित पद और भव्य जीवन शैली जैसी सुविधाएं पाने की इच्छाएं बेलगाम होने लगती हैं।

जब जल तत्त्व दूषित होता है तो अप्राकृतिक काम इच्छा जागृत होने लगती है। वैदिक शास्त्र अपनी स्वाभाविक इच्छाओं का दमन करने के लिए नहीं कहता। अग्नि तत्त्व को दूषित नहीं किया जा सकता। योग और सनातन क्रिया की साधना से साधक अग्नि तत्त्व के अनुकूल स्तर बनाए रख सकता है। वायु तत्त्व यह निश्चित करता है कि हृदय व फेफड़े ठीक से कार्य करें। इस तरह रक्त संचार प्रणाली और श्वास प्रणाली भी सही काम करती रहती है। अंत में दूषित आकाश तत्त्व के कारण थायरायड व पैराथायरायड ग्रंथियों के रोग और श्रवण शक्ति का क्षीण होना पाया जाता है। मात्र एक हवन में ही यह क्षमता होती है कि मनुष्य के सभी दोष समाप्त हो सकें।

# कैसे हनुमान जी आपका लॉकर सदा धन से भरा रखेंगे

जीवन की समस्त अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता होती है। कुछ लोग कम मेहनत करने पर भी अधिक धन संचित कर लेते हैं तो कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के उपरांत भी उनकी मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिल पाता। कई लोग ऐसे होते हैं जो कमाई तो अच्छी कर लेते हैं, लेकिन आगे के लिए कुछ बचा नहीं पाते। अगर धन का अगमान ठीक भी हो तो बढ़े हुए खर्च के कारण धन संबंधी परेशानी बनी रहती है। आप जब भी बैंक जाएं तो मन ही मन महालक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। ऐसा करने से बैंक में जमा पैसे पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी और उस पैसे में निरंतर बढ़ौतरी होती रहेगी।

ऊँ महालक्ष्म्यै नमः, ऊँ ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

निम्न पंक्तियों का प्रतिदिन जाप करने से हनुमान जी के साथ साथ यम, कुबेर एवं अन्य देवी-देवताओं की भी कृपा प्राप्त होगी। कुबेर देव की अनुकम्पा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा और सदा धन से भरा रहेगा।

जम कुबेर दिगपाल जहां ते। कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।

मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होने पर कुबेर जी अपना खजाना उनके भक्तों के लिए खोल देते हैं इसलिए मां लक्ष्मी के साथ साथ कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप घर में स्थापित करें। वास्तु शास्त्र के मतानुसार मां लक्ष्मी और कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप उत्तर दिशा की ओर स्थापित करें। इससे उत्तर दिशा सक्रिय होगी एवं धन आगमन में आने वाली समस्त बाधाओं का नाश होगा।



# इन महाविद्याओं से सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है

शिवपुराण के मतानुसार भगवान शिव शंकर के दस अवतारों में आदशक्ति मां दुर्गा समस्त अवतारों में उनके साथ अवतरित हुई थी। दस महाविद्यायों के नाम से जानी जानें वाली महामाया मां जगत् जननी दुर्गा के ये दस रूप तांत्रिकों एवं उपासकों की आराधना का अभिन्न अंग हैं। इन महाविद्याओं के माध्यम से उपासक को बहुत सी सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा एवं भगवान शिव शंकर के दस अवतार इस प्रकार हैं-

- भगवान शिव शंकर के महाकाल अवतार के समय देवी महाकाली के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के तारकेश्वर अवतार के समय देवी तारा के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भुवनेश अवतार के समय देवी भुवनेश्वरी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के षोडश अवतार के समय देवी षोडशी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भैरव अवतार के समय देवी जगदम्बा भैरवी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के छिन्नमस्तक अवतार के समय देवी छिन्नमस्ता के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के ध्रूमवान अवतार के समय धूमावती के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के बगलामुखी अवतार के समय देवी जगदम्बा बगलामुखी रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के मातंग अवतार के समय देवी मातंगी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के कमल अवतार के समय कमला के रूप में देवी उनके साथ अवतरित हुई।

